रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05 REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 51] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 17—दिसम्बर 23, 2011 (अग्रहायण 26, 1933)

No. 51] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 17—DECEMBER 23, 2011 (AGRAHAYANA 26, 1933)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ सं.
भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं.	1461
भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	1233
भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	15
भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	2263
भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम.	*
भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ.	*
भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल है).	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं).	*
भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश.	*
भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	3987
भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	*
भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	*
भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं.	6057
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस.	999
भाग V—अंग्रेज़ी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक.	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	Page No.
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1461
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1233
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	15
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	2263
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language, of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the -Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	3987
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	*
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	6057
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	999
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I — खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 30 नवम्बर 2011

सं. 135-प्रेज/2011--भारत के राजपत्र के भाग-I, भाग-1 में दिनांक 11 अक्तूबर, 2008 को प्रकाशित इस सचिवालय की सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से संबंधित दिनांक 15 अगस्त, 2008 की अधिसूचना संख्या 92-प्रेज/2008 में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :--

अधिसूचना का पृष्ठ संख्या 61

के स्थान पर :

श्री सतबीर सिंह
निरीक्षक
डी एम डब्ल्यू/पटना
रेल मंत्रालय

पढ़ा जाए :

श्री सतबीर सिंह
निरीक्षक
डी एम डब्ल्यू/पटियाला
रेल मंत्रालय

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 136-प्रेज/2011--राष्ट्रपति, आंध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं :--

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

1. जी. राममोहन राव,
उप-निदेशक

2. के. सुधाकर चारी
हैड कांस्टेबल

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

आंध्र प्रदेश पुलिस, एस आई बी के श्री जी. राममोहन राव, प्रभारी उप-निरीक्षक और श्री के. सुधाकर चारी हैड कांस्टेबल को विश्वस्त सूचना मिली कि सोलीपेटा कोंडल रेड्डी उर्फ टेच रामन, सी पी आई (माओवादी) का राज्य समिति सदस्य प्लाटून के साथ तडवई पुलिस सीमा में बंडाला के जंगल में घूम रहा है। इस पर उन्होंने एक अभियान की योजना बनाई और दिनांक 11.03.2010 को जिला पुलिस पार्टी सहित तडवई से रवाना हुए और दिनांक 12.03.2010 को पूर्वाह्न 03.00 बजे डब्बाथोगुवागू जा पहुंचे जी. राममोहन राव और के. सुधाकर चारी विशेष पार्टी का सावधानीपूर्वक नेतृत्व करते हुए "डुरगांगुट्टा" पहाड़ी की चोटी पर पहुंच गए और पहाड़ी की चोटी के कोने में कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखीं। जब श्री जी. राममोहन राव ने एक माओवादी संत्री को देखा, तब स्थानीय उप-निरीक्षक ने अपनी पहचान बता दी और उन्हें आत्म समर्पण करने की चेतावनी दी। चेतावनी की कोई परवाह न करते हुए, माओवादी संत्री और उनके कैडरों ने पुलिस को मारने के इरादे से गोलीबारी करना शुरू कर दिया। पुलिस पार्टी ने गोलाबारी से बचने के लिए पेड़ों और पत्थरों की आड़ ले ली।

उस समय, श्री जी. राममोहन राव, कार्यालय प्रभारी उप-निरीक्षक और के. सुधाकर चारी, हैड कांस्टेबल ने सशस्त्र काडरों से घिरे एक माओवादी को एके-47 राइफल से गोलियां चलाते देखा। श्री जी. राममोहन राव ने उसकी पहचान टेच रामन के रूप में की। दोनों ही पुलिस पार्टियों ने अपनी सुरक्षा और जान की परवाह किए बिना अपनी आड़ (कवर) से बाहर निकलकर माओवादियों पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया जो उन पर गोलियां बरसा रहे थे और भारी हमला कर रहे थे। पुलिस की यह कार्यवाई पूरी तरह जान की बाजी थी। श्री जी. राममोहन राव माओवादियों द्वारा चलाई जा रही गोलियों से बाल-बाल बचे। दो गोलियां श्री के. सुधाकर चारी, हैड कांस्टेबल की गरदन को लगभग छूती हुई निकल गई। यह गोलाबारी कुछ समय तक चलती रही।

मुठभेड़ के बाद सोलीपेटा कोंडल रेड्डी उर्फ टेच रामन, राज्य समिति सदस्य, सी पी आई (माओवादी) मृत पाया गया। इस गोलीबारी में मुठभेड़ स्थल से पुलिस पार्टी ने 01 एके-47 राइफल, एके-47 राइफल की 01 मैगजीन, 02 किट बैंग आदि बरामद किए। दिनांक 12.03.2010 को हुई इस गोलाबारी के बाद पुलिस पार्टी ने मृतक के किट बैगों की तलाशी ली जिसमें उसे डोर नं. 4-1, पाडीपरू गांव, टानुकू मंडल, पश्चिमी गोदावरी जिले का पता मिला। इस सुराग के आधार पर भूपलापल्ली के पुलिस निरीक्षक और वारंगल जिले के स्टाफ कर्मियों सहित जी. राममोहन राव और के. सुधाकर चारी उक्त गांव पहुंच गए और तलाशी करवाई जिसमें 1000 ग्रेनेड तथा 6 रॉकेट लॉन्चर/मोर्टर बनाने के लिए रखे गए कलपुरजे बरामद किए। यह मामला तडवई पुलिस स्टेशन की क्रिमिनल संख्या 27/2010 से संबंधित है।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री जी. राममोहन राव, उप निरीक्षक और के. सुधाकर चारी, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 12.03.2010 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 137-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री लूमेट तुरुंग (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 04.01.2010 को लगभग 9.30 बजे एस टी एफ के 08 (आठ) कार्मिकों अर्थात् (1) कांस्टेबल सुनील नाथ, (2) कांस्टेबल अंजन सेन, (3) कांस्टेबल अशित रॉय, (4) कांस्टेबल राज कुमार मिली, (5) कांस्टेबल रीनूमोनी बोराह, (6) कांस्टेबल लूमेट तुरुंग, (7) कांस्टेबल रान्टू खांगिया, (8) कांस्टेबल विश्वजीत कोंवर और उप निरीक्षक (यू बी) मोहेश्वर बे, ओ/सी माहुर पुलिस स्टेशन के नेतृत्व में माहुर पुलिस स्टेशन के सहायक उप निरीक्षक खिटीश बोराह से गठित एक पुलिस पार्टी रजिस्ट्रेशन नं. ए एस-30-2277 (जिप्सी) और ए एस/01/बीई- 4218 (407 ट्रक) वाले दो वाहनों में ड्यूटी के लिए लाइसुंग क्षेत्र में गई थी। ड्यूटी पूरी करने के बाद पुलिस पार्टी लाइसुंग से माहुर पुलिस स्टेशन चली गई। रजिस्ट्रेशन नं. ए एस-30/2277 (जिप्सी) वाले पहले वाहन में बैठे माहुर पुलिस स्टेशन के ओ/सी और एस टी एफ के चार कार्मिक और रजिस्ट्रेशन नं. ए एस-01 बी ई-4218 (407 ट्रक) वाले दूसरे वाहन में एसटीएफ के चार कार्मिकों सहित बैठे सहायक उप-निरीक्षक खिटीश बोराह रक्षक दल वाहन से वापस आ रहे थे। अपराह्न लगभग 1.30 बजे जब पुलिस पार्टी सड़क के तीर्व घुमाव पर माहुर पुलिस स्टेशन के पूर्व दिशा में लगभग 17 किलोमीटर की दूरी पर माहुर लाइसुंग पी डब्ल्यू रोड पर पुराना लेइकुल और हिंदू इम्पोई बस्ती के बीच एक स्थान पर पहुँची, तब संदिग्ध सशस्त्र एन एस सी एन उग्रवादियों के एक दल ने पुलिस कार्मिकों को मारने और उनके हथियार तथा गोलाबारुद लूटने के प्रयोजन से जंगल के बीच एक सुरक्षित स्थान से पुलिस वाहन पर भारी गोलीबारी शुरु कर दी। सजग पुलिस कार्मिकों ने अपने हथियारों से इस गोलीबारी का तत्काल जवाब दिया। यह मुठभेड़ कुछ समय तक चली लेकिन पुलिस पार्टी की अत्यंत प्रतिकूल परिस्थितियों का लाभ उठाते हुए उग्रवादी बचकर भाग निकले।

कांस्टेबल लूमेट तूरुंग ने स्थिति का तत्काल सामना किया और उत्कृष्ट साहस का प्रदर्शन करते हुए पुलिस पार्टी और हथियार/गोलाबारुद इत्यादि की रक्षा करने के लिए अपनी इंसास राइफल से तुरंत 56 राउंड दाग दिए। कांस्टेबल लूमेट तुहरुंग के इस प्रेरणास्पद और असाधारण साहसिक कार्य के फलस्वरुप पुलिस कार्मिकों का जीवन बचाया जा सका और हथियार/गोलाबारुद इत्यादि की लूट भी नहीं हुई। उग्रवादी अपनी प्रभावपूर्ण स्थिति के बावजूद पुलिस बल का सामना नहीं कर सके और भाग निकले। कांस्टेबल लूमेट तूरुंग आखिर सांस तक लड़े और

घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। मुठभेड़ के दौरान अभियान स्थल से एके श्रृंखला गोलाबारुद के चार खाली खोखे बरामद किए गए।

उपर्युक्त घटना के संबंध में उप-निरीक्षक (यूबी) मोहेश्वर बे. ओ/सी माहुर पुलिस स्टेशन द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर शस्त्र अधिनियम की धारा 27 और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित भारतीय दंड संहिता की धारा 120(ख)/121(क)/122/302/353/307 के तहत मामला संख्या 01/2010 माहुर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था।

इस मुठभेड़ में स्वर्गीय श्री लूमेट तुरुंग, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 04.01.2010 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 138-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01. संजीव कुमार
उप निरीक्षक

02. नगेन्द्र राम
हेड कांस्टेबल

<u>सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

16 नवम्बर, 2008 को रसूलपुर गाँव, पुलिस स्टेशन शिकारगंज के क्षेत्र में नक्सलियों ने एक बार फिर निर्दोष ग्रामवासियों को अपना निशाना बनाया। जिले में नक्सली गतिविधियाँ बढ़ रही थीं और उन्होंने एक परिवार के चार सदस्यों को मारकर और पीड़ित का मकान लूटकर एक बार फिर हमला कर दिया। ग्रामवासियों मे आतंक फैलाने के उद्देश्य से नक्सलियों ने मृतक के एक ट्रक और मोटर साइकिल को तहस नहस कर दिया और विस्फोटक रखकर पूरे घर को

जलाकर तबाह कर दिया। नक्सलियों की घृणित गतिविधियों की सूचना प्राप्त होने पर संबंधित प्राधिकारियों ने जिले को सील कर दिया ताकि नक्सली उस क्षेत्र से बाहर न जा सकें और सभी अधिकारियों को हाई अलर्ट कर दिया गया। इसके कारण नक्सली अपने लूट के सामान के साथ मधुबनी घाट में मथिया मलाही टोला गाँव में शरण लेने को मजबूर हो गए। 50 से अधिक संख्या में एम सी सी उग्रवादियों की उपस्थिति की गतिविधि से संबंधित सूचना मुफस्सिल पुलिस स्टेशन, मोतिहारी में प्राप्त हुई। तुरंत कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक संजीव कुमार (एस एच ओ मुफस्सिल पुलिस स्टेशन) मोतिहारी, सी आर पी एफ के एक सेक्शन के साथ प्राप्त सूचना की सत्यता की जाँच के लिए और उचित कार्रवाई करने के उद्देश्य से मधुबनी घाट के मथिया मलाही टोला गाँव की ओर रवाना हो गए। मधुबनी घाट के मथिया मालाही टोला गाँव पहुँचने पर पुलिस टीम को नक्सलियों के भारी आक्रमण का सामना करना पड़ा। दोनों पार्टियों के बीच भारी गोलीबारी हुई। इस विकट परिस्थितियों में उप निरीक्षक संजीव कुमार ने अपूर्व धैर्य और बहादुरी के साथ आक्रमण का साहस और सूझबूझ से सामना करने के लिए अपनी टीम का आगे से नेतृत्व किया। उन्होंने मोतिहारी के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक एन एच खान से अतिरिक्त बल के लिए अनुरोध किया। अपनी जान के जोखिम का सामना करते हुए उपनिरीक्षक संजीव कुमार ने अपने कार्मिकों सहित कांस्टेबल नगेन्द्र राम की सहायता से अपराधियों का मुकाबला करते समय ड्यूटी के प्रति सर्वोच्च समर्पण, युद्ध कौशल और अदम्य साहस का प्रदर्शन किया। स्थिति तनावपूर्ण थी किन्तु पुलिसकर्मी घबराए नहीं और अन्त तक बहादुरी और साहस से लड़ाई करते हुए नक्सलियों का हौसला पस्त कर दिया। दोनों पार्टियों के बीच चली गोलीबारी में दो नक्सली घटनास्थल पर ही मारे गए। तथापि, स्थल पर विभिन्न स्थानों पर पाए गए खून की मात्रा से यह अनुमान लगाया गया कि दो से अधिक नक्सलियों को गोली लगी होगी लेकिन अंधेरे का फायदा उठाते हुए नक्सल पार्टी ने घायल और मृतकों को हटा लिया होगा। बहादुर अधिकारियों ने नक्सली पार्टी को भारी जनहानि पहुँचाई। पुलिस पार्टी ने बड़ी मात्रा में निम्नलिखित लूटी हुई बहुमूल्य वस्तुएँ, हथियार और गोलाबारुद जब्त किए:

(i) एक पुलिस राइफल .303 4 मार्क 1 आर्सल नं0 50 एल 0345

(ii) .303 के 36 जिन्दा कारतूस

(iii) एके 47 के चले हुए 19 ब्लैंक कारतूस

(iv) एस एल आर के चले हुए 30 कारतूस (v) .303 के चले हुए 101 कारतूस (vi) केनवुड हैंड वायरलेस सेट (vii) मोटोरोला वॉकी-टॉकी सेट (viii) काष्ठ (टिम्बर) के दो टुकड़े (ix) फज वायर के साथ डेटोनेटर (x) बिंडोलिया (xi) टाइम बम में इस्तेमाल होने वाला इलेक्ट्रिक बेड स्विच (xii) ग्रीन आर्मी ड्रेस (xiii) दो रेडियो (xiv) पुलिस स्टेशन शिकारगंज के रसूलपुर गाँव से लूटे गए सभी सामान (xv) बड़ी मात्रा में नक्सली साहित्य और उग्रवादियों के नाम एवं उनके हथियार से जुड़े दस्तावेज तथा अन्य संबद्ध बहुमूल्य दस्तावेज।

इस मुठभेड़ में सर्व श्री संजीव कुमार, उप निरीक्षक और नगेन्द्र राम, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 17.11.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 139-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01.	विवेकानंद एसडीपीओ	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
02.	रमाकांत प्रसाद निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
03.	निखिल कुमार उप निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
04.	दीपक कुमार सिंह कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
05.	रणधीर कुमार सिंह कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

<u>सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 31.01.2007 को अपराह्न लगभग 11.30 बजे एक गुप्त सूचना प्राप्त होने पर कि दो अपहृत व्यक्तियों अर्थात् व्यापारी विश्वनाथ गर्ग और उनके ड्राइवर दीपक राय को कंकरबाग पुलिस स्टेशन के अंतर्गत अशोक नगर में डा चन्द्र भूषण मिश्रा के मकान में गुप्त रूप से रख रखा है, पुलिस निरीक्षक रमाकांत प्रसाद ने तुरंत कार्रवाई करते हुए यह सूचना श्री विवेकानंद एस डी पी ओ सदर, पटना को दी जो कार्रवाई करने के लिए तैयार हो गए। उपलब्ध बल से तत्काल एक छापा करने वाली (रेडिंग) पार्टी तैयार की गई। पत्रकार नगर और कदमकुआँ पुलिस स्टेशन के एस एच ओ को भी सहायता के लिए आगे आने का निदेश दे दिया गया। पटना में शिविर में रह रहे जमशेदपुर के पुलिस कार्मिकों को भी इसके बारे में सूचना दे दी गई। श्री विवेकानंद एस डी पी ओ और निरीक्षक रमाकांत प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस पार्टी लक्ष्य स्थान की और बढ़ गई। पुलिस पार्टी रात में 00.30 बजे अशोक नगर पहुँच गई और प्रश्नगत

मकान की पहचान कर ली। इसी बीच निरीक्षक कदमकुआँ और पत्रकार नगर पुलिस स्टेशन के उप निरीक्षक भी वहाँ पहुंच गए। एस डी पी ओ ने सभी सुरक्षा उपायों को अपनाने के बाद रेड डालने के लिए अत्यंत सतर्क और यथातथ्य योजना की रूपरेखा तैयार की। प्रश्नगत मकान को घेर लिया गया। निरीक्षक रमाकांत प्रसाद ने अपनी पहचान बताते हुए दरवाजा खटखटाया और मकान में छिपे लोगों से दरवाजा खोलने के लिए कहा। इस पर, ऊपर सीढ़ियों से भगदड़ की आवाज सुनाई दी और छत पर ऊपर से गोलियां चलने की आवाजें भी सुनाई दीं। बार-बार चेतावनी दी गई। इसके बावजूद हर चेतावनी का जवाब नई गोलीबारी से दिया गया। बाद में धकेलकर दरवाजा खोला गया। निरीक्षक अजय कुमार सिंह के साथ उप निरीक्षक निखिल कुमार और 03 कांस्टेबल मकान के अंदर घुस गए जहाँ हताहत होने की संभावना होते हुए भी उन्होंने अपनी जान को भारी जोखिम में डाल दिया। पुलिस पार्टी ने धैर्य नहीं खोया और विकट परिस्थिति में आत्मोत्सर्ग की भावना दर्शाते हुए और चुनौती का सामना करते हुए अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया। मकान में घुसने पर 2 व्यक्ति कमरे में पाए गए। उनके हाथ और पाँव बँधे हुए थे। उन्होंने अपना नाम बिश्वनाथ गर्ग और दीपक राय बताया जिनका झारखण्ड राज्य से फिरौती के लिए अपहरण किया गया था। उन्होंने आगे बताया कि जो अपहरणकर्ता उनकी रखवाली कर रहे थे, वे हथियारों के साथ मकान की छत पर चढ़ गए हैं। दोनों अपहृत व्यक्तियों को सुरक्षित और बिना कोई चोट लगे बचा लिया गया। इसी बीच जमशेदपुर के पुलिस कार्मिक आ गए और उन्हें अपहृत व्यक्तियों का ध्यान रखने का निदेश दिया गया। अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार करने के लिए उप निरीक्षक निखिल कुमार और 2 अन्य कांस्टेबलों सहित श्री विवेकानंद, एस डी पी ओ और श्री रमाकांत प्रसाद, निरीक्षक ने मकान की छत पर जाने का प्रयास किया, किन्तु जैसे ही उन्होंने सीढ़ियों पर कदम रखा उनके पास से एक गोली सनसनाती निकल गई और किस्मत से एस डी पी ओ सुरक्षित बच गए। तथापि, वे छत पर चढ़ने में सफल हुए और उन्होंने 2 अपहरणकर्ताओं को दूसरी छत पर बाईं ओर कूदते हुए और 3 अन्यों को दूसरी छत पर दाईं ओर भागते हुए देखा। गैंगस्टरों ने दुबारा गोलीबारी शुरू कर दी। आत्मरक्षा का कोई उपाय न देखते हुए अपने आपको विकट परिस्थिति में पाकर पुलिस पार्टी के जीवन की रक्षा और हथियारों की सुरक्षा के लिए पुलिस पार्टी ने जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी। भूतल पर आते समय निरीक्षक प्रसाद और अन्य अधिकारी साक्षात मौत से बाल-बाल बचे जब एक गैंगस्टर ने दो संकरी दीवारों के बीच से उन पर गोलियाँ चलाना शुरू कर दिया। निरीक्षक प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस पार्टी ने गोलियाँ चलाना शुरू कर दिया जिससे एक गैंगस्टर के गोली लगी और वह नीचे पानी के तालाब में गिर गया। निरीक्षक प्रसाद ने सुरक्षा के सभी उपाय करते हुए 2 गैंगस्टरों को पकड़ लिया और एस डी पी ओ और कांस्टेबल दीपक कुमार सिंह ने भी प्रथम तल से 2 गैंगस्टरों को गिरफ्तार कर लिया। बाद में यह निश्चित हो गया कि पानी के तालाब में गिरने वाला गैंगस्टर मारा गया है और उसका नाम बबुआ जायसवाल है।

गिरफ्तार गैंगस्टरों और मृत गैंगस्टर की पहचान बाद में वैशाली के बीरेन्द्र पासवान, 2. वैशाली के राजीव राजन शाह, 3. वैशाली के बीरेन्द्र सिंह, 4. जमुई के जफर अली और शव की पहचान बर्दवान (पश्चिम बंगाल) के बबुआ जायसवाल के रूप में हुई।

गैंग ने भोलोटिया उद्योग समूह, जमशेदपुर के मालिक श्री भोलोटिया से पचास लाख रूपये, हाजीपुर के रमेश चौरसिया से पचास लाख रूपये, हाजीपुर के राजू मियाँ वशरवाला से दस लाख रूपये फिरौती के रूप में लिए थे। चंद नाम हैं जिनसे इस गैंग ने फिरौती ली थी। नवीनतम मामले में जमशेदपुर (झारखण्ड) के दूसरे उद्योगपति बिश्वनाथ गर्ग और उनका ड्राइवर शामिल था। इसमें संदेह नहीं कि उनका आतंक सम्पूर्ण बिहार से झारखण्ड तक फैला हुआ था।

इस भयानक मुठभेड़ में गैंगस्टरों ने लगभग 1520 राउंड गोलियाँ चलाईं जबकि रेड डालने वाली पार्टी ने अपने स्वयं के हथियारों से कुल 7 राउंड गोलियाँ चलाईं। इनमें से एस डी पी ओ विवेकानंद और एस एच ओ रमाकांत प्रसाद प्रत्येक ने 2 राउंड गोलियाँ चलाईं जबकि उप निरीक्षक निखिल कुमार ने 1 राउंड गोली चलाई और कांस्टेबल रणधीर कुमार ने निदेशानुसार 2 राउंड गोलियाँ चलाईं। पुलिस पार्टी ने एस डी पी ओ विवेकानंद के सक्रिय नेतृत्व में न केवल गोलीबारी के बीच गंभीर परिस्थिति को संभाला बल्कि 2 अपहृत व्यक्तियों को सुरक्षित बचाने में भी सफलता प्राप्त की और 4 मोबाइल और एक मोटर साइकिल सहित एक कार्बाइन, एक रिवॉल्वर, दो देशी पिस्तौल और कारतूस के साथ-साथ हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद करने में भी सफलता प्राप्त की।

उपर्युक्त घटना स्पष्ट रुप से यह दर्शाती है कि अपनी जान जोखिम में डालकर और विकट परिस्थितियों में उन्होंने नेतृत्व के उच्च स्तरीय गुणों का प्रदर्शन करते हुए, अपूर्व शौर्य और ड्यूटी के लिए "करो या मरो" की भावना दर्शाते हुए इस अवसर पर अपेक्षित सामान्य पुलिस ड्यूटी से कहीं अधिक कर्तव्य निष्ठा प्रदर्शित की।

इस मुठभेड़ में सर्व श्री विवेकानंद, एस डी पी ओ रमाकांत प्रसाद, निरीक्षक, निखिल कुमार , उप निरीक्षक, दीपक कुमार सिंह, कांस्टेबल और रणधीर कुमार सिंह कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 30.07.2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 140-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री सुक्कू राम नूरेती
सहायक उप निरीक्षक

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 29/01/2010 को पुलिस अधीक्षक नारायणपुर श्री राहुल भगत को सूचना प्राप्त हुई कि नक्सलवादी रेमावंड और नयनार के जंगल के बीच ग्रामवासियों की एक सार्वजनिक बैठक कर रहे हैं। जानकारी प्राप्त होने पर तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्होंने एक अभियान की योजना बनाई और इसे नेलवाड कैम्प से उनके नेतृत्व में शुरु किया गया। जैसे ही पुलिस पार्टी अभियान-क्षेत्र के निकट पहुँची, इसे दो भागों में विभक्त कर दिया गया। एक पार्टी का नेतृत्व श्री राहुल भगत स्वयं कर रहे थे और दूसरी पार्टी का नेतृत्व कम्पनी कमांडर लव कुमार भगत कर रहे थे। श्री राहुल भगत ने अपनी पार्टी के साथ आक्रमण करने का निर्णय किया और दूसरी पार्टी को क्षेत्र की घेराबंदी करनी थी। पहली पार्टी जैसे ही अभियान-क्षेत्र की ओर गई, नक्सली संत्रियों ने पुलिस पार्टी की गतिविधि को भाँच लिया और स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस पार्टी ने भी आत्मरक्षा में गोलीबारी शुरू कर दी। नक्सली प्रभुत्वशाली स्थिति में थे और पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलियाँ चला रहे थे, इसलिए पूरी पुलिस पार्टी का जीवन खतरे में था। ऐसी संकटपूर्ण स्थिति में श्री राहुल भगत ने सहायक उप निरीक्षक सुक्कू राम नूरेती के साथ, अपनी जान की परवाह किए बिना और अपने जीवन को गंभीर खतरे में डालते हुए रणनीतिपूर्वक नक्सलियों की ओर पहाड़ी के ऊपर बढ़ना शुरू किया और शेष पार्टी को दूसरी ओर से गोलियाँ चलाने का निदेश दिया। नक्सलियों के करीब पहुँचने के बाद श्री राहुल भगत और सहायक उप निरीक्षक श्री सुक्कू राम नूरेती ने अपनी स्वचालित राइफलों से तेजी से गोलीबारी की। उन्होंने साहस दर्शाया और श्री भगत गोलियों की भारी बौछार से 3-4 नक्सलियों को मारने में सफल हुए, जो तुरंत नीचे गिर गए। श्री राहुल भगत और सहायक उप निरीक्षक श्री सुक्कू राम नूरेती की तुरंत और निर्भीक जवाबी कार्रवाई के कारण नक्सलियों में घबराहट एवं भय उत्पन्न हो गया और उन्होंने भागना शुरु कर दिया। पुलिस पार्टी ने भी उनका पीछा किया और इसी बीच श्री नूरेती ने गोली भी चलाई और एक अन्य नक्सली को भी मार दिया। भागते समय नक्सली कुछ शवों/घायल व्यक्तियों को घसीट कर ले गए जिसकी पुष्टि घटनास्थल पर पाए गए खून के निशान और घसीटे जाने के निशानों से हुई। गोलीबारी बन्द होने के बाद, पुलिस पार्टी ने उस क्षेत्र की तलाशी की और 20 किलोग्राम के दो आई ई डी बरामद किए जिनको सहायक उप निरीक्षक श्री सुक्कू राम नूरेती ने घटनास्थल पर ही निष्क्रिय कर दिया। पुलिस पार्टी ने 7 जिंदा

कारतूसों सहित एक 315 बोर की देशी पिस्तौल, एक लोडेड एम एल बंदूक, दस-दस किलोग्राम के दो आई ई डी, दो बंडल तार, दो डेटोनेटर और दो हथगोले, पाँच जिंदा कारतूस और ए के 47 की 28 खाली गोलियाँ, तीन जिंदा कारतूस और एस एल आर की पंद्रह खाली गोलियाँ, एक फ्लैग गन, नक्सली साहित्य इत्यादि सहित एक पहचाने न जा सके नक्सली का शव भी बरामद किया।

इस मुठभेड़ में श्री सुक्कू राम नूरेती, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 29.01.2010 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 141-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री ताहिर सलीम खाँ
उप पुलिस अधीक्षक

<u>सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

24 मार्च, 2009 को हंडवारा के उप पुलिस अधीक्षक श्री ताहिर सलीम खाँ को मोहम्मद यूनिस खाँ पुत्र अब्दुल रहमान खाँ निवासी शालडोरी विलगाम के आवासीय मकान में एल टी गुट के पाक निवासी कोड नाम असगर रहमान नामक एक खतरनाक आतंकवादी की उपस्थिति के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। पुलिस हंडवारा ने 01 पी ए आर ए और 06 आर आर की सहायता से अभियान की शुरूआत की। उप पुलिस अधीक्षक ने एक पुलिस टीम तत्काल तैयार की और अपने पर्यवेक्षण के अधीन इसे तीन अलग-अलग समूहों में बाँट दिया। वे एक छोटी पुलिस पार्टी के साथ लक्ष्य मकान की ओर बढ़े जहाँ आतंकवादियों ने परिवार के 9 सदस्यों को बंधक बना रखा था। जैसे ही उन्होंने और उनकी टीम ने परिवार के सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकालना शुरू किया, तभी आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी लेकिन पुलिस पार्टी परिवार के सदस्यों को लक्ष्य मकान से सुरक्षित बाहर निकालने में सफल हो गई। इसके बाद, आतंकवादी को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया लेकिन उसने इनकार कर दिया और पुलिस पर अंधाधुंध गोलियाँ चला दीं। उप पुलिस अधीक्षक और उनकी पार्टी आतंकवादी के अचानक इस हमले से अपने आप को बचाने में सफल हुई और हमले का जवाब दिया। चूँकि आतंकवादी के

पास भारी मात्रा में गोलाबारूद उपलब्ध था, इसलिए यह मुठभेड़ घण्टों तक चली। उप पुलिस अधीक्षक ताहिर सलीम खाँ स्वयं वालंटियर बनते हुए और जवाबी गोलीबारी करते हुए बड़े साहस से मकान की ओर बढ़े और मकान के अंदर पहुँचने में कामयाब हो गए जहाँ उन्होंने उस आतंकवादी पर भारी हमला बोल दिया जिससे आतंकवादी के हौसले पस्त हो गए और वह घटनास्थल पर ही मारा गया।

उक्त आतंकवादी बहुत लंबे समय से राजवार और रामहल क्षेत्र में सक्रिय था और उसने उस क्षेत्र के लोगों और अग्रणी राजनीतिक कार्यकर्ताओं में आतंक फैला रखा था। लोगों ने सामान्य रूप से हंडवारा पुलिस और विशेष रूप से उप पुलिस अधीक्षक की भूमिका की प्रशंसा की।

मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित हथियार और गोलाबारूद बरामद किए गए:-

1.	राइफल ए के 47-	01
2.	ए के मैगजीन	04
3.	ए के राउंड	20
4.	पाउच	01

इस मुठभेड़ में श्री ताहिर सलीम खाँ, उप पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 24.03.2009 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 142-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01. मोहम्मद अनवर-उल-हक
    उप पुलिस अधीक्षक
02. निसार अहमद
    फालोवार

<u>सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 26.10.2009 को शालीदर नासेरपोरा गाँव के खुले झाड़ीदार क्षेत्र में छिपने के एक स्थान में डिवीजनल कमांडर सहित एच एम संगठन के 03 खतरनाक आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में पुलवामा पुलिस को विशेष सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना की प्राप्ति पर, श्री अनवर-उल-हक, उप पुलिस अधीक्षक (अभियान) पुलवामा और प्रथम पैरा की एक पार्टी के साथ श्री मोहम्मद असलम, ए एस पी (अभियान) पुलवामा के नेतृत्व में एक टीम उक्त गाँव की ओर तत्काल रवाना हो गई और छिपने के लक्ष्य स्थान को घेर लिया। छिपने के स्थान में उपस्थित आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने की चुनौती दी गई किन्तु उन्होंने अभियान पार्टी पर अंधाधुंध गोलियाँ चलाना शुरू कर दिया और इसके बाद हथगोले भी फेंकने लगे। घटनास्थल से आतंकवादियों को बचकर भाग निकलने से रोकने के लिए दो पुलिस पार्टियाँ, एक ए एस पी (अभियान) पुलवामा श्री मोहम्मद असलम की कमान के अधीन, और दूसरी उप पुलिस अधीक्षक (अभियान) पुलवामा, श्री मोहम्मद अनवर-उल-हक की कमान के अधीन गठित की गई। इसी बीच, 44 आर आर की निकटवर्ती सेना यूनिट भी घटनास्थल पर पहुँच गई और अभियान में शामिल हो गई। जब मुठभेड़ चल रही थी, तब एक अवरूद्ध आतंकवादी, जिसकी पहचान बाद में अब्बास भट उर्फ सकिब-उल-इस्लाम, डिवीजनल कमांडर, एच एम के रूप में हुई, को छिपने के स्थान के निकट देखा गया जो घेराबंदी तोड़ने के प्रयास में झाड़ियों की आड़ में रेंग कर आगे बढ़ रहा था। कांस्टेबल मुश्ताक अहमद के साथ श्री अनवर-उल-हक, उप पुलिस अधीक्षक (अभियान) पुलवामा ने पास से ही आतंकवादी पर तत्काल गोली चला दी जिसके परिणामस्वरूप वह मारा गया। अन्य दो आतंकवादियों, जो झाड़ियों की आड़ लेकर बचकर भागने का प्रयास कर रहे थे, को भी कांस्टेबल मुश्ताक अहमद और फालोवर निसार अहमद की सहायता से श्री मोहम्मद असलम, ए एस पी (अभियान) पुलवामा के नेतृत्व वाली एक अन्य टीम द्वारा मार गिराया गया। घटनास्थल से हथियार और गोलाबारूद भी बरामद किए गए। इस संबंध में पुलिस स्टेशन शोपियान में एक मामला एफ आई आर नं. 366/09 दर्ज है। बाद में, मारे गए आतंकवादियों की पहचान निम्न रूप में हुई:-

(i) अब्बास भट उर्फ साकिब-उल-इस्लाम (डिवीजनल कमांडर, एच एम) "क" श्रेणी पुत्र नाजिर भट निवासी शोरन गंडू, जिला डोडा।

(ii) रियाज पसवाल उर्फ शाहबाज (बटालियन कमांडर एच एम) "क" श्रेणी पुत्र गंगा पसवाल निवासी शालीडार, शोपियान।

(iii) इश्फाक भट्ट उर्फ अदनान पुत्र अली मोहम्मद भट निवासी अखल राजपोरा, पुलवामा।

उपर्युक्त तीन आतंकवादियों, विशेषकर साकिब-उल-इस्लाम डिवीजनल कमांडर (घाटी में एच एम की स्थापना के लिए जिम्मेदार व्यक्ति) का मारा जाना एच एम गुट को भारी झटका है क्योंकि यह खतरनाक आतंकवादी कई हत्याओं, फिदायीन/ हथगोले फेंकने/ जबरन धन वसूली/ नागरिकों

पर अत्याचार/हथियार छीनने/नई भर्ती/दुष्प्रेरण इत्यादि में लिप्त था। मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित हथियार/गोलाबारूद और अन्य वस्तुएं बरामद की गईं:-

i)	ए के-56 राइफल	-01
ii)	ए के-47 राइफल	-01
iii)	ए के 74 राइफल	-01
iv)	पाउच	-03
v)	ए के मैगजीन	-14
vi)	ए के गोलाबारूद	-326 राउंड
vii)	चीनी पिस्तौल	-01
viii)	पिस्तौल मैगजीन	-01
ix)	पिस्तौल की गोली	-02
x)	रेडियो सेट (ए एल आई एन सी ओ)	-01
xi)	एफ एम ट्रांजिस्टर	-01
xii)	मोबाइल फोन	-01
xiii)	मोबाइल सिम	-04
xiv)	सैटेलाइट फोन	-01
xv)	मोबाइल चार्जर	-01
xvi)	भारतीय मुद्रा	-14800/- रूपये

इस मुठभेड़ में सर्वश्री मोहम्मद अनवर-उल-हक, उप पुलिस अधीक्षक और निसार अहमद फॉलोवर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 26.10.2009 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 143-प्रेज/2011- राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री गुरमीत सिंह
हेड कांस्टेबल

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 08.05.2009 को शाम के समय सूचना प्राप्त हुई कि लश्कर-ए-तैयबा का डिवीजनल कमांडर (पाक) मोहम्मद इशाक (सलामतुल्ला) कोड अबु सुमना पुत्र मोहम्मद अरशद निवासी साइवाल पंजाब स्थानीय आतंकवादी बरकत अली कोड यासिर पुत्र अब्दुल जबर नाइक निवासी चितरीन के साथ कुछ विविलियनों को मारने के इरादे से दिफा-ढर दशमन गाँव में घुस गया है। इस पर, आतंकवादियों का खात्मा करने के लिए डोडा मुख्यालय के उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय की सहायता से श्री प्रभात सिंह, एस एस पी डोडा ने एक अभियान की योजना बनाई और अभियान शुरू कर दिया। पुलिस और सी आर पी एफ/ सेना ने गाँव की घेराबंदी कर ली। आगे बढ़ते सैन्य-दलों पर छिपे हुए आतंकवादियों ने घातक हथियारों से भारी गोलीबारी शुरू कर दी जिसका पुलिस सैन्य दल द्वारा प्रभावकारी जवाब दिया गया और भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। जब पुलिस पार्टी आतंकवादियों के छिपने के विशेष स्थान के पास पहुँची, तब आतंकवादियों ने पुलिस पार्टी पर भारी गोलीबारी की और 2-3 हथगोले भी फेंके। पुलिस कार्मिक इसमें चमत्कारी रूप से बच गए। पुलिस पार्टी ने आतंकवादियों को समाप्त करने के लिए पोजीशन ले ली। एस एस पी डोडा श्री प्रभात सिंह ने पुलिस पार्टी को तत्काल पाँच विभिन्न समूहों में बाँट दिया। एस एस पी का पहला और मुख्य कर्तव्य आतंकवादियों द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को बचाना था। आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने और बंधकों को रिहा करने की चेतावनी दी गई लेकिन इसकी बजाय उन्होंने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। भारी गोलीबारी और हथगोले/अश्रु गैस के गोले फेंकने के बाद एस एस पी डोडा बंधकों को मुक्त कराने में सफल हुए और इसके बाद भीषण आक्रमण शुरू किया गया। आतंकवादियों से पुन: आत्मसमर्पण की चेतावनी दी गई किन्तु इसकी बजाय उन्होंने एस एस पी डोडा के नेतृत्व वाली अग्रणी पार्टी पर ए के बन्दूकों से गोलीबारी शुरू कर दी और 02 हथगोले भी फेंके। इस प्रक्रण में, मकान में आग लग गई और आतंकवादी अपने छिपने के स्थान से बाहर कूद पड़े और श्री प्रभात सिंह, एस एस पी को मारने के गंभीर प्रयत्न किए लेकिन अधिकारी ने गोलीबारी का बिलकुल पास से जवाब दिया और एक आतंकवादी को मार गिराया । इसी बीच, हेड कांस्टेबल गुरमीत सिंह उस स्थान पर रेंगकर पहुंच गए जहाँ से दूसरे आतंकवादी द्वारा लगातार गोली चलाई जा रही थी और उसे घटनास्थल पर ही मार गिराया।

इस मुठभेड़ में श्री गुरमीत सिंह, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 09.05.2009 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 144-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री नियाज अहमद मीर
उप निरीक्षक

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 08.10.2009 को एच एम गुट के एक विदेशी आतंकवादी अर्थात् जफर अहमद माविया उर्फ अमर माविया को गुसू गाँव में जहाँगीर अहमद गनाई पुत्र मोहम्मद अब्दुल्ला गनाई, उमर माविया के एक घनिष्ठ सहयोगी (ओ जी डब्ल्यू) के मकान में मौजूद होने और किसी अज्ञात स्थान पर फिदायीन हमला करने की योजना बनाने के बारे में विश्वस्त सूचना प्राप्त होने पर एस ओ जी पुलवामा की पुलिस पार्टी स्थान विशेष की ओर तत्काल रवाना हो गई और उक्त गाँव की घेराबंदी कर ली। इसी बीच, 53 आर आर, 31 सी आई यू, 182 बटालियन, सी आर पी एफ और 183 बटालियन सी आर पी एफ के सैन्य दल भी इस अभियान से जुड़ गए। तलाशी अभियान के दौरान उक्त आतंकवादी ने पूर्वोल्लिखित ओ जी डब्ल्यू के मकान से तलाशी पार्टी पर गोलियाँ चला दीं। जैसे ही पुलिस पार्टी पहचान किए गए मकान के पास पहुँची उक्त आतंकवादी ने पुलिस पार्टी पर फैंकने की मंशा से हथगोला निकाल लिया। इसी बीच, ओ जी डब्ल्यू और आतंकवादी खिड़की से बाहर कूद गए। तथापि, बाहर तैनात अभियान दल विशेष रूप से उप-निरीक्षक मीर नियाज, सारजेंट कांस्टेबल फयाज अहमद और एस पी ओ एजाज अहमद ने अपनी जान की परवाह न करते हुए उक्त आतंकवादी को जिंदा पकड़ने का प्रयास किन्तु आतंकवादी उन पर अंधाधुंध गोलियाँ चलाता रहा। पुलिस पार्टी ने धैर्य बनाए रखा और गोलीबारी का जवाब दिया जिसके परिणामस्वरूप वह आतंकवादी मारा गया। उस आतंकवादी के फिदायीन हमला करने की तैयारी के मद्देनजर, सभी सावधानियाँ बरतने के बाद, बम डिस्पोजल स्क्वैड और अन्य विशेषज्ञों को एक यथोचित दूरी से काम पर लगाया गया था। आतंकवादी के शरीर पर बँधे आर डी एक्स के पाउचों को जला दिया गया। तत्पश्चात् 01 ए के राइफल, 02 ए के मैगजीन 16 राउंड, 02 हथगोले, लगभग 25-30 कि.ग्रा. आर डी एक्स (घटनास्थल पर नष्ट किया गया), तार के साथ 01 ड्राई बैटरी और 01 मोबाइल फोन (नोकिया 1100) बरामद किए गए। मारा गया आतंकवादी कई सिविलियनों की हत्याओं में लिप्त था। उसकी मौत एंच एम गुट के लिए एक भारी झटका थी और यह पुलिस की एक बड़ी उपलब्धि है।

इस मुठभेड़ में श्री नियाज अहमद मीर, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 08.10.2009 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 145-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री शिव कृष्ण
उप निरीक्षक

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 18.04.2009 को अब्दुल समद निवासी बागला भरत, तहसील-डोडा के मकान में आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर उप-निरीक्षक शिव कृष्ण के नेतृत्व में अभियान दल डोडा ने उस क्षेत्र की घेराबंदी कर ली और तलाशी अभियान चलाया गया। आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया किन्तु उन्होंने घर के भीतर से अंधाधुंध गोलियाँ चलाना शुरू कर दिया जिसका प्रभावकारी ढंग से जवाब दिया गया और आतंकवादियों के बचकर भाग निकलने की संभावनाओं को कम करने के लिए उस क्षेत्र की पूरी तरह से घेराबंदी कर ली गई। आतंकवादियों को उलझाए रखा गया और पुलिस पार्टियों को दो से तीन समूहों में अन्दरूनी घेराबंदी में चारों और तैनात कर दिया गया। एक पार्टी का नेतृत्व उप-निरीक्षक शिव कृष्ण मकान के सामने की ओर से कर रहे थे और दूसरी पार्टी का नेतृत्व हेड कांस्टेबल गुरमीत सिंह कर रहे थे जिन्होंने मकान के पीछे की ओर से सभी दरवाजों और खिड़कियों को बंद कर दिया और उस ओर से आतंकवादियों का बचकर भाग निकलना असंभव बना दिया। मुठभेड़ घण्टों तक चली किन्तु सफलता नहीं मिली। उप निरीक्षक शिव कृष्ण उस दरवाजे के पास पहुँचे जहाँ से आतंकवादी गोलीबारी कर रहे थे और हथगोले फेंके और आतंकवादियों पर अपने सर्विस हथियार से गोलियों की बौछार कर दी जिसके परिणामस्वरूप दो खूंखार आतंकवादी अर्थात् निसार अहमद मलिक कोड शाहबाज पुत्र गुलाम हैदर मलिक निवासी बागला भरत, तहसील डोडा, ग्रेड- सी, एल ई टी गुट और मोहम्मद रफी कोड अबू खोबीब पुत्र गुलाम हुसैन गुज्जर निवासी नगनी गाड केशवन किश्तवार ग्रेड "ए" एल ई टी मारे गए, जबकि एक ओ जी डब्ल्यू महिला अर्थात् जहीदा बानू पुत्री अब्दुल समीद निवासी बागला भरत, जो आतंकवादियों के साथ थी, भी घायल हो गई और बाद में उसकी जिला अस्पताल डोडा में मौत

हो गई। यह सफल अभियान अपनी किसी क्षति के बिना उच्च शिखर पर पहुँचकर समाप्त हुआ और यह सब उप निरीक्षक शिव कृष्ण और हेड कांस्टेबल गुरमीत सिंह के विशिष्ट पराक्रम से ही सम्भव हुआ। मारे गए दोनों आतंकवादी भरत/केशवन क्षेत्र में वर्ष 2007 से सक्रिय थे और प्रतिबंधित एल ई टी गुट से संबद्ध थे। वे उग्रवाद से संबंधित कई गतिविधियों में लिप्त थे। मारे गए आतंकवादियों से निम्नलिखित हथियार/गोलाबारूद बरामद हुए:-

1.	राइफल ए के	-02
2.	ए के मैगजीन	-03
3.	हथगोला	-01

इस मुठभेड़ में श्री शिव कृष्ण, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 18.04.2009 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 146-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, झारखण्ड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. भगीरथ कुमार
कांस्टेबल

02. अमीन ओराओन
कांस्टेबल

03. शिप्रयानुस खालखो
कांस्टेबल

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

चैनपुर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले बानालाट वन क्षेत्र के निकट भयानक हमले के लिए एकत्र हुए सी पी आई (माओवादी) के सशस्त्र दस्ते के खिलाफ दिनांक 11.01.2008 को लगभग 1330 बजे मुख्यालय में अपराध संबंधी बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक पलानाऊ को सूचना प्राप्त होने पर तत्काल रणनीति बनाई गई।

विद्यमान दुर्गम पहाड़ियों, ऊबड़-खाबड़ भूभाग और घने जंगलों के बावजूद बड़ी संख्या में माओवादी सशस्त्र दस्ते को देखते हुए सशस्त्र बल और सी आर पी एफ, 13वीं बटालियन के साथ भगीरथ कुमार, अमीन ओराओन और शिप्रयानुस खालखो तत्काल आगे बढ़े और लगभग 1600 बजे उस क्षेत्र में पहुँच गए। इसी बीच खतरनाक हथियारों से लैस माओवादी आते हुए देखे गए जिन्होंने पुलिस बल को देखकर गोलीबारी शुरू कर दी और मारने के लिए गोलियों की बौछार कर दी किन्तु भगीरथ कुमार, अमीन ओराओन और शिप्रयानुस खालखो ने एक दूसरे का सहयोग करते हुए और अपनी सावधानी, दूरदर्शिता और पेशेवर कौशल को बनाए रखते हुए जीवन और सरकारी हथियारों की रक्षा के लिए बल को इस गोलीबारी का भारी जवाब देने का निदेश दिया। इसके बाद सशस्त्र और सक्रिय माओवादियों का खात्मा करने के लिए गोलीबारी शुरू की गई जिसके परिणामस्वरूप स्वेच्छाचारी माओवादियों के हौसले पस्त हो गए और उन्होंने पुलिस बल पर रूक-रूककर और कभी-कभी भारी गोलीबारी करते हुए अंधेरे, ऊबड़-खाबड़ भूभाग और घने जंगल का फायदा उठाते हुए पीछे लौटना शुरू कर दिया। ऐसी भयंकर मुठभेड़ के दौरान और गंभीर खतरे में भगीरथ कुमार, अमीन ओराओन और शिप्रयानुस खालखो और सी आर पी एफ ने कुहनियों के बल रेंगकर उग्रवादियों का पीछा किया जब कई माओवादियों के नाम और घायल विद्रोहियों की चीखें सुनाई दीं।

श्री सुरेश प्रसाद ने अन्य संस्तुत व्यक्तियों के साथ भयग्रस्त माओवादी गुट को उस क्षेत्र में बहुत पीछे की ओर लौटने और पराजित होने पर अपने तीन मृत सदस्यों (जिनकी बाद में पहचान हुई) को छोड़कर भागने के लिए मजबूर कर दिया। इसके अतिरिक्त, दिनांक 12.01.2008 को प्रात: तलाशी के दौरान हथियार, कारतूस, कई नक्सली वस्तु, नकद धनराशि, यूनीफॉर्म, साहित्य भी जब्त की गई। तदनुसार जब्त की गई वस्तुओं की सूची तैयार की गई और तीन मृत विद्रोहियों की भी पहचान कर ली गई।

सर्व/श्री सुरेश कुमार, भगीरथ कुमार, अमीन ओराओन और शिप्रयानुस खालखो ने अपनी जान की बाजी लगाकर अग्रणी उग्रवादियों पर बुरी तरह प्रहार करके अत्याधुनिक हथियारों की सहायता से माओवादियों पर विजय प्राप्त की जो अन्य पुलिसकर्मियों के लिए एक मील का पत्थर है। गोलीबारी का सामना करते हुए शौर्यपूर्ण कार्रवाई, नेतृत्व का गुण प्रदर्शित करते हुए सुरेश प्रसाद, भगीरथ, अमीन ओराओन और शिप्रयानुश खालखो ने निश्चित रूप से उत्कृष्ट सत्यनिष्ठा साबित की है।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री भगीरथ कुमार, कांस्टेबल, अमीन ओराओन, कांस्टेबल और शिप्रयानुस खालखो, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 12.01.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 147-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, झारखण्ड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01. पंकज कंबोज
पुलिस अधीक्षक

02. रामबृक्ष राम
कांस्टेबल

03. बिनय कुमार
कांस्टेबल

04. राणा जंग बहादुर सिंह
कांस्टेबल

<u>सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

उप-निरीक्षक अनवर अली खाँ कार्यालय प्रभारी चौपारन पुलिस स्टेशन को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि 40-50 की संख्या में प्रतिबंधित एम सी सी आई-1 (सी पी आई माओवादी) उग्रवादियों का एक पूरा दस्ता कोलेश्वरी जोन के सब-जोनल कमांडर इंदल जी के नेतृत्व में अपने एरिया कमांडर सहदेव यादव और अन्य लोगों के साथ बीडी के पत्तों के ठेकेदारों से लेवी वसूलने के लिए गाँव-चापी (बाराचाटी पुलिस स्टेशन, जिला-गया), गाँव-मोर्निया, डूरागढ़ा, डोडिया की तरफ गाँव-जमुनिआतारी पहुँच गया है। यह सूचना प्राप्त होते ही ओ/सी चौपारन पुलिस स्टेशन में पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को सूचना दे दी। पंकज कम्बोज, पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग सूचना का सत्यापन करने और उसके बारे में कार्रवाई करने हेतु अपने अंगरक्षकों अर्थात् रामबृक्ष राम, बिनय कुमार और राणा जंगबहादुर सिंह के साथ चौपारन ओ0एस0 पहुँच गए। सत्यापन और कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग पंकज कम्बोज ने अपने नेतृत्व में निरीक्षक सी आर पी एफ एस0सी0 कसाना, सी आर पी एफ, उप निरीक्षक, बिभन दास, उप

निरीक्षक अनवर अली खाँ, ओ0सी0 चौपारन पुलिस स्टेशन और जिला पुलिस के अंगरक्षक/कांस्टेबल, जे ए पी और सी आर पी एफ की एक टीम गठित की । चौपारन पुलिस स्टेशन में हजारीबाग पुलिस अधीक्षक द्वारा ब्रीफ किए जाने के बाद पूरी टीम ने लगभग 1600 बजे वाहन से प्रस्थान किया और डोडिया की तरफ जमुनीयातारी गाँव की सीमा पर पहुँच गई। सभी वाहन वापस चले गए और टीम हजारीबाग पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्धारित की गई योजना/दिशा के अनुसार जमुनियातारी में घुस गई। पूरी टीम को दो अलग-अलग टीमों में विभक्त कर दिया गया । दोनों टीमें सावधानी से जमुनियातारी गाँव के बगल से आगे बढ़ गईं। एम0सी0सी0आई0 के लगभग 40-50 उग्रवादी प्रतिबंधित हथियारों सहित और मिलिटरी यूनीफॉर्म में बैठक कर रहे थे।जमुनियातारी गाँव के निकट दोनों पुलिस पार्टियों के पहुँचने के दौरान उग्रवादियों ने पुलिस को देख लिया। नक्सली सावधान हो गए और उन्होंने हजारीबाग पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी को निशाना बनाकर गोलियाँ चलाना शुरू कर दिया। अपनी जान खतरे में देखकर पुलिस अधीक्षक हजारीबाग, पंकज कंबोज ने जवाब में गोली चलाने का आदेश दे दिया और नक्सलियों को गोलीबारी बंद करने की चेतावनी दी किंतु नक्सली अधाधुंध गोलियाँ चला रहे थे। इस संकटपूर्ण स्थिति में, पंकज कम्बोज, पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग, उप निरीक्षक अनवर अली खाँ, ओ/सी चौपारन पुलिस स्टेशन निरीक्षक सी आर पी एफ-22 डी कम्पनी, एस.सी. कसाना और उप-निरीक्षक बिभन दास देश के प्रति समर्पित सेवा का प्रदर्शन करते हुए बहादुर अंगरक्षकों रामबृक्ष राम, बिनय कुमार और राणा जंगबहादुर सिंह के साथ चुपके से आगे बढ़े और नक्सलियों को निशाना बनाते हुए गोलीबारी जारी रखी। बहादुर अधिकारियों ने कांस्टेबलों को नियंत्रित गोलीबारी करने का निदेश देते हुए अपनी ए के 47 राइफल/पिस्तौल/रिवॉल्वर से गोलीबारी जारी रखी। लगभग 02-03 घण्टे बाद नक्सलियों ने गोलीबारी बंद कर दी। उग्रवादियों की ओर से गोलीबारी रोक दिए जाने पर पुलिस की तरफ से भी तत्काल गोलीबारी बंद कर दी गई और पूरी सावधानी के साथ नक्सललियों की गतिविधियों को कुछ मिनट तक देखने के बाद संयुक्त पार्टी उग्रवादियों के बचकर निकलने के स्थान की ओर बढ़ गई और घेराबंदी एवं तलाशी शुरू कर दी। तलाशी के दौरान नक्सली युवाओं के दो शव मिले। पूरे अभियान में हथियार और गोलाबारूद तथा बड़ी संख्या में अन्य नक्सली सामग्री जैसे कि .315 राइफल (रेगुलर)-01, .315 बोर के कारतूस-28 राउंड, .303 बोर-49 राउंड, 09 एम एम -06 राउंड, बिंडोलिया-02, चार्जर-01, बड़ी मात्रा में नक्सली साहित्य, एस एल आर राइफल का ब्लैक साइड पार्ट (ग्रीक)-01, सत्तू (एक प्रकार का खाद्य व्यंजन) -03 पैकेट, चादर (बेड शीट)-01 (हरे रंग की), कैप-02, बेल्ट-01 (ब्लैक कलर), बैग-01 (काले रंग का स्टाइल बैग), बैग-01 (नारंगी रंग का), बैग-1 (नीला रंग), वैसेल कोड-02 (नीला रंग), फ्यूज वायर के साथ डेटोनेटर, फाइन-90 (राइफल साफ करने का तेल)-01, सी डी कैसेट-02, बैटरी सेट चार्जर-01, फुल पैंट (पुरानी और मटमैले रंग की) -01 पीच, शर्ट (पुरानी आसमानी रंग की)-01 बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री पंकज कंबोज, पुलिस अधीक्षक, रामबृक्ष राम, कांस्टेबल, बिनय कुमार, कांस्टेबल और राणा जंगबहादुर सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 24.05.2009 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 148-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, झारखण्ड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01. अनुरंजन किसपोट्टा
उप पुलिस अधीक्षक

02. जय प्रकाश सिंह
उप निरीक्षक

03. राजेन्द्र कुमार दुबे
उप निरीक्षक

04. अनिल कुमार सिंह
उप निरीक्षक

<u>सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 21.04.2007 को क्षेत्र में उग्रवादी गतिविधियों के बारे में सूचना प्राप्त होने पर उप निरीक्षक ललित कुमार और उप निरीक्षक जय प्रकाश सिंह आई आर बटालियन और विशेष कार्य बल (एस टी एफ) के 42 पुलिस कार्मिकों के साथ उस क्षेत्र की ओर गए। गाँव-गाँव में जाकर लम्बी दूरी तक गश्त के दौरान सूचना एकत्र करते समय उन्हें पता चला कि उग्रवादियों का एक दल चंदाली गाँव में ठहरा हुआ है। सूचना का सत्यापन करने के लिए पहाड़ों और जंगल से पैदल गुजरते हुए जब वे चंडाली गाँव की सीमा में पहुँचे, तब उन पर अचानक गोलियाँ चला दी गईं। स्थिति को भाँपते हुए उप निरीक्षक ललित कुमार ने सूझबूझ का प्रदर्शन करते हुए अपनी पुलिस पार्टी को तत्काल पोजीशन लेने और रूक-रूककर जवाबी गोलीबारी करने का निदेश दिया और साथ ही फोन पर अपने वरिष्ठ अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराते हुए अतिरिक्त बल भेजने का अनुरोध किया। उन्होंने एक अन्य उप निरीक्षक जय प्रकाश के साथ दूरभाष पर दिए गए अनुदेशों के अनुसार अतिरिक्त बल आने की प्रतीक्षा करते हुए पुलिस पार्टी को चारों ओर फैलाकर पूरे गाँव को घेर लिया क्योंकि यह पूरी तरह से स्पष्ट हो गया था कि

उग्रवादी गाँव में ही थे। इसी बीच उप निरीक्षक ललित कुमार की सूचना प्राप्त होने पर, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनुरंजन ने नेतृत्व के उत्कृष्ट गुणों का प्रदर्शन करते हुए 22 कांस्टेबलों वाले अतिरिक्त बल की एक टीम को एकत्र किया और जामुआ पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी एवं उप निरीक्षक अनिल कुमार सिंह और प्रभारी अधिकारी मुफस्सिल पुलिस स्टेशन, उप निरीक्षक राजेन्द्र कुमार दुबे के साथ चंदाली गाँव की तरफ दौड़ पड़े और वहाँ सही समय पर पहुँच गए जहाँ उपर्युक्त अधिकारियों ने उप पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किसपोट्टा के नेतृत्व और समर्थ मार्गदर्शन में अनुशासनात्मक और संगठित रूप से उग्रवादियों के छिपने के स्थान के निकट पहुंचना शुरू कर दिया। घेराबंदी के और निकट पहुँचने के परिणामस्वरूप उग्रवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और एक हथगोला भी फेंका। उग्रवादी न केवल स्वचालित हथियारों का प्रयोग कर रहे थे बल्कि उन्होंने सुरक्षित पक्के मकान में सुरक्षित पोजीशन ले रखी थी जिसके दोनों तरफ खुले मैदान थे और तीसरी तरफ सड़क थी जहाँ से पुलिस पक्ष के हताहत होने और क्षति पहुंचने की हर संभावना थी। तथापि, अपने अधिकारियों को जान की परवाह न करते हुए ड्यूटी के लिए बहादुरी से लड़ते देखकर पूरी पुलिस पार्टी में अद्भुत नैतिक साहस और जोश भर गया और उन्होंने उग्रवादियों के हमले का मिलकर ऐसा उपयुक्त जवाब दिया कि उनमें से न केवल दो उग्रवादी मारे गए बल्कि छह उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण भी कर दिया और एक लूटी हुई रेगुलर पुलिस 303 राइफल और दो स्वचालित पिस्तौलें और दो देसी पिस्तौल तथा गोलाबारूद के 75 जिंदा राउंडों सहित अत्याधुनिक हथियारों का जखीरा बरामद किया गया। इसके अतिरिक्त उग्रवादी साहित्य भंडार, यूनीफार्म आदि और उनके द्वारा वसूले गये तीस हजार रूपये नकद भी बरामद किए गए।

यह पूरी भीषण मुठभेड़ कई घण्टों तक चली और उग्रवादियों की ओर से कुल 100-125 राउंड गोलियाँ चलाई गईं। इसके उत्तर में पुलिस पार्टी ने केवल 97 राउंड गोलियाँ चलाईं और कई आपराधिक मामलों में लिप्त पहचान किए गए दो कुख्यात उग्रवादियों, जो पी0एल0जी0ए0 के एरिया और सहायक एरिया कमांडर थे, को न केवल मारने में सफल हुए बल्कि अपनी तरफ किसी के हताहत अथवा घायल हुए बिना बड़ी मात्रा में हथियारों और जिंदा गोलाबारूद, उग्रवादी साहित्य तथा उग्रवादियों द्वारा लेवी के रूप में वसूली गई 33,000/- रूपये की धनराशि के साथ-साथ कई आपराधिक मामलों में लिप्त छह उग्रवादियों को पकड़ने में भी कामयाब हुए।

निम्नलिखित हथियार/गोलाबारूद/वस्तुएँ बरामद की गईं:-

i) .303 बोर पुलिस राइफल एआरएस नं0 6/48 पी एफ 22441-1
ii) 7.65 बोर स्वचालित पिस्तौल-02
iii) देसी पिस्तौल-2
iv) .303 बोर कारतूस-41
v) 7.65 बोर कारतूस-31
vi) .315 बोर कारतूस-02

vii) .38 बोर कारतूस-01

viii) चार्जर-5

ix) .303 बोर के खाली कारतूस-28

x) .315 बोर कारतूस-06

xi) 33000/- रूपये नकद

xii) हरे रंग की वर्दी 6, एक पी एल जी ए मोनोग्राम सहित

xiii) कारे रंग की बेल्ट-06

xiv) टोपी (खाकी रंग)-06, एक टोपी में पी एल जी ए मोनोग्राम सहित

xv) बिंडोलिया-1

xvi पिस्तौल हॉलिस्टर-01

xvii ऑडियो कैसेट-02, सी डी-32

xviii) पंफलेट, मैगजीन, किताबें, बैठकों के ब्योरे के कागजात, लेवी, ब्यौरा पेपर, पी एल जी ए कम्पनी ड्रिल बुक्स, नक्सल पैड, नक्सल रसीद बुक, नक्सल हैंडबुक, बैटरी, स्लेट, बैग, दवाइयाँ, ब्रश इत्यादि।

इस मुठभेड़ में एक उग्रवादी जीतू महतो उर्फ शंकर दा पुत्र स्वर्गीय बोधी महतो, गाँव तेहरवासी, पुलिस स्टेशन-नवाडीह, जिला बोकारो और एक अन्य उग्रवादी कुंजी मिस्त्री पुत्र सुकर मिस्त्री, गाँव-नवाडीह टोला-बिहादुरपुर, पुलिस स्टेशन डुमरी, जिला गिरिडीह उत्तरी डुमरी एरिया कमिटि के कुख्यात एरिया और सहायक एरिया कमांडर मारे गए और दोनों ओर अन्य कोई घायल अथवा हताहत नहीं हुआ।

पूर्वोक्त वर्णन निश्चित रूप से नामित व्यक्तियों के अनुकरणीय साहस, दृढ़ निश्चय, सर्वोच्च बलिदान की भावना, सूझबूझ, नेतृत्व की योग्यता और हिम्मत तथा अत्यधिक विपरीत और कठिन परिस्थिति में भी टीम के रूप में संगठित रूप से पूर्ण अनुशासन में उनकी कार्य पद्धति को प्रदर्शित करता है। उप निरीक्षक ललित कुमार ने उग्रवादियों के छिपने के स्थान का पता लगाने के बाद उग्रवादियों की ओर से अंधाधुंध गोलीबारी का सामना करते हुए और अपना साहस खोए बिना और उत्कृष्ट सूझबूझ तथा उच्च स्तर के नेतृत्व गुण का प्रदर्शन करते हुए एक तरफ अपने अधीनस्थों को पोजीशन लेने और धीरे-धीरे जवाबी गोलीबारी करने का आदेश दिया और अपने वरिष्ठ अधिकारियों को पूरी घटना के बारे में मोबाइल फोन पर तत्काल सूचित किया तथा अतिरिक्त पुलिस बल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया और इसकी प्रतीक्षा करते समय अपनी पुलिस पार्टी को चारों ओर फैल जाने और पूरे गाँव को घेरने और अतिरिक्त पुलिस बल के पहुँचने तक न्यूनतम जवाबी कार्रवाई करने तथा दुश्मन को उलझाए रखने का और अनुशासित पेशेवर तरीके से कार्य करने, अपने वरिष्ठ अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किसपोट्टा के वहाँ पहुँचने पर उनके आदेश का पालन करने और उग्रवादियों का सफाया करने के

लिए उनके योग्य नेतृत्व तथा निदेश के तहत कार्य करने के लिए कहा। उप निरीक्षक जय प्रकाश सिंह प्रभारी अधिकारी एवं उप निरीक्षक मुफस्सिल पुलिस स्टेशन राजेन्द्र कुमार दुबे और जामुआ पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी एवं उप निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने भी इसी उद्देश्य अर्थात् अभियान में सफलता की प्राप्ति के लिए ऐसे ही गुणों का प्रदर्शन किया और इसी प्रकार सक्रिय रूप से भाग लिया। उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनुरंजन किसपोट्टा ने सूचना प्राप्त होने के बाद अपने बल के साथ साथ घटनास्थल पर सही समय पर तत्काल पहुँचकर पूरा चार्ज ले लिया और पूरे पुलिस बल का प्रभावकारी ढंग से नेतृत्व करते हुए और न्यूनतम बल के साथ और पुलिस पार्टी में किसी के हताहत अथवा घायल हुए बिना सफलतापूर्वक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सामूहिक रूप से उसकी अधिकतम क्षमता का उपयोग किया तथा अनुकरणीय साहस और फील्ड में सच्चे नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए अपने सैन्य दलों में आत्मविश्वास उत्पन्न किया और पूरी पुलिस पार्टी का मनोबल बनाए रखा ताकि वे उग्रवादियों का सफलतापूर्वक सफाया कर सकें और साथ ही पूरे अभियान का इतनी रणनीतिपूर्वक समन्वय किया कि अभियान में किसी के हताहत हुए बिना न्यूनतम गोलीबारी करके भी सफलता प्राप्त हुई। शेष पुलिस पार्टी ने अनुशासन में रहकर, टीम के रूप में कार्य किया और अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश का पालन करते हुए अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया और अन्यों के लिए आदर्श बनकर उनमें आत्मविश्वास और जोश उत्पन्न कर दिया जिससे वे वीरता से लड़े और अंतिम लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता प्रदान की।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अनुरंजन किसपोट्टा, उप पुलिस अधीक्षक, जय प्रकाश सिंह, उप निरीक्षक, राजेन्द्र कुमार दुबे, उप निरीक्षक और अनिल कुमार सिंह, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 21.04.2007 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 149-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, झारखण्ड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01. जितेन्द्र कुमार सिंह　　(वीरता के लिए पुलिस पदक)
उप निरीक्षक

02. कृष्ण कुमार महतो (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
उप निरीक्षक

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 24.10.2010 की मध्य रात्रि में पुलिस लाइन, राँची के श्री के0के0 महतो, उप निरीक्षक को उस क्षेत्र में अपने सशस्त्र दस्ते के साथ सी पी आई माओवादी के जोनल कमांडर, कुंदन पहान की गतिविधि के बारे में पूर्व सूचना के आधार पर एक विशेष नक्सल-रोधी अभियान में शामिल होने के लिए कहा गया। इस सूचना पर श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, उप निरीक्षक, प्रभारी अधिकारी मूरी ओ0पी0 रांची ने पुलिस बल का नेतृत्व और श्री के0 के0 महतो ने जोन्हा के दिनेश टिर्की चौक (यह स्थान सी पी आई माओवादियों के प्रभुत्व वाला घने जंगलों, पहाड़ियों और छोटी-छोटी नदियों से घिरा हुआ है) पर राँची-पुरूलिया रोड पर एक तलाशी अभियान का नेतृत्व किया। लगभग 0200 बजे तलाशी अभियान के दौरान एक मोटरसाइकिल आई और जब मोटरसाइकिल को रूकने के लिए कहा गया, तब उस पर सवार लोग वाहन को छोड़कर भाग गए। जब वे मोटरसाइकिल की तलाशी ले रहे थे तभी एक कार उनकी ओर आती हुई दिखाई दी। इस बार भी कार में बैठे दोनों लोगों ने भागने का प्रयास किया लेकिन इस बार पुलिस पार्टी ने उनका पास की झाड़ियों तक पीछा करके उन्हें पकड़ लिया। जब श्री जितेन्द्र कुमार सिंह और श्री के0 के0 महतो उनसे पूछताछ कर रहे थे, तभी मैरिज पार्टी के लेबल वाला एक अन्य यात्री वाहन पुलिस बल की ओर आया। पुलिस अधिकारियों ने इस वाहन को भी रूकने के लिए कहा लेकिन वाहन चालक ने पुलिस नाकाबंदी से बलपूर्वक भागने का प्रयास किया परन्तु अचानक की गई पुलिस कार्रवाई के कारण ड्राइवर ने अपना वाहन घबराहट में पास मे खड़े पुलिस वाहन से टकरा दिया। तथाकथित मैरिज पार्टी वाले वाहन में बैठे लोग, जो कोई नहीं और बल्कि कुंदन पाहन और भारी हथियारों से सुसज्जित दस्ते के सदस्य जैसे कि विशाल दा, किशोर दा, विक्रम महतो, कर्मकांत मुंडा और पहचाने न जा सके 14-15 उग्रवादी थे, उस वाहन से उतरे और पास की ही झाड़ियों और गड्ढों में पोजीशन ले ली और अपने स्वचालित हथियारों से पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और उन पर कई हथगोले भी फेंके। पुलिस पार्टी के नेताओं, श्री जितेन्द्र कुमार सिंह और के0 के0 महतो ने कोई समय गँवाए बिना तुरंत पोजीशन ले ली और अपने अधीनस्थों को गोलीबारी शुरू करने और माओवादियों की ओर से अचानक किए गए इस हमले का जवाब देने का आदेश दे दिया। डेढ़ घण्टे तक भीषण गोलीबारी हुई और इस अवधि के दौरान के0 के0 महतो और जितेन्द्र कुमार सिंह ने न केवल अनुकरणीय साहस दर्शाया बल्कि अपनी जान भी जोखिम में डाल दी और अपने अधीनस्थों को बहादुरी से लड़ने के लिए प्रेरित किया जिसके परिणामस्वरूप पुलिस पार्टी को कोई क्षति नहीं हुई और कोई हताहत भी नहीं हुआ जबकि उन्हें उस समय तक कोई अन्य पुलिस सहायता प्राप्त नहीं हुई थी। तथापि, माओवादियों ने गालियाँ चलाना बंद कर दिया और अतिरिक्त पुलिस बलों, जिसका नेतृत्व सत्येन्द्र कुमार सिंह, उप निरीक्षक, प्रभारी अधिकारी अंगरहा पुलिस स्टेशन और अजीत पीटर डुनडुंग, उप पुलिस

अधीक्षक, मुख्यालय, राँची कर रहे थे, को आता देख बचकर पास के जंगल में भाग गए। युद्ध विराम के बाद, पुलिस बलों ने उस क्षेत्र में तलाशी और गहन छानबीन अभियान शुरू किया। उन्हें हरी वर्दी पहने एक माओवादी का शव मिला और निम्नलिखित हथियार/गोलाबारूद और अन्य सामग्री भी बरामद की गयी:-

1. मैगजीन सहित 01 रेगूलर इंसास राइफल और 05 जिन्दा कारतूस सहित आर एन सी-65 जिस पर अर्सिनल नं0 16824012 आर एफ एल 2005 अंकित था।
2. फाइन लाइन कारतूसों वाली मैगजीन सहित 01 रेगूलर एस एल आर राइफल एटीफल
3. 01 रेगूलर 303 पुलिस राइफल, जिस पर अर्सेनल नं0 एम 476-1948 था।
4. प्रत्येक में 20 गोलियों वाली 04 मैगजीन, कुल 80 गोलियाँ
5. 01 नोकिया हैंडसेट
6. डोरा सेल की मोबाइल बैटरी -2 नग
7. इंसास राइफल की 10 खाली मैगजीनें
8. मोटोरोला वायरलेस सेट
9. एस एल आर की 10 खाली मैगजीन
10. हीरो होंडा सी डी डॉन मोटर साइकिल नं. एच जे-01 एफ-9914
11. मटीज कार नं0 बीआर-16 एन 1919
12. हथगोला-01
13. नोकिया मोबाइल-01, माइक्रोमैक्स सेट-01, सैमसंग मोबाइल-01

जीप नं0 जे0एच 01 एल-5330 के यात्री से बरामद की गई वस्तुएँ

i) 5.56 इंसास राइफल के 18 जिंदा कारतूसों और एस एल आर के 15 जिंदा कारतूसों सहित ब्लैक कमांडो ड्रेस
ii) तीन वायरलेस एन्टीना सहित नक्सली साहित्य और यूनीफॉर्म, हथियारों को साफ करने के लिए उपकरण, कमांडो ड्रेस, बर्तन
iii) 01 कम्पास, टाटा इंडिकॉम मोबाइल -01, नोकिया मोबाइल -05
iv) 10420/-रूपये
v) सिम-46 और 03 बैग

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, उप निरीक्षक और कृष्ण कुमार महतो, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 25.10.2009 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 150-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, कर्नाटक पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री श्रीधर (मरणोपरान्त)
एपीसी

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

30 मई, 2010 को सी पी आई, के0 आर0 कंठराज को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 17, शिरूर, बिन्दूर, उप्पुंडा, किरिमंजेश्वर, नावुंडा और कुंडापुर को कवर करते हुए कुंडापुर उप संभाग की रात्रि कालीन गश्त के पर्यवेक्षण की ड्यूटी करनी थी। तदनुसार, उन्होंने ड्रावइर श्रीधर के साथ अपराह्न 11:00 बजे बिंदूर से रात्रि कालीन गश्त शुरू की।

31 मई 2010 को पूर्वाह्न 03.00 बजे कुंडापुरा पुलिस स्टेशन से एक वायरलेस मेसेज प्राप्त हुआ कि पहचाने न जा सके दो व्यक्तियों ने कुंडापुरा शहरी क्षेत्र में नायक पेट्रोल बंक पर हमला कर दिया है। अपराधियों ने बस क्लीनर पर चाकू से हमला कर दिया था जिससे उसके गाल और गर्दन पर चोट पहुँची थी और अपराधी जबरदस्ती उसका मोबाइल फोन और एक बटुआ, जिसमें 500 रूपये थे, ले भागे थे। इसके अलावा अपराधियों ने एक अन्य व्यक्ति को सड़क पर चाकू और लोहे की छड़ से धमकाया था और उसका मोबाइल फोन छीन लिया था। चूँकि अपराधी हथियारों से लैस थे और खतरनाक थे, अत: रात्रिकालीन गश्त कर रहे पुलिस अधिकारियों को वायरलेस पर सावधानीपूर्वक आगे बढ़ने और अपराधियों के पकड़ने की सलाह दी गई।

उपर्युक्त संदेश प्राप्त होने पर, सी पी आई, के0 आर0 कंठराज और ड्राइवर श्रीधर, जो उस समय गश्त ड्यूटी पर किरिमंजेश्वर (लगभग 20 किमी.) के निकट थे, ने समय गवाँए बिना शीघ्र कुंडापुर की ओर चल दिए और लाल बहादुर शास्त्री सर्किल पहुँच गए। वहाँ पूर्वाह्न लगभग 04:00 बजे उन्होंने सहायक उप निरीक्षक सुब्बा0 बी को वायरलेस पर शीघ्र बैक-अप के लिए अनुरोध करते हुए सुना कि उन्होंने अपराधियों को रिंग रोड पर देखा है और वे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 17 की तरफ संगम ब्रिज के निकट मेन रोड पर भाग रहे हैं। सी पी आई के. आर. कंठराज और ड्राइवर श्रीधर ने अपनी जीप तत्काल संगम ब्रिज की तरफ दौड़ा दी। जैसे ही वे घटनास्थल के निकट पहुँचे, उन्होंने दोनों अपराधियों –एक अपराधी को एक लंबा चाकू भाँजते हुए और दूसरे को लोहे की छड़ लिए देखा। पुलिस की जीप देखकर अपराधी ने बचकर भाग निकलने के प्रयोजन से नगरपालिका डम्पिंग यार्ड के पुराने दरवाजों की तरफ दौड़ पड़े। सी पी आई के0 आर0 कंठराज तत्काल जीप से कूदे और चिल्लाकर अपराधियों से रूकने को कहा और

उन्हें पकड़ने के लिए उनका पीछा किया। चूंकि वे उन पर भारी पड़ रहे थे इसलिए एक अपराधी अचानक लम्बा चाकू भांचते हुए सी पी आई के0 आर0 कंठराज की ओर दौड़ा और उन पर चाकू से हमला कर दिया। अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए उन्होंने बहादुरी से अपराधी को पकड़ा और उसे जमीन पर पटक दिया। इसी बीच ड्राइवर श्रीधर अपराधी को पकड़ने में सी पी आई के0 आर0 कंठराज की सहायता करने के लिए उनकी ओर दौड़े। उसी समय दूसरा अपराधी ड्राइवर श्रीधर की ओर पीछे से दौड़कर आया और एक लम्बा चाकू उनकी पीठ में घोंप दिया। ड्राइवर श्रीधर ने अपराधी का बहादुरीपूर्वक मुकाबला किया और अन्त में अपनी जान गंवा दी। उसी क्षण सी पी आई कंठराज, जिन्हें भी चोटे लगी थीं, ने साहस दर्शाया और अपराधियों पर गोली चलाने के लिए अपनी पिस्तौल निकाल ली। ऐसा करते समय, दुर्भाग्य से पिस्तौल के कौकिंग मैकेनिज्म में खराबी आ गई और पिस्तौल से गोली नहीं चलाई जा सकी। अपराधियों ने उनसे पिस्तौल छीनने की कोशिश की और इस हाथापाई में पिस्तौल नीचे गिर गई। तभी अपराधियों ने पिस्तौल उठाई और भाग गए। सी पी आई के0 आर0 कंठराज ने, जिन्हें गंभीर चोटें लगीं थीं, हिम्मत नहीं हारी और कर्तव्य की भावना को तरजीह देते हुए साहसपूर्वक अपराधियों का पीछा किया। उन्होंने सहायता के लिए अन्य पुलिस कार्मिकों अर्थात् सहायक उप निरीक्षक सुब्बा, पी0 सी0 प्रकाश, पी0 सी0 विजय कुमार और पी0 सी0 सुरेश को बुलाया। उनकी सहायता के लिए कुछ सिविलियन भी घटनास्थल पर पहुँच गए। इस समय तक उन्होंने अपराधियों का बचकर भागना विफल करने के लिए उन्हें घेर लिया था और अंततः अन्तर-राज्य हिंसक लुटेरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पूर्वोक्त अपराधी केरल राज्य के हैं, जिनका ब्यौरा इस प्रकार है:-

1. रघु, 28 वर्ष, पिता का नाम: दासन, निवास: कल्लोट्टू, कांडीमाने मारादाइपालम, मट्टानूर, जिला: कन्नूर, राज्य: केरल और

2. राजेश उर्फ पाडाक्कुडी उर्फ राजू, आयु-20 वर्ष, पिता का नाम: नारायणन, निवास: राजीव निवास, कोलारी मारादाइपालम, माट्टानूर, जिला: कन्नूर, राज्य: केरल।

उनके खिलाफ केरल और कर्नाटक राज्य में चोरी, लूटपाट, हमला, हत्या, हत्या के प्रयास के लगभग 11 आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं। विभिन्न पुलिस स्टेशनों में उनके विरुद्ध दर्ज ये 11 मामले सिद्ध करते हैं कि वे कुख्यात अन्तर-राज्य अपराधी हैं। अभी वे उडुपी सब-जेल में बंद हैं। यह मामला ए सी जे (जूनियर डिवीजन) और जे एम एफ सी, कुंडापुरा के सी सी नं0 1799/2010 में विचाराधीन है।

इस मुठभेड़ में स्वर्गीय श्री श्रीधर, ए पी सी ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, राष्ट्रपति पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 31.05.2010 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 151-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री सीता राम (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

कांस्टेबल सीताराम पदलकर ने वर्ष 1996-97 में मध्य प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। इन्हें खण्डवा और बुरहानपुर में तैनात किया गया था। जिला खण्डवा और बुरहानपुर साम्प्रदायिक रूप से अति संवेदनशील जिले हैं और सिमी गतिवधियों के गढ़ हैं। कांस्टेबल सीताराम ऐसे साम्प्रदायिक तत्वों विशेष रूप से सिमी कार्यकर्ताओं के विरुद्ध आसूचना एकत्र करने के लिए जोरशोर से कार्य कर रहे थे। उन्होंने सिमी कार्यकर्ताओं के बारे में जानकारी एकत्र करने के लिए अनेक बढ़िया स्रोत विकसित कर लिये थे। सिमी कार्यकर्ताओं के बारे में जानकारी एकत्र करने की जिम्मेदारी जिस टीम को सौंपी गई थी, वे उसके महत्वपूर्ण सदस्य थे। उनकी अति महत्वपूर्ण आसूचना तथा समय पर दी गई जानकारी के आधार पर दिनांक 01 अप्रैल, 2008 को पुलिस स्टेशन खण्डवा में प्रतिबंधित सिमी के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था और एक मामला संख्या 202/208 धारा 153 क के तहत दर्ज किया गया था। गिरफ्तार किए गए प्रमुख अभियुक्त महबूब उर्फ गुड्डू, अहमद उर्फ अमजद, जफर, मोहम्मद खलील, शेख मुख्तार और खलील चौहान थे। इन अभियुक्तों की गिरफ्तारी में कांस्टेबल सीताराम ने अहम भूमिका निभायी थी। उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें नकद पुरस्कार भी दिया गया था।

कांस्टेबल सीताराम अपने कार्य के प्रति अत्यधिक प्रेरित और समर्पित थे और जानकारी लेने में उनका स्थानीय लोगों के साथ सम्पर्क होने की वजह से उनका चयन मध्य प्रदेश पुलिस की एटीएस इकाई में हुआ था। गुप्त जांच-पड़ताल, निगरानी, साक्ष्यों के संग्रह और एटीएस में सौंपे गए कार्य को उन्होंने बहुत ही अभूतपूर्व तरीके से निभाया। उनकी सूचना के आधार पर, दिनांक 20-10-2009 खजराना क्षेत्र से प्रतिबंधित सिमी संगठन के 5 प्रमुख अभियुक्तों अर्थात मोहम्मद शफीक, युनूस, साजिद, अशरद और फिरोज को गिरफ्तार किया गया था। एक मामला संख्या 05/09 यू ए पी ए अधिनियम की धारा 147, 148, 153 क और 3(10)13 के तहत दर्ज किया गया था। इन पांच अभियुक्तों में से दो अभियुक्त अर्थात मोहम्मद शफीक और युनूस गुजरात में हुए श्रृंखलाबद्ध बम धमाके में वांछित थे।

इसी तारतम्य में, सिमी के राज्य सचिव इनामुर रहमान को दिनांक 03/11/2009 को जबलपुर में गिरफ्तार किया गया था और एक मामला संख्या 6/09 धारा 153क, 120 भा.द. संहिता और 3(10) (13) यूएपीए के तहत दर्ज किया गया था। सीताराम ने उपर्युक्त दोनों मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी जिसके लिए उन्हें 25,000/- रूपए का नकद ईनाम भी दिया गया था।

दिनांक 28.11.2009 को खण्डवा में बकरीद मनायी जा रही थी। खण्डवा में सिमी की गतिविधियों की नियमित आसूचना एकत्र करने के लिए एटीएस यूनिट को तैनात किया गया था। कांस्टेबल सीताराम भी सिमी के सदस्यों की गतिविधियों पर नजर रख रहा था। लगभग 12 बजे अपराह्न "तीन पुलिया" रेलवे अण्डरब्रिज पर एक व्यक्ति ने उसे रोका और उससे बातचीत करने लगा। कुछ समय के बाद दो और व्यक्ति उसके साथ मिल गए और कुछ देर बाद उन्होंने सीताराम के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। कांस्टेबल सीताराम ने खूंखार हमलावरों की दो गोलियों से घायल होने के बावजूद अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर और स्वयं से पहले ड्यूटी को महत्व देते हुए अपनी सर्विस रिवाल्वर निकाली और हमलावरों पर गोली चला दी। इसी बीच, हमलावरों ने उस पर दो और राउण्ड फायर किए। सीताराम ने अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन करते हुए उनको मार गिराने के लिए हमलावरों पर जवाबी फायर किया। वह हमलावरों से तब तक लड़ते रहे जब तक कि धराशायी नहीं हो गए। सीताराम की त्वरित और यथोचित कार्रवाई ने हमलावरों को वहां से भागने के लिए मजबूर कर दिया और इस प्रकार अनेक लोगों को हताहत होने से बचा लिया।

अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध विधिविरूद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1967 की धारा 15(क) तथा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया था। जांच-पड़ताल पर यह पाया गया कि खतरनाक आग्नेयास्त्रों से लैश तीन सशस्त्र हमलवारों ने उनको घेर लिया था और उन पर फायर किया था। कांस्टेबल सीताराम ने महान कर्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन करते हुए उनका मुकाबला किया और उनकी गोलीबारी का साहस के साथ प्रत्युत्तर दिया । श्री सीताराम ने स्वयं से ज्यादा अपने कर्तव्य को महत्व देते अत्यधिक सराहनीय वीरता का प्रदर्शन करते हुए अपनी सर्विस पिस्टल से उनकी गोलीबारी का जवाब दिया और कर्तव्य की बलिवेदी पर अपने जीवन का कुर्बान किया और गोली लगने से घायल होने की वजह से घटना के 40 मिनट के अन्दर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। परन्तु यदि उन्होंने साहस और अनुकरणीय कर्तव्यनिष्ठा को प्रदर्शन न किया होता तो जनता के अनेक निर्दोष लोग उन खूंखार हमलावरों की धुवांधार गोलीबारी का शिकार हो गए होते।

कांस्टेबल सीताराम ने राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति उच्च कोटि की भावना और संवदेनशीलता प्रदर्शित की। उन्होंने अपने समस्त दायित्वों का पालन समर्पण और कठिन संघर्ष के साथ किया। उन्होंने खण्डवा जिला में सिमी नेटवर्क का भण्डाफोड करने और उनका ध्वन्स करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस मुठभेड़ में स्व. श्री सीताराम, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 28.11.2009 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 152-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री प्रेम कुमार दीक्षित
अपर पुलिस अधीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 19 मार्च, 2000 को 13.30 बजे, श्री पी.के. दीक्षित, अपर पुलिस अधीक्षक, (डकैती-रोधी) भिण्ड को स्वयं के द्वारा सृजित एक विश्वस्त मुखबिर के माध्यम से एक सटीक जानकारी मिली कि ग्राम रामपुर, पुलिस स्टेशन नयागांव की घाटियों में टी-3 राजू कुशवाहा गैंग की 4 सशस्त्र टुकड़ियां मौजूद हैं जो सरसई गांव से किसी के अपहरण की योजना बना रहे हैं। उन्होंने एस पी, भिण्ड श्री डी. श्रीनिवास राव से परामर्श करने के पश्चात तत्काल कार्रवाई शुरु की और उनके मार्गदर्शन में इस सशस्त्र डकैतों के गिरोह को पकड़ने की योजना बनायी। श्री दीक्षित ने उपलब्ध बल को संगठित किया और रामपुरा पहुंच गए तथा उस बल को दो दलों में विभाजित किया। पहले दल में श्री पी.के. दीक्षित, अपर पुलिस अधीक्षक ए/डी, एस एच ओ, नयागांव, तथा पुलिस स्टेशन, नयागांव के ए एस आई, हेड-कांस्टेबल और एस ए एफ एवं डी ई एफ के कांस्टेबल शामिल थे। दूसरे दल का नेतृत्व डीएसपी, मुख्यालय, भिण्ड श्री यशपाल सिंह राजपुर ने किया जिसमें एस एच ओ उमरी, हेड कांस्टेबल और डी ई एफ तथा एस ए एफ उमरी के कांस्टेबल शामिल थे। मुखबिर द्वारा दिनांक 19.03.2000 को 13.30 बजे के संबंध में दी गई जानकारी के अनुसार, जब तलाशी अभियान के लिए एरिया को घेर लिया गया तो श्री दीक्षित ने रामपुरा गांव की "सुआ की करार" की घाटी में 4 सशस्त्र डकैतों को देख लिया। उन्होंने तुरन्त उनको आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा किन्तु आत्मसमर्पण करने के बजाय गैंग ने श्री दीक्षित और उनकी पार्टी पर भारी गोलीबारी झोंक दी। श्री दीक्षित बाल-बाल बचे और तुरन्त उन्होंने अपनी पोजीशन ली। उन्होंने डकैतों को पुन: आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दीं किन्तु उसका कोई असर नहीं हुआ। एक खूंखार डकैत ने अपनी पोजीशन ली और श्री दीक्षित पर भारी गोलीबारी कर दी। वे गोलीबारी से डरे नहीं और अपवनी जान की परवाह न करते हुए

तुरन्त आगे बढ़ने लगे और घुटनों के बल चलते हुए उस आक्रमक डकैत के पास पहुंच गए जिसने श्री दीक्षित पर दुबारा भारी गोलीबारी की जिसमें गोली से घायल होने से वे बाल-बाल बचे। श्री दीक्षित ने भी आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी शुरु की। इसी बीच, दूसरे डकैत भी आगे बढ़ रही पुलिस पार्टी को रोकने के लिए पार्टी सं. 1 और 2 पर गोलियां चलाते रहे। दोनों ओर से चल रही गोलीबारी के दौरान श्री दीक्षित ने इस प्रतिकूल स्थिति का सामना बड़ी ही सूझबूझ एवं साहस तथा जीवन की परवाह न करते हुए किया। उन्होंने अपने कर्तव्य से परे इस जोखिम का सामना किया और लगातार गोलीबारी करते हुए तेजी से आगे बढ़ते रहे। इसके प्रत्युत्तर में बदमाशों ने श्री दीक्षित पर निशाना लगाकर दुबारा फायर किया और यदि वे वहां से आगे न निकल गए होते तो बदमाशों की गोली श्री दीक्षित के सिर पर लगी होती, परन्तु बन्दूकों की गोलीबारी से भयभीत हुए बिना वे डकैतों की ओर आगे बढ़ते रहे जो भारी गोलीबारी की आड़ में बच निकलने की कोशिश कर रहे थे। श्री दीक्षित सबसे आगे थे, आत्मरक्षा में बहुत ही नियंत्रित गोलीबारी कर रहे थे और एक क्षण भी गवांए बिना आगे बढ़ते रहे और जिसके फलस्वरूप एक कुख्यात डकैत को मार गिराने में कामयाब हुए जिसकी पहचान बाद में, इन्दे उर्फ इन्दल सिंह कुशवाहा के रूप में हुई जिस पर 5,000/-रूपए का ईनाम था। इस प्रकार, श्री दीक्षित ने अपने कर्तव्य निर्वहन से परे जाकर अनुकरणीय साहस ओर नेतृत्व का प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने दुस्साहसियों के समक्ष आकर उनसे सीधे टक्कर ली। हालांकि, तीन डकैत नदी-घाटियों का फायदा उठाकर भाग गए और उन्हें नहीं पकड़ा जा सका। टी-3 राजू कुशवाहा के गैंग का मध्य प्रदेश के भिण्ड, ग्वालियर और मोरैना में और उत्तर प्रदेश के जालौन एवं इटावा जिलों में तथा दिल्ली में आतंक था। दिनांक 13.02.2000 को भिण्ड शहर में राजू कुशवाहा की गिरफ्तारी के बाद, इन्दल सिंह पुत्र लालजीत सिंह कुशवाहा, जो राजू कुशवाहा का अत्यन्त विश्वस्त लेफ्टीनेन्ट और सेकन्ड कमाण्डर था, इस बचे गुट का मुखिया बन गया था।

इस जोरदार मुठभेड़ में सर्वाधिक खूंखार डकैत इन्दे उर्फ इन्दल सिंह कुशवाहा, जो राजू कुशवाहा का सेकण्ड इन कमाण्ड था, और बदमाशों का सरदार था, को मार गिराया गया। इस डकैत के खात्मा से सारा गैंग बिखर गया और उसके बचे-खुचे बदमास निकट भविष्य में इस गुट के पूर्णत: समाप्त होने की वजह से इधर-उधर भाग गए। मुठभेड़ स्थल से दैनिक उपयोग की बहु-प्रोजनीय वस्तुओं के साथ दो 12 बोर बन्दूकें और 11 जिन्दा कारतूस तथा 32 खाली खोखे बरामद किए गए।

इस अभियान के समस्त घटनाक्रम में, जो करीब एक घण्टा चला, श्री पी.के. दीक्षित, अपर पुलिस अधीक्षक (डकैती-रोधी), भिण्ड की भूमिका उच्चकोटि की थी और यह उनकी व्यक्तिगत बहादुरी, और अनुकरणीय नेतृत्व युक्त उच्चकोटि की कर्तव्य निष्ठा ही थी जिसकी वजह से ऐसे खूंखार अन्तराज्यीय गिरोह का सफाया हुआ और उनके द्वारा उसे मार गिराया गया। इसके फलस्वरूप, भिण्ड जिला और शहर दोनों में सार्वजनिक उत्सव मनाया गया और प्रेस

तथा जनता दोनों ने इसकी खूब प्रशंसा की और इस अभूतपूर्व त्वरित पुलिस कार्रवाई की सराहना की।

श्री पी.के. दीक्षित, अपर पुलिस अधीक्षक (डकैती-रोधी) भिण्ड ने अपने कर्तव्य का निर्वहन अत्यन्त वीरता और अपने व्यक्तिगत जीवन की परवाह न करते हुए किया है। इस मुठभेड़ में अपनी जान को गंभीर खतरे का सामना करते हुए उन्होंने बुद्धिमतापूर्ण नेतृत्व, दृढ़ निश्चय और उल्लेखनीय पहल का भी परिचय दिया जिसमें राजू कुशवाहा गैंग के विश्वसनीय लेफ्टीनेंट इन्दे उर्फ इन्दल सिंह को मार गिराया गया था।

इस मुठभेड़ में श्री प्रेम कुमार दीक्षित, अपर पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 19.03.2000 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 153--प्रेज/2011-राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01. श्री पी. रमेश सिंह
राइफलमैन

02. एल. जॉतिन कुमार सिंह
राइफलमैन

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 31 अगस्त, 2010 को एनगरियन हिल्स रेंज के सार्वजनिक क्षेत्र और इसके आस-पास 7/8 सशस्त्र उग्रवादियों के मौजूद होने के संबंध में 28, असम राइफल्स से प्राप्त सूचना और निजी स्रोतों से उसकी पुष्टि होने के आधार पर श्री वी. निगंसेन, ए एस पी/सी डी ओ, थाऊबाल की कमान में थाऊबाल पुलिस कमाण्डो और 28वीं असम राइफल्स की एक संयुक्त टीम

उग्रवादियों की किसी भी गैर-कानूनी और हिंसक गतिविधि को रोकने के लिए करीब 2010 बजे उक्त क्षेत्र की ओर रवाना हुई।

संयुक्त टीम सामरिक बिन्दुओं को कवर करते हुए घात लगाकर बैठ गई और कुछ देर के पश्चात सार्वजनिक क्षेत्र में खोजबीन आरम्भ की गई। लगभग 2045 बजे संयुक्त टीम को एक विशेष जगह में कुछ गतिविधि का आभास हुआ और उन्होंने उस ओर टार्च जलाकर यह जानना चाहा कि यह क्या था और संदिग्ध लोगों को ललकारा। पहचान बताने के लिए उनकी आवाज का जवाब अचानक सर्च लाइट वाली दिशा में स्वचालित हथियारों से की गई गोलियों की बौछार के रूप में दिया गया। आ रही गोलीबारी से उग्रवादियों की दिशा की पुष्टि होने पर, ए एस पी/सी डी ओ द्वारा राइफलमैन पी. रमेश सिंह, राइफलमैन एल. जॉतिन कुमार और राइफलमैन एन. शैलेश (सभी सी डी ओ/थाऊबाल के थे) को संदिग्ध उग्रवादियों की दिशा की ओर चुपचाप बढ़ने का संकेत दिया गया। इस बीच, हवलदार केशोर जीत सिंह और 28वीं असम राइफल्स के साथ शेष टीम ने इनको फायरिंग कवर देना शुरु किया। उग्रवादियों द्वारा हर दिशा की ओर छुट-फुट फायरिंग की गई किन्तु इसके बावजूद, संयुक्त टीम ने जल्दबाजी न करते हुए उसका बहादुरी के साथ जवाब दिया।

कुछ क्षण के पश्चात, अपनी सुरक्षा की बिलकुल परवाह न करते हुए गोलीबारी के बीच अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन करते हुए तीन सीडीओ कार्मिक-राइफलमैन रमेश सिंह, राइफलमैन एल. जॉतिन कुमार और राइफलमैन शैलेश घुटनों के बल बढ़ते हुए गोलीबारी कर रहे उग्रवादियों के निकट पहुंच गए और सामरिक दृष्टि से लगातार गोलीबारी करते हुए उग्रवादियों की ओर बढ़ते गए और एक उग्रवादी को हिंलरेंज की झाड़ियों में घेर लिया और इसके पश्चात चली गोलीबारी में मौके पर ही उग्रवादी को मार गिराया। तब उग्रवादियों ने संयुक्त टीम के घेरे से बच निकलने के लिए अंधेरे का फायदा उठाया। यह गोलीबारी की जंग करीब 20 (बीस) मिनट तक चली। गोलीबारी रुकने के पश्चात, संयुक्त टीम ने सर्चलाइट से पूरे क्षेत्र की सघन तलाशी की और निम्नलिखित सामान बरामद किया:-

1. एक यू एस निर्मित स्थिम एण्ड वेसन 9 एम एम पिस्टल।
2. एक मैगजीन
3. 9 एम एम गोलाबाररूद के छह जिन्दा राउण्ड
4. एक चीन निर्मित हथगोला
5. 9 एम एम गोलाबारुद के चार खाली खोखे।
6. ए.के. सीरीज के ग्यारह खाली खोखे।

मौके पर औपचारिकताओं को पूरा करके यह सारा सामान करीब 2130 बजे कब्जे में ले लिया गया।

मृतक की पहचान बाद में अवांग सेकमई सोबल लेईकेई के माओइरैंगथेम नानाओ सिंह उर्फ थॉमस उर्फ सनाऊबाल उम्र 24 पुत्र एम. राजेन उर्फ धोजोबी सिंह के रूप में हुई जो प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यू एन एल एफ) का एक स्वयंभू कारपोरल था। वह 28वें बैच का एक खतरनाक प्रशिक्षित कॉडर था और उसकी सेवा संख्या 1728 थी। स्रोत रिपोर्ट से यह पुष्टि हुई कि उसे कुछ काडरों के साथ इस संगठन के गिरते हुए मनोबल को बढ़ाने के लिए सुरक्षा बलों पर हमला करने के लिए थाऊबाल क्षेत्र में नियुक्त किया गया था।

इसका उल्लेख मामले की एफ आई आर सं. 50(8) 2010 वाई पी के पुलिस स्टेशन, धारा 307/34 भा.द.संहिता, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 25 (1-सी) आयुध अधिनियम और 16(1) (ख)/20 विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 04 के तहत किया गया है।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री पी. रमेश सिंह, राइफलमैन और एल. जॉतिन कुमार सिंह, राइफल मैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 31.08.2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 154-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. एल. बिक्रमजीत सिंह
   जमादार
2. एल. मोहिन्द्रो सिंह
   कांस्टेबल
3. जंगखोलाल बैटे
   राइफलमैन

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

थोंगजू पार्ट-।। (कोइराऊ) गांव के सार्वजनिक क्षेत्र में रिवोल्युशनरी पीपुल्स फ्रंट (आर पी एफ) के कुछ सशस्त्र कॉडरों, जिनका इरादा संभवत: सुरक्षा बलों पर हमला करने और गैर-मणिपुरी लोगों को निशाना बनाने का था, के मौजूद होने के संबंध में प्राप्त एक विश्वसनीय

जानकारी के आधार पर, सी ओ डी, इम्फाल पश्चिम की एक संयुक्त टीम, जिसमें 5 (पाँच) पार्टियां शामिल थीं, दिनांक 18.11.2010 को लगभग 2.30 बजे अपराह्न प्रतिबंधित संगठन की गैर-कानूनी गतिविधि को रोकने के लिए उक्त क्षेत्र की ओर रवाना हुई।

करीब 3.30 बजे अपराह्न टीम को तीन टीमों में विभाजित किया गया और थौंगजू पार्ट-II के मुख्य-मुख्य ठिकानों की तलाशी शुरु की गई। जमादार बिक्रमजीत के अधीन चल रही टीम गांव के मध्यवर्ती हिस्से के मुख्य-मुख्य ठिकानों में तलाशी कर रही थी जबकि दूसरी टीम, इसके उत्तरी और दक्षिणी ओर की तलाशी कर रही थी। उनकी टीम ने दो व्यक्तियों को बांस की कोठी, जो पूर्वी ओर एक ऊंचे टीले (पल्ली) पर खड़ी थी, की ओट से कोइराऊ लाऊकोन की ओर छिपकर भागने का प्रयास करते हुए देखा। ज्यों ही जमादार बिक्रमजीत सिंह के नेतृत्व वाली कमाण्डो टीम ने उन्हें रुकने के लिए कहा तो उन्होंने सुरक्षा बलों को चकमा देकर भागना शुरु कर दिया। उनकी टीम तुरन्त उनका पीछा करने लगी और जब उक्त टीम उनके नजदीक पहुंचने वाली थी तो वे बांस की कोठी के पश्चिमी दक्षिण की ओर कूद गए और अचानक अपने हथियारों से कमाण्डो टीम की ओर गोलियां चलानी शुरु कर दी। तत्काल, उक्त टीम ने पूर्वी ओर के ऊंचे टीले में कवर लेते हुए तत्परता के साथ जवाबी गोलीबारी की। इस प्रकार, इस गोलीबारी की जंग, जो लगभग 8 मिनट तक चली, में जमादार, एल. बिक्रमजीत सिंह सी ओ डी/इम्फाल के कांस्टेबल एल. मोहिन्द्रो सिंह और राइफलमैन जंगखोलाल बैटे के साथ बिना झिझके हुए इंच-इंच करके घुटनों के बल उनकी ओर बढ़ने लगे क्योंकि गोलियां उनके सिर के ऊपर से होकर जा रही थीं। उग्रवादियों की ओर से हो रही लगातार गोलीबारी के सामने झाड़ी की ओर उनके बढ़ने की प्रक्रिया में वे कमाण्डो पूर्णत: खुले में आ गए थे क्योंकि उनकी ओट (कवरेज) के लिए कोई प्रत्यक्ष वस्तु नहीं थी। तथापि, अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बगैर जमादार, एल. बिक्रमसिंह ने मोर्चे पर रहकर टीम का नेतृत्व किया जबकि कांस्टेबल एल. मोहिन्द्रो सिंह और राइफलमैन जंगखोलाल बैटे ने भी अपने कमाण्डर का पग-पग पर साथ दिया। उनकी कवरिंग फायर की ओट में जमादार एल. बिक्रमसिंह लगातार गोलियां चलाते हुए बिना रूके आगे बढ़ते रहे और कांस्टेबल एल. मोहिन्द्रो सिंह और राइफलमैन जंगखोलाल बैटे ने भी हर-पल उग्रवादियों के विरुद्ध जोरदार हमला जारी रखा। जब कमाण्डो बांस की कोठी के पूर्वी छोर के पास पहुंच गए तो उन्हें अपने शारीरिक कवरेज का कुछ लाभ मिला और फिर गोलीबारी की जंग छिड़ गयी। इस प्रकार, जब एक उग्रवादी, कमाण्डो पर फायर करने के लिए ऊपर उठा तो उसके उठते ही उसे मार गिराया गया जिसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। अन्य उग्रवादी घने बांस के झुरमुटों की ओर जाने वाले धान के खेत के पास वाली नाली के सहारे बच निकलने में कामयाब हो गए।

मुठभेड़ के बाद गहन तलाशी की गई और मुठभेड़ स्थल की तलाशी करने पर निम्नलिखित हथियार एवं गोलाबारुद मुठभेड़ स्थल से बरामद किए गए:-

(क) एक 9 एम एम कैलिबर पिस्टल जिस पर ग्लॉक संख्या एच आर ए-170 अंकित था (आस्ट्रेलिया निर्मित)

(ख) 9 एम एम गोलाबारुद के 3 जिन्दा राउण्ड

(ग) 9 एम एम कैलिबर की एक मैगजीन

(घ) एक चीन निर्मित हथगोला

(ड.) 9 एम एम गोला-बारुद के चार खाली खोखे।

मारे गए उग्रवादी की पहचान बाद में, चिन्गा मथक नामेइराकपम लेईकेई के एन. गैंगबम औनित उर्फ ओमान उर्फ एन्थोनी सिंह (42 वर्ष) पुत्र एन जी. बीरामुंगोल सिंह के रूप में हुई जो प्रतिबंधित संगठन आर पी एफ (रिवोल्युशनरी पीपल्स फ्रंट) के डिवीजन संख्या VI का एक स्वयंभू कमाण्डर था और सचिव के पद पर था। पुलिस रिकार्ड से पता चला कि वह मणिपुर राज्य में गैर-मणिपुरी लोगों को निशाना बनाने में मास्टर माइन्ड था।

इसका उल्लेख मामले की एफ आई आर संख्या 242(11), 10 सिंगईमेई पुलिस स्टेशन, धारा 307/34 भा.द. संहिता, 25 (1-सी) आयुध अधिनियम, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और 20 विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत किया गया है।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री एल. बिक्रमजीत सिंह, जमादार, एल. मोहिन्द्रो सिंह, कांस्टेबल और जंगखोलाल बैटे, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 18.12.2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 155-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का दूसरा बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

01.	बी. लुनथांग वाइफेई उप निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का दूसरा बार)
02.	ख. कुंजे सिंह राइफलमैन	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

बिष्णुपुर जिला के लोइबोल खुनाऊ गांव के सार्वजनिक क्षेत्र में कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (मिलिटरी काउंसिल) नामक एक अभिनिषिद्ध संगठन के सशस्त्र कॉडर जो धन उगाही करने और मंहगें हैण्डसेट (मोबाइल) फोन के लिए सरकारी कर्मचारियों और जनता को धमकाने जैसी विद्रोही एवं राष्ट्र विरोधी गतिविधियां कर रहे थे और जिला पुलिस कमाण्डो अथवा किसी सुरक्षा बल पर मौका मिलने पर घात लगाने/हमला करने की गुप्त योजना बना रहे थे, के मौजूद होने के संबंध में एक विशिष्ट और विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक, बिष्णुपुर जिला श्री के. जयन्त सिंह के समग्र पर्यवेक्षण में बिष्णुपुर पुलिस के कमाण्डो तथा 4/8 जी.आर. (सेना) के कार्मिकों के एक संयुक्त बल ने तत्काल और संक्षिप्त सार्जिकल/सी.आई. अभियान चलाने की योजना बनायी।

तदनुसार, एस.आई. लुनथांग वाइपेई के नेतृत्व में संयुक्त बल दिनांक 13.12.2009 को करीब 4.30 बजे अपराह्न (16.30 बजे) जिला मुख्यालय से लोइबोल खुनाऊ के लिए रवाना हुआ। वहां पहुंचकर, संयुक्त बल अपनी-अपनी भूमिका/सामरिक पोजीशन के लिए जहां-तहां फैल गया। जब 4/8 जी आर (सेना) के कार्मिकों ने लोइबोल खुनाऊ के सार्वजनिक क्षेत्र का बाहरी घेरा डालकर घेराव कर लिया तो बिष्णुपुर जिला पुलिस के कमाण्डो ने लक्षित क्षेत्र की ओर सामरिक दृष्टि से आगे बढ़ना शुरु किया। जब एस.आई.बी. लुनथांग वाइपेई के नेतृत्व में आगे बढ रहे कमाण्डोज अन्तर-ग्रामीण कच्ची सड़क, जो सादू चिरू जल-प्रपात तक जाती है, से होकर लक्षित क्षेत्र के नजदीक पहुंच रहे थे तो उन पर उग्रवादियों द्वारा दो दिशाओं से घात लगाकर हमला कर दिया गया। प्राकृतिक अवसंरचना के कारण भाग्य ने उनका साथ दिया और वे सीधा जमीन पर लेट गए और कुछ सेकण्ड पड़े रहे। हालांकि, उग्रवादियों की ओर से चल रही गोलियां उनके ऊपर से होकर निकल रहीं थीं, फिर भी एस आई बी. लुनथांग वाइपेई और राइफलमैन ख. कुन्जे सिंह ने जोखिमपूर्ण परिस्थिति के बावजूद और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए घुटनों के बल चलते हुए आगे बढ़ना शुरु किया और एक टीले पर अपनी पोजीशन ली और सर्विस ए.के. राइफलों से जवाबी गोलीबारी करनी प्रारम्भ की। उग्रवादियों के विरुद्ध की जा रही उनकी धुंवाधार गोलीबारी ने, उनमें से एक उग्रवादी को झाड़ी छोड़कर बेहतर पोजीशन लेने/लक्ष्य तक पहुंचने के लिए एक सूखे गड्ढ़े (नाला) की ओर भागने के लिए मजबूर कर दिया। तत्काल, एस आई बी. लुनथांग वाइपेई और राइफलमैन ख. कुंजे सिंह ने शस्त्रों से लैश उग्रवादी पर जोरदार फायरिंग की और उसे मौके पर ही ढ़ेर कर दिया। कमर में छद्म (कैमाऊफ्लैग) मैगजीन पाउच लपेटे हुए मारे गए उग्रवादी की पहचान बाद में कोन्थाऊजाम लाइरेन्खुन, इम्फाल के कोन्थाऊजाम सोमोरेन्द्रो सिंह उर्फ ब्वॉय 21 (वर्ष) पुत्र के. टेम्बा सिंह के रूप में हुई जो के सी पी (एम.सी.) का एक स्वयंभू लाँस कारपोरल था। शव के बगल में एक ए.के. 56 राइफल, ए.के. गोलाबारुद के (10) दस जिन्दा राउण्डों सहित एक मगजीन, एक केनवुड रेडियो (वॉयरलेस) सेट और ए.के. गोलाबारुद के 12 (बारह), खाली खोखे पाए गए थे।

इसके साथ ही, कुछ कदम की दूरी पर मौजूद दूसरे उग्रवादी ने लेथोड गन और अन्य अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल करके जोरदार हमला किया। यह जोरदार हमला एस आई बी. लुनथांग वाइपेई और राइफलमैन ख. कुंजे सिंह, जो अन्य कमाण्डो के आगे चल रहे थे, और जो उग्रवादियों के लिए खतरनाक थे, पर था। एस आई बी. लुनथांग वाईपेई और राइफलमैन ख. कुंजे सिंह जो उग्रवादियों की भारी गोलीबारी में फंस गए थे, ने अपनी जोखिमपूर्ण एवं विषम परिस्थिति के बावजूद बहादुरी के साथ संघर्ष शुरु किया। इस नाजुक स्थिति में, हवलदार मो. समादुर रहमान और राइफलमैन एस. कमेई नामक अन्य कमाण्डो ने अपनी सर्विस एल एम जी का प्रयोग करते हुए अधिकतम कवर फायर मुहैया कराकर उग्रवादियों के विरुद्ध जबरदस्त हमला बोल दिया। इसके साथ-साथ उन्होंने हर प्रकार की परम्परागत एवं उग्रवाद-रोधी रणनीतियों का प्रयोग करते हुए यह संघर्ष जारी रखा जो लगभग 15/20 मिनट तक चला। इन वीरों की गोलीबारी की ताकत और जाबाँज कमाण्डो के सामने टिकने में अक्षम हो जाने पर वे उग्रवादी अंधेरे का फायदा उठाकर घने जंगलों वाली छिद्रिल पहाड़ी की ओर भागने लगे। इसके बावजूद कमाण्डो ने कुछ दूरी तक उनका पीछा किया गया किन्तु अनावश्यक रूप से हताहत होने से बचने के लिए उनका पीछा करना छोड़ना पड़ा। इसके पश्चात् कमाण्डो ने मुठभेड़ स्थल और उसके आस-पास के क्षेत्रों की छानबीन करने का अभियान शुरु किया। उग्रवादियों द्वारा ट्रांजिट/अस्थायी कैम्प के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाली एक छप्परनुमा झोपडी को नष्ट करने के पश्चात उक्त अभियान पूरा हो गया। झोपड़ी के अंदर, कमाण्डो को एक थैला मिला जिसमें एक डायरी और मोबाइल सिम कार्ड तथा अन्य सामरिक सामान थे। इसके पश्चात, झोपड़ी को पूर्णत: नष्ट कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, वहां से मैगजीन में 10 जिन्दा राउण्ड्स के साथ एक ए.के. 56 राइफल 3 (तीन) जिन्दा लेथोड बम सहित एक लेथोड़ गन भी बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री बी. लुनथंग वाईपेई, उप निरीक्षक तथा ख. कुंजे सिंह, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का दूसरा बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 13.12.2009 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 156-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का पांचवा बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का चौथा बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का तीसरा बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1.	एम. सुधीर कुमार मेइतेई निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिए पदक का चौथा बार)
2.	पी. संजय सिंह उप निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिए पदक का पांचवां बार)
3.	जी. थैंगम्पाऊ निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिए पदक का प्रथम बार)
4.	बी. लुनथांग वाइपेई उप निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिए पदक का तीसरा बार)
5.	डी. रोबिनसन जमादार	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
6.	जी. जिंगाऊथांग हवलदार	(वीरता के लिए पुलिए पदक का प्रथम बार)
7.	थोंगखोसेई ताउथांग राइफलमैन	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
8.	डी. जेम्स माओ राइफलमैन	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
9.	एम. खुम्पसुआंखई राइफलमैन	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 01.10.2009 को लगभग 1000 बजे पूर्वाह्न (10.00 बजे) बिष्णुपुर जिला पुलिस मुख्यालय को इस आशय की एक विश्वस्त आसूचना जानकारी प्राप्त हुई कि कांगलेई याओल कन्ना लुप (मिलिटरी डिफेंस फोर्स) संक्षेप में के वाई के एल (एम.डी.एफ.) के भारी मात्रा में

हथियारों से लैस कॉडर/उग्रवादी वहां से उत्तर-पश्चिम की ओर लगभग 20 मील की दूरी पर टिंगकई खुलेन और टिंग साई खुनाऊ में देखे गए हैं। जानकारी प्राप्त होने पर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बिष्णुपर श्री के. जयन्त सिंह ने ओ.सी. बिष्णुपुर पुलिस कमाण्डो और निरीक्षक एम. सुधीर कुमार मेइतेई को जानकारी का सत्यापन करने का निर्देश दिया और तदनुसार, कार्रवाई हेतु प्रस्थान किया। इंस्पेक्टर एम. सुधीर कुमार मेइतेई ने तत्काल 73वीं माउन्टेन बिग्रेड के अधीन आने-वाले 21वें सेमी-कामण्डो के समन्वय से उक्त सशस्त्र कॉडरों/उग्रवादियों के विरुद्ध आक्रामक/सी.आई. अभियान शुरु करने की एक व्यापक योजना तैयार की। तदनुसार, दिनांक 01.10.2009 को लगभग 6.00 बजे अपराह्न (1800 बजे) दूसरी आई आर बटालियन के एस.आई.जी. थैंगमपाऊ और जे.सी. जेम. डी. रॉबिन्सन के नेतृत्व में बिष्णुपुर पुलिस कमाण्डो ने 21वीं पैरा-कमाण्डो की एक आक्रामक टीम के साथ मिलकर बिष्णुपुर जिला मुख्यालय से पैदल ही प्रस्थान किया और ओइनम, केइनाऊ, बुंगटे चिरू, थांगबुक को पार करते हुए टिंगकई खुलेन एवं टिंगकई खुनाऊ की ओर चल पड़े और दिनांक 02.10.2009 को सूर्योदय से पहले/तड़के सुबह टिंगकई खुलेन पहुंच गए। टिंगकई खुलेन पहुंचने पर उन्हें यह जानकारी मिली कि वे सशस्त्र कॉड़र/उग्रवादी लोइबोल गांव की ओर चले गए हैं। उन्होंने तत्काल, टिंगकई खुलेन से प्रस्थान किया और लेइबोल की ओर चल पड़े।

लेइबोल गांव के नजदीक खेती हट पहुंचने के पश्चात, उन्हें फिर यह जानकारी मिली कि सशस्त्र कॉडर/उग्रवादी लोइबोल गांव से चले गए हैं और पूर्व की ओर जल-प्रपात और वारिओचिंग की ओर बढ़ गए हैं। भागकर जा रहे सशस्त्र कॉडरों/उग्रवादियों को पकड़ने के लिए कमाण्डो को टिंगकई खुलेन की ओर वापस आना पड़ा।

3. दिनांक 03.10.2009 को लगभग 6.00 बजे अपराह्न (1800 बजे) बिष्णुपुर जिला पुलिस मुख्यालय में एक तत्काल सूचना मिली कि वही सशस्त्र कॉडर/उग्रवादी लोइबोल गांव से उतरकर जल-प्रपात (वाटरफाल) और वारोइचिंग पहुंच गए हैं तथा उनमें से कुछ उग्रवादियों के एक मारुति कार में सवार होकर लेईमारम गांव की ओर वहां तैनात सुरक्षा बलों पर घात लगाकार हमला करने के लिए आने की सभावना है। इस गंभीर जानकारी/सूचना के प्राप्त होने पर श्री एम. सुधीर कुमार मेइतेई, ओ.सी. बिष्णुपुर पुलिस कमाण्डो ने तत्काल अपने कार्मिकों को सशस्त्र कॉडरों/उग्रवादियों के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए सतर्क किया और एस.आई. पी. संजय सिंह के अधीन एक कमाण्डो टीम को प्रश्नगत जगह पहुंचने तथा लेइमारम गांव की ओर आने वाले व्यक्तियों और वाहनों की तलाशी और जांच करने के लिए कहा। जब बिष्णुपुर पुलिस कमाण्डो के उप निरीक्षक पी. संजय सिंह और उनके साथी लेइमारम शान्ति बाजार के निकट एक स्थान पर पहुंचे, तो उस समय इतना अंधेरा हो चुका था कि वे बारोइचिंग क्षेत्र से आ रही मारुति कार को बड़ी मुश्किल से देख सके। उन्होंने कार पर झपट्टा मारा और तत्काल उन तीनों को देख लिया जो सम्भवत: के वाई के एल (एम डी एफ) के कॉडर थे। कमाण्डो टीम से अनजान, मारुति कॉर के पीछे कुछ दूरी पर डी आई टाटा वाहन में चल रहे उसी गुट के सशस्त्र कॉडरों ने अचानक भारी तादाद में हताहत करने तथा आसानी से बचकर निकल भागने के उद्देश्य

से कमाण्डो टीम पर अपने स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरु कर दी। जिंगाऊथंग नामक एक हवलदार के सीने पर गोली लगने से वे बुरी तरह घायल हो गये। दूसरे नागरिक को भी लेइमारम सड़क के दाहिनी ओर नाले पर सशस्त्र कॉडरों/उग्रवादियों की गोली लगी जिससे उसकी मृत्यु हो गई। आरम्भ में ही हताहत होने के बावजूद उप निरीक्षक पी. संजय सिंह के नेतृत्व में कमाण्डो टीम ने भाग रहे सशस्त्र काडरों को, लगातार गोलीबारी करके मुठभेड़ में उलझा लिया और इस प्रकार उन्हें लेईमारम शान्ति बाजार से लगभग 100 मीटर की दूरी पर बनाए रखा। मुठभेड़ के बीच एक को छोड़कर शेष सशस्त्र कॉडर/उग्रवादी डी आई टाटा वाहन से कूद गए और अपनी पोजीशन लेकर कमाण्डो के ऊपर गोलियां चलाने लगे। डी आई टाटा वाहन से सशस्त्र कॉडरों/उग्रवादियों के तितर-बितर फैलने के दौरान मिले मौके का फायदा उठाकर उप-निरीक्षक पी. संजय सिंह ने हवलदार जिंगाऊथंग (घायल) जो सड़क के किनारे चित्त पड़े थे, के साथ सड़क पर घुटने के बल चलते हुए लेइमारम शान्ति बाजार के पास एक ऊंचे टीले के निकट पोजीशन ली और अपनी जान की परवाह किए बगैर अपनी सर्विस ए.के. असाल्ट राइफलों से जबावी गोलीबारी शुरु कर दी। उक्त मुठभेड़ में, उन्होंने, एक सशस्त्र कॉडर/उग्रवादी को मार गिराया था और उक्त डी आई – टाटा वाहन से एक एम-16 राइफल और गोला-बारुद के सात राउण्ड भी बरामद किए थे। शेष सशस्त्र काडरों/उग्रवादियों द्वारा कमाण्डो पर भी गोलियाँ चलायी जा रही थी। लेइमाराम शान्ति बाजार में पुलिस कमाण्डो और सशस्त्र काडरों/उग्रवादियों के बीच चल रही गोलीबारी का पता चलने पर निरीक्षक एम. सुधीर कुमार मेइतेई, ओ.सी. बिष्णुपुर पुलिस कमाण्डो, जो पहले दिन से ही आक्रामक/सी.आई. अभियान का समन्वय कर रहे थे, तुरन्त उप-निरीक्षक वी. लुनथांग वाइपेई और उनके साथियों के साथ मुठभेड़ स्थल की ओर गए। घटनास्थल पर पहुंचकर, उन्होंने हवलदार जिंगाउथंग, जो छाती पर सशस्त्र काडरों/उग्रवादियों की गोली लगने से बुरी तरह घायल हो गए थे, को वहां से निकालकर नजदीकी सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और फिर उस दूरी तथा स्थान का अनुमान लगाया जहां से उनकी ओर गोलियां आ रही थीं।

और अधिक समय गवांए बगैर, निरीक्षक एम. सुधीर कुमार, मेइतेई, उप निरीक्षक बी. लुनथांग वाइपेई और राइफलमैन जेम्स माओ अपने-अपने वाहनों पर चढ़े और लेइमारम शान्ति बाजार से पश्चिम की ओर लगभग 200 मीटर की दूरी पर एक स्थान की ओर गए और वहाँ अपने वाहनों से कूद गए। यद्यपि, वे सड़क पर किसी प्रकार की प्राकृतिक ओट (कवर) के न होने की वजह से बिल्कुल खुले में आ गए थे, तथापि वे सूखे नाले की ओर लुढ़कते हुए गए और वहां अपनी-अपनी पोजीशन ले ली। सशस्त्र कॉडरों/उग्रवादियों के अत्याधुनिक हथियारों से फायर की जा रहीं गोलियां तेजी से सनसनाती हुई आ रही थीं, किन्तु निरीक्षक एम. सुधीर कुमार मेइतेई, ओ.सी. बिष्णुपुर पुलिस कमाण्डो, उप निरीक्षक बी. लुनथांग वाइपेई और राइफलमैन डी. जेम्स माओ ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बगैर और अपनी जान की बाजी लगाकर अपनी सर्विस ए.के. राइफलों से उन हमलावर सशस्त्र कॉडरों/उग्रवादियों पर गोलियों की बौछार शुरु कर दी जो पहले से ही सुरक्षित पोजीशनों पर थे। सशस्त्र कॉडरों/उग्रवादियों की ओर से किए जा रहे लेथोड बम धमाकों, असाल्ट राइफलों और मशीनगनों की तड़ातड़ हो रही

गोलीबारी की कानों को सन्न कर देने वाली आवाज से भयभीत एवं घबराए बिना जुझारू कमाण्डो ने उन्हें ऐसी घमासान मुठभेड़ में उलझा लिया जो लगभग 5/10 मिनट तक चलती रही। चूंकि सूर्यास्त हो चुका था इसलिए वहां गहरा अंधकार था और भीषण गोलीबारी के सन्नाटे के क्षण को काबू करते हुए उप-निरीक्षक बी. लुनथांग वाइपेई और राइफलमैन डी. जेम्स माओ कच्ची सड़क के साथ घुटनों के बल चलते हुए तेजी से आगे बढ़ने लगे और रूक-रूक कर गोलीबारी करते हुए उस स्थान के पास पहुंच गए जहां से सशस्त्र कॉडर/उग्रवादी उन पर तीव्र हमला कर रहे थे। इसके तत्काल, बाद बचे-खुचे दुश्मनों का सफाया करने के अभियान के दौरान, उन्हें गोलियों से छलनी एक सशस्त्र कॉडर/उग्रवादी का शव, छद्मवारण में परिश्रान्त अवस्था में ढ़लान पर मिट्टी से सना हुआ मिला और इसके साथ-साथ उन्होंने एक यूनिवर्सल मशीन गन (यू एम जी), एक थैला जिसमें ए.के. गोला-बारुद के बेल्ट में लगे 277 (दो सौ सतहत्तर) राउण्ड, एक ए.के. ब्रीच ब्लॉक और एक चीन निर्मित हथगोला और ए.के. गोला-बारुद के खाली खोखे, लेथोड बम (जिन्दा एवं खाली खोखे), और ए.के. गोला-बारुद के फायर किए गए प्रक्षेपक भी बरामद किए। इसी बीच घायल हो गए हवलदार जिंगाऊथांग को चिकित्सा उपचार हेतु विष्णुपुर पुलिस कमाण्डो की दूसरी प्रबलित टीम द्वारा आर आई एम एस अस्पताल, लैम्फेल पाट, (इम्फाल) ले जाया गया। जैसा कि कहावत है कि "बहादुर के साथ भाग्य होता है" ये पुलिस कमाण्डो मौत के जबड़े से बचकर निकल आए क्योंकि उन्होंने एक बहादुरीपूर्ण एवं भीषण चुनौती का सामना किया था। ये लगातार गोलीबारी करते रहे और भाग रहे सशस्त्र काडरों/उग्रवादियों का तक तब तक पीछा करते रहे जब तक कि वे जान बचाने के लिए वहां से रफूचक्कर नहीं हो गए। अन्ततः, सशस्त्र कॉडर/उग्रवादी टिंगकई खुनाऊ की ओर भाग गए। यह ऐसे हुआ कि उप-निरीक्षक जी. थैंगमपाऊ और जमादार रोविन्सन के नेतृत्व में पुलिस कमाण्डो टीम ने दिनांक 01.10.2009 को 73-माउन्टेन ब्रिग्रेड के अधीन 21-पैरा कमाण्डो की क्रैक टीम के साथ पैदल ही बिष्णुपुर जिला पुलिस मुख्यालय छोड़ दिया था और दिनांक 03.10.2009 को जब वे टिंगकई खुलेन से नीचे की ओर आ रहे थे तब वे वापस लौट रहे सशस्त्र कॉडरों/उग्रवादियों के आड़े आ गए। जब कमाण्डो टिंगकई खुलेन/खुनाऊ पोनी फार्म एरिया के नजदीक पहुंचे तो वापस लौट रहे सशस्त्र कॉडरों/उग्रवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरु कर दी। इस स्थिति में, उप निरीक्षक थैंगमपाऊ, जे सी. जमादार, रोबिन्सन, राइफलमैन एम. खुपसुआंकई झाऊ और राइफलमैन थांगखोसेई ताऊथांग, जो मोर्चे पर सबसे आगे थे, ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बगैर जवाबी गोलीबारी की। इसके पश्चात, कमाण्डो और सशस्त्र कॉडरों/उग्रवादियों के बीच घमासान मुठभेड़ शुरु हो गई जो लगभग 10/15 मिनट तक चली। इसके पश्चात मुठभेड़ स्थल पर बचे-खुचे दुश्मनों का सफाया करने का अभियान चलाया गया जिसमें पोनी फार्म एवं हाईटप मखोंग के निकट टिंगकई खुनाऊ की ढ़लान पर दो सशस्त्र काडरों/उग्रवादियों के छद्मावरण में परिश्रान्त शव पाए गए जिनके शरीर पर बहुत सारी गोलियां लगी थीं।

पोनी फार्म एवं हाईटप मखोंग के निकट टिंगकई खुनाऊ में मिले दो शवों के पास से निम्नलिखित हथियार और गोलाबारुद भी पाए गए (बरामद किए गए):-

(i) एक ए.के. असाल्ट राइफल, 7.62 ए.के. गोलाबारुद के (10) दस जिन्दा राउण्ड के साथ ए.के. की दो मैगजीनें

(ii) यू बी जी एल युक्त एक ए-4 असाल्ट राइफल, 5.56 एम एम राउण्ड के तेरह जिन्दा राउण्ड युक्त एक मैगजीन, एक 40 एम एम यू बी जी एल जिन्दा राउण्ड और दो यू बी जी एल फायर किए हुए खोखे। बाकी सशस्त्र कॉडर/उग्रवादी टिंगकई के दक्षिण-पश्चिम की ओर बचकर भाग निकलने में कामयाब हो गए क्योंकि वह क्षेत्र अंधेरे और घने जंगलों वाला था। उपर्युक्त तीन मुठभेड़ों के दौरान के.वाई.के.एल. (एम डी एफ) के तीन (3) खूंखार काडरों को गिरफ्तार किया गया था और के वाई के एल (एम डी एफ) के चार (4) सशस्त्र काडरों को अलग-अलग जगहों अर्थात लेईमारम, शान्ति बाजार और पोनी फार्म के निकट टिंगकई खुनाऊ में मार गिराया गया था।

शवों की पहचान निम्नलिखित के रूप में की गई :-

(i) वाहेंगबम ललितो सिंह (41) वर्ष पुत्र नील कमल सिंह निवासी थिनुनगेई माखन लेइकई, जिला विष्णुपुर,

(ii) लेईसंगथेम लाखन उर्फ गुलापी (27) वर्ष पुत्र एल. इटोचा सिंह निवासी लैंगमेईडांग मामांग लेइकेई, जिला थाऊबल,

(iii) खुराइजाम सुन्दर उर्फ लक्पा सिंह (19) वर्ष पुत्र खुराइजाम सोमेन्द्रो सिंह निवासी पुखाओ आहालुप, जिला इम्फाल पूर्व और

(iv) खुन्द्राकपाम सुरजीत सिंह (22) वर्ष पुत्र ख. जुगिन सिंह निवासी काकचिंग इरूप मापल, जिला थाउबल। ये सभी के.वाई.के.एल. (एम डी एफ) के कॉडर थे जो एस/एस सार्जेन्ट मेजर उत्तम और एस/एस कारपोरल बाराजाओ सिंह की कमान के अधीन योद्धा गुट (फाइटिंग ग्रुप) से सहबद्ध थे।

के.वाई.के.एल. के तीन खूंखार काडर, जिन्हें लेईमारम और शान्ति बाजार मुठभेड़ों के दौरान गिरफ्तार किया गया था, निम्नलिखित हैं:-

(i) हिजाम प्रियो कुमार सिंह उम्र 38 वर्ष, पुत्र एच. अतोयैमा सिंह निवासी नाओरेमथांग सैमुसंग लैरेम्बी लेइकेई, जिला पश्चिम इम्फाल,

(ii) यामबेम बीरेन सिंह उम्र 36 वर्ष पुत्र (स्व.) वाई कृति सिंह निवासी बासीखोंग कोंगबा इरोंग, जिला पूर्वी इम्फाल और

(iii) लैखराम थानिन सिंह उर्फ मुतेन उम्र 18 वर्ष पुत्र एल. तोंजिंग सिंह निवासी तुमुखोंग मयाई लेइकेई, जिला पूर्वी इम्फाल जिसका भूमिगत आर्मी नं. 749 है।

इसके साथ-साथ, मुठभेड़ में मारे गए के.वाई.के.एल. (एम डी एफ) के चार उग्रवादियों और गिरफ्तार किए गए तीन सशस्त्र कॉडरों से अन्य सामान के साथ-साथ निम्नलिखित हथियार और गोला बारुद बरामद किए गए: (i) एक एम-16 राइफल, 5.56 एम.एम. गोलाबारुद के सात राउण्ड युक्त एक मैगजीन (ii) एक यूनिर्सल मशीन गन (यू एम जी) और एक थैला जिसमें ए.के. गोलाबारुद के बेल्ट में चढ़े 277 जिन्दा राउण्ड, एक ए.के. ब्रीच ब्लॉक और एक चीन निर्मित हथगोला था (iii) एक ए.के. 56 असाल्ट राइफल, ए.के. की 2 मैगजीनें, 7.62 ए.के. गोला बारुद के दस जिन्दा राण्ण्ड (iv) यू बी जी एल (अण्डर बैरल ग्रेनेड लांचर) के साथ ए-4 असाल्ट राइफल, 5.56 एम एम राउण्ड के तेरह जिंदा राउण्ड की एक मैगजीन, एक 40 एम एम यू बी जी एल जिन्दा राउण्ड और दो फायर किए हुए यू बी जी एल के खोखे (v) एक सफेद रंग की मारुति कार-800 जिसका रजिस्ट्रेशन नं. एम एन-01 एम-3291 है (vi) एक डिक्टा-फोन टेप रिकार्डर - पैनासोनिक, जापान निर्मित, एक सोनी साइबर शॉट डिजिटल कैमरा जिस पर डी एस सी-एन-2 अंकित है उसकी मेमोरी स्टिक पी आर ओ, डी वी ओ, 1 जी बी, मेमोरी कार्ड में के.वाई.के.एल. (एम डी एफ) के सशस्त्र कॉडरों के फोटोग्राफ।

6. इस मुठभेड़ के परिणामस्वरूप, भूमिगत संगठन विशेष रुप से के.वाई.के.एल. (एम डी एफ) को एक जोरदार झटका लगा। इसका उल्लेख एफ आई आर मामला सं. 76(10)09 एन बी एल पुलिस स्टेशन में धारा 121/121-ख/307/427 भा.द.संहिता, 25(1-ग) आयुध अधिनियम, 20/16 विधि-विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम और 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत है।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री एम. सुधार मेइतेई, निरीक्षक, पी. संजय सिंह, उप-निरीक्षक, जी. थैंगमपाऊ, निरीक्षक, बी. लुनथांग, वाइपेई, उप-निरीक्षक, डी. रॉबिन्सन, जमादार, जी. जिंगाऊथांग, हवलदार, थौंगखोसेई ताउथांग, राइफलमैन, डी. जेम्स माओ, राइफलमैन तथा एम. खुम्पसुआंखई, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का पांचवा बार/पुलिस पदक का चौथा बार/पुलिस पदक का तीसरा बार/पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 03.10.2009 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 157-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का 5वां बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का 2रा बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1.	एम. सुधीर कुमार मेइतेई निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का 5वां बार)
2.	जी. थैंगमपाऊ निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का दूसरा बार)
3.	दैहो पोखरेहो हवलदार	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
4.	एम. इंगोचा सिंह हवलदार	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
5.	टी आंगटे मारिंग कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
6.	मो. हसन अली राइफलमैन	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

विगत कुछ महीनों में मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में उग्रवादियों द्वारा भारी फिरौती के लिए चुनिंदा सरकारी कर्मचारियों के अपहरण की कुछेक घटनाएं हुईं। दिनांक 13.09.2010 को एक महिला फिजीशियन डॉ. आर.के. जॉयमती देवी और एक स्टाफ नर्स कु. डब्ल्यू. कबिता देवी का मेकोला सार्वजनिक चिकित्सा केन्द्र से सरकारी ड्यूटी का निर्वहन करते समय बंदूक की नोक पर दिन-दहाड़े अपहरण कर लिया गया था। दुबारा दिनांक 20.09.2010 को ओनीनाम जुगिन्द्रो सिंह (48) पुत्र ओ. रूद्र सिंह, निवासी लेईमापोकपाम अवांग लेइकेई का उसके घर से इसी तरीके से अपहरण कर लिया गया था। सी डी ओ, विष्णुपुर द्वारा संदिग्ध क्षेत्रों में तत्काल बचाव

अभियान शुरु करके पीड़ितों की जान को तो बचा लिया गया परन्तु उग्रवादी बिष्णुपुर की भू-आकृतिक संरचना का फायदा उठाकर बचकर निकल गए।

सी डी ओ यूनिट, बिष्णुपुर के अथक प्रयासों के फलस्वरूप, एक विश्वसनीय स्रोत से यह सूचना प्राप्त हुई कि घाटी के प्रतिबंधित संगठन – कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी-मिलिटरी टास्क फोर्स, संक्षेप में के.सी.पी. (एम.टी.एफ) के लगभग 10 उग्रवादी कुछ वरिष्ठ कॉडरों, जो फिरौती के लिए लोगों का अपहरण करने के लिए कुख्यात थे, के नेतृत्व में युमनाम खुनाऊ ममांग पाट, जो नामबोल पुलिस स्टेशन से लगभग 7 (सात) कि.मी. की दूरी पर है, के सार्वजनिक क्षेत्र में एक फिश फार्म में रूके हुए हैं। जब वे किसी बड़ी आपराधिक घटना की योजना बना रहे थे, तभी दिनांक 05.10.2010 को करीब 9.00 बजे अपराह्न (21 बजे) सी डी ओ यूनिट, बिष्णुपुर को तत्काल एक सूचना मिली कि इशोक ग्राम पंचायत के उप प्रधान श्री आर.के. ओपेन्द्रो सिंह के छोटे भाई आर..के. सनायैमा सिंह का चार सशस्त्र उग्रवादियों द्वारा उनके घर से अपहरण कर लिया गया है और वे उन्हें युमनाम खुनाऊ मामांग पाट की ओर ले गए हैं। तत्काल सी डी ओ यूनिट, बिष्णुपुर के प्रभारी अधिकारी, निरीक्षक एम. सुधीर कुमार मेइतेई ने एक संक्षिप्त एवं प्रभावी योजना तैयार की। योजना के अनुसार, सी डी ओ, बिष्णुपुर की तीन टीमों को तत्काल विभिन्न रास्तों से उक्त पाट (लेक) की ओर प्रस्थान करना था।

सी डीओ, बिष्णुपुर की एक टीम जिसमें ओ सी, डी ओ, बिष्णुपुर निरीक्षक एम. सुधीर कुमार मेइतेई और उनके जवान तथा निरीक्षक जी. थैंगमपाऊ, हवलदार दैहो, हवलदार, एम. इंगोचा सिंह, कांस्टेबल, टी आंगटे मारिंग, राइफलमैन, मो. हसन अली शामिल थे, करीब 10.00 बजे अपराह्न (22 बजे) इशोक गांव होते हुए युमनाम खुनाऊ ममांग पाट के सार्वजनिक क्षेत्र में पहुंच गई और उस फिश फार्म का पता लगाया जहां उग्रवादियों के ठहरे होने की आशंका थी। जब वे फिश फार्म के उत्तरी दिशा की ओर घेरा डाल रहे थे, तभी उन पर उग्रवादियों द्वारा लहराती हुई लम्बी घास (फ्लेटिंग टाल ग्रास) पर बनी झोपड़ी की दिशा से घात लगाकर हमला कर दिया गया। आगे बढ़ रही सी डी ओ टीम जमीन पर लेट गई और अपनी ए.के. 47 सर्विस राइफल से गोलियों की बौछार करते हुए उन पर जवाबी गोलीबारी की। चूंकि जवाबी गोलीबारी, उग्रवादियों की गोलीबारी को नहीं रोक पा रही थी, इसलिए निरीक्षक जी. थैंगमपाऊ, हवलदार एल. अमरजीत, कांस्टेबल, टी. आंगटे मारिंग और राइफलमैन मो. हसन युक्तिपूर्वक और सावधानी के साथ चारों और फैल गए और पूर्व की ओर फिश फार्म के चारों ओर बने एक रिंग बांध तक घुटनों के बल चलते हुए पहुंच गए और भीषण गोलीबारी की जंग शुरु कर दी। निरीक्षक जी. थैंगमपाऊ और अन्य कर्मियों द्वारा की जा रही धुंवांधार गोलीबारी से उत्पन्न स्थिति को भांपकर, निरीक्षक सुधीर कुमार मेइतेई, हवलदार दैहो, हवलदार इंगोचा और राइफलमैन पहाड़ी ने फिश फार्म की सामरिक उत्तरी दिशा को कवर किया और रिंगबांध पर अपनी पोजीशन लेकर जबरदस्त हमला बोल दिया। इसके बाद उन्होंने झोपड़ी के नजदीक पहुंचने की कोशिश की किन्तु उग्रवादियों, जो झोपड़ी के पास एक खाई में अपनी पोजीशन लिए हुए थे,

ने सी डी ओ की ओर फायरिंग करना जारी रखा। उग्रवादियों की सुभेद्य मारक रेंज के बावजूद, आगे बढ़ रहे सी डी ओ अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बगैर सामान्य ड्यूटी से परे जाकर लगभग 30 मिनट तक उग्रवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ करते रहे और अन्ततः झोपड़ी की ओर से आ रही गनफायर की दनदनाती आवाजें रूक गईं। दोनों ओर से गोलीबारी के शान्त हो ज़ाने पर सीडीओ द्वारा युमनाम खुनाऊ ममांग पाट में और उसके आस-पास एक व्यापक और विस्तृत तलाशी अभियान शुरु किया गया। सी डी ओ को झोपड़ी के पास गोलियों से घायल 4 (चार) शव मिले। इस प्रकार, इशॉक नगर के श्री आर.के. सनायैमा, जिन्हें भारी-फिरौती के लिए इन मारे गए उग्रवादियों द्वारा अगवा कर लिया गया था, को लहराती हुई लम्बी घास की निकटवर्ती झांड़ियों से सुरक्षित बचा लिया गया और नामबोल पुलिस स्टेशन के माध्यम से उन्हें उनके परिवार को सुपुर्द कर दिया गया। मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित हथियार और गोला-बारूद इत्यादि बरामद किए गए थे :-

(क) 9 एम एम पिस्टल – 02

(ख) 9 एम एम मैगजीनें – 02

(ग) 9 एम एम जिन्दा गोला-बारुद – 09 राउण्ड

(घ) चीन निर्मित हथगोला – 01

(ङ) लैथोड गन – 40 एम एम – 01

(च) नोकिया हैण्ड सेट और उसके साथ सिम कार्ड सं. 8014547041

मारे गए उग्रवादी, प्रतिबंधित संगठन के सी पी (एम टी एफ) – सुनील गुट के कॉडर थे और युमनाम खुनाऊ ममांग पाट में तथा इसके आस-पास सक्रिय थे। शवों की पहचान निम्न के रूप में की गई:

(क) लैशराम अंगंगमाचा सिंह उर्फ ननाऊ, 28 पुत्र (स्व.) एल. अंगंघाल सिंह निवासी वाहेगंखुमान मायेई लेइकेई जिला पश्चिम इम्फाल, मणिपुर ।

(ख) अंगोम प्रेमानन्द सिंह उर्फ ननाऊ (28) पुत्र ए. आर्के सिंह निवासी ताऊबाल अवांग लेइकेई, बिष्णुपुर जिला, मणिपुर ।

(ग) निगथाऊजाम मनाओबी सिंह 45 पुत्र (स्व). एन. टोटो उर्फ तोम्बी सिंह निवासी ताऊबाल अबांग लेइकेई, बिष्णुपुर जिला, मणिपुर ।

(घ) अथोकपाम राजेन सिंह (24) पुत्र नोबिन सिंह निवासी हुईकाप अवांग लेइकेई, जिला पूर्वी इम्फाल, मणिपुर ।

शवों का दावा, उनके संबंधियों द्वारा धार्मिक रीतिरिवाजों/प्रथाओं को पूरा करने के लिए, किया गया था। तलाशी अभियान में के सी पी (एम टी एफ) सुनील घटक के गिरफ्तार किए गए कॉडर निम्नलिखित हैं:-

(क) युमनाम थेम उर्फ फजाबा सिंह (24) पुत्र वाई. रनीत सिंह, निवासी यूरोपोक मयेयी लेइकेई, जिला पश्चिम इम्फाल, मणिपुर।

(ख) समजेतसाबम प्रदीप उर्फ पंडित मेइतेई (25) पुत्र एस. अनाऊ मेइतेई निवासी ऊचों येरीपॉक, जिला पूर्वी इम्फाल, मणिपुर।

जांच-पड़ताल पर यह पता चला कि मुठभेड़ में मारे गए चारों कॉडर मेकोला पी एच सी से डॉ. आर.के. जयमती और स्टाफ नर्स कु. डब्ल्यू. कविता देवी और सामाजिक कल्याण विभाग, मणिपुर सरकार के कर्मचारी लेइमापोकपाम के श्री ओइनाम जुगिंद्रो सिंह का अपहरण करने में प्रत्यक्ष रूप से संलिप्त थे।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री एम. सुधीर कुमार, मेइतेई, निरीक्षक, जी. थैंगमपाऊ, निरीक्षक, दैहो पोखरेहो, हवलदार, एम. इंगोचा सिंह, हवलदार, टी. आंगटे मारिंग,कांस्टेबल और मो0. हसन अली, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का 5वां बार/ पुलिस पदक का दूसरा बार/पुलिस पदक का प्रथम बार और पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 05.10.2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 158-प्रेज/2011, राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का दसूरा बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1.	के. बोबी सिंह उप निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का दूसरा बार)
2.	एन. टोमबॉय कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 26.12.2009 के निर्णायक दिन लगभग 1.30 बजे एक विश्वस्त जानकारी प्राप्त हुई कि बंधक बनाए गए व्यक्तियों में से एक व्यक्ति अपहरणकर्ताओं के चंगुल से बच गया है ओर उसे खुदेंगथाबी पहाड़ियों में कहीं पर देखा गया है। इम्फाल पश्चिम कमाण्डो यूनिट के उप-

निरीक्षक के. बोबी को तत्काल दो अन्य टीमों के साथ उस क्षेत्र में जाने और बंधक को बचाने का अनुदेश दिया गया। तदनुसार, एक योजना तैयार की गई और टीमों को विभक्त कर दिया गया। हवलदार जी. अमित शर्मा (इम्फाल पश्चिम कमाण्डो यूनिट) के नेतृत्व में आधी टीम को खुदेंगथाबी पहाड़ी के बीचों-बीच घने जंगलों से होकर चढ़ने का अनुदेश दिया गया ताकि अपहरणकर्ताओं के पहाड़ी की चोटी से बचकर निकल भागने के रास्ते को रोका जा सके। जबकि उप निरीक्षक के. बोबी के नेतृत्व में आधी टीम सूझबूझ के साथ पहाड़ी की तलहटी के क्षेत्र की ओर चलने लगी। अचानक, सौ फीट की दूरी पर एक पुरूष ने घनी झाडी के अंदर से "कनबियो-कनबियो" (बचाओ-बचाओ) की आवाज लगायी। सतर्क होकर और अचम्भे के साथ उप निरीक्षक के. बोबी सूझबूझ के साथ उस स्थान की ओर दौड़े और एक व्यक्ति को घुटनों के बल बैठे और अपनी आंखे बंद किए हुए "कनबियो-कनबियो" (बचाओ-बचाओ) की बार-बार आवाज लगाते हुए पाया। अपहरणकर्ताओं के वहां मौजूद होने के किसी संकेत के लिए चारों तरफ देखने और संतुष्ट होने के पश्चात उप-निरीक्षक के. बोबी उसके पास पहुंचे और उस बंधक नामत: ओकेन्द्रो सिंह को बचा लिया।

एक बंधक को मुक्त करा लेने के साथ यह अभियान और जोखिमपूर्ण हो गया। इसलिए पुलिस को तत्परता पूर्वक कार्रवाई करनी थी और तेजी से आगे बढ़ना था तथा दूसरे बंधक को बचाना था क्योंकि यदि अपहरणकर्ताओं को यह मालूम हो जाता कि एक बंधक को बचा लिया गया है तो दूसरे बंधक का जीवन ज्यादा खतरे में पड़ जाता। इस प्रकार, यह अभियान सारी रात जोरदार तरीके से चलाया गया और पहाड़ी क्षेत्र के चारों ओर के सभी संभावित कट-ऑफ क्षेत्रों को सील कर दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक/आई डब्ल्यू (अभियान) द्वारा एकत्रित स्रोत रिपोर्टों से यह जानकारी मिली कि दूसरे बंधक को अभी तक कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया है और वह अपहरणकर्ताओं के साथ है। बंधक व्यक्ति के शारीरिक गठन और उसके द्वारा पहने कपड़ों के रंग के बारे में अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) द्वारा टीम के कमाण्डरों को उनके वायरलेस सेटों तथा मोबाइल फोनों के माध्यम से सावधानीपूर्वक ब्रीफ किया गया। यह अभियान दिनांक 27.12.2009 को अगले दिन भी चलता रहा।

दिनांक 28 दिसम्बर, 2009 की सुबह में, एक विस्तृत तलाशी (कॉम्बिंग) अभियान शुरु किया गया और इसे इकपाल गांव में तथा इसके आस-पास चलाया गया। जब तलाशी अभियान इकपाल गांव के क्षेत्र में चल रहा था, तभी डॉ. ए.के. झालाजीत, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), उप-निरीक्षक के. बोबी और उनकी टीमों ने कैप्टन संदीप (39 असम राइफल्स) के साथ मपाओ चोटी को पार किया और उन्होंने सेनापति जिले के अन्तर्गत आने वाले मपाओ खुलेन और निकटवर्ती मपाओ तंगखुल गांव के संदिग्ध क्षेत्रों की तलाशी की। 39-असम राइफल्स के कैप्टन संदीप और इम्फाल पश्चिम कमाण्डो की एक टीम को उस क्षेत्र में फिर से अभियान चलाने का दायित्व लेने का आदेश दिया। इसके पश्चात डॉ. ए.के. झालाजीत, अपर पुलिस अधीक्षक/आई डब्ल्यू (अभियान) के नेतृत्व में उप-निरीक्षक के. बोबी के साथ तीन टीमें दक्षिण

की ओर मपाओ थंगल की ओर आगे बढ़ीं। दिनांक 28.12.2009 को करीब 6.10 बजे अपराह्न, जब वे मपाओ थंगल गांव की ओर बढ़ रहे थे तभी यह संक्षिप्त सूचना मिली कि अपहरणकर्ता उस बंधक व्यक्ति को साथ लेकर मपाओ थंगल गांव के टेढ़े-मेढ़े, रास्ते दक्षिण की ओर पुलिस टीम के आगे-आगे जा रहे हैं। समय गवांए बगैर अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) के अधीन वह टीम वैकल्पिक पहाड़ी की तलहटी के रास्ते को पकड़कर आगे बढ़ने लगी ताकि अपहरणकर्ताओं को मार्ग में ही रोका जा सके। उप निरीक्षक के. बोबी और उनकी टीम डॉ. झालाजीत की टीम को पोजीशन लेने के लिए समय देने हेतु धीरे-धीरे बढ़ रही थी।

कुछ देर पश्चात, जब कमाण्डर (डॉ. ए.के. झालाजीत, अपर पुलिस अधीक्षक/अभियान) की टीम द्वारा उनके बच निकलने के सभी संभावित रास्तों को रोक दिया गया तो उप निरीक्षक के. बोबी को दक्षिण की ओर से सूझबूझ के साथ अपहरणकर्ताओं का पीछा करने और उन्हें चुनौती देने का अनुदेश दिया गया। तब, मपाओ थंगल गांव पहुंचने से ठीक 200 मीटर की दूरी पर उप निरीक्षक के. बोबी द्वारा चांदनी के उजाले में सम्भवत: असाल्ट राइफल जैसे हथियार लिए हुए 6/7 लोगों को देखा गया। यह तब और स्पष्ट हो गया, जब उत्साही उप निरीक्षक के. बोबी ने पंजों के सहारे उनके ही मार्ग पर चलते हुए नजदीक से यह देखा कि स्वचालित असाल्ट राइफलें और छोटे हथियार लिए हुए कुछ युवक एक व्यक्ति (जिसके हाथ पीछे बंधे थे) को पैदल घसीटते हुए लिए जा रहे थे। उस व्यक्ति का शारीरिक गठन और कपड़े पूर्णतया कमाण्डर द्वारा बताए गए अनुसार मिलता जुलता था। तब ए.के. झालाजीत कमाण्डर को अद्यतन जानकारी दी गई। बंधक की पहचान उसके कपड़ों और शारीरिक गठन से की गई जिसके बारे में पहले ही सभी लोगों को बताया गया था और उसके हाथ पीछे बंधे हुए थे। कमाण्डर डॉ. झालाजीत ने उप निरीक्षक बोबी को उस समय कार्रवाई करने के लिए कहा जब अपहरणकर्ता और बंधक व्यक्ति उस मार्ग के ठीक मोड़ पर पहुंच जाएं। उस विशेष मोड़ पर सूझबूझ के साथ उप-निरीक्षक के. बोबी द्वारा बंधक व्यक्ति के पीछे चल रहे व्यक्तियों को ललकारा गया, जबकि बंधक के आगे चल रहे अपहरणकर्ताओं को सामने से उसी समय ए.के. झालाजीत, अपर पुलिस अधीक्षक/आई डब्ल्यू (अभियान) द्वारा कांस्टेबल नोंगथोनबम टोमबॉय (इम्फाल पश्चिम कमाण्डो) के साथ अपहरणकर्ताओं को तैयारी का कोई मौका दिए बगैर ललकारा गया। इस प्रकार, अपहरणकर्ताओं को भौचक्का कर दिया गया। दोनों अधिकारियों द्वारा पहले ललकारकर और फिर अपहरणकर्ताओं पर हमला करके पूर्णत: समन्वयात्मक तरीके से और एक ही साथ कार्रवाई कर दी गई, और जब अपहरणकर्ताओं ने गोलीबारी शुरु की तो यह एक भीषण गोलीबारी की जंग में तब्दील हो गई। उसी समय अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) ने स्थिति को नियंत्रण में लिया और बंधक को झुककर आगे समीपवर्ती नाले में ओट लेने की आवाज लगाकर स्वयं उस गोलीबारी के बीच जाकर उसे बचा लिया। यह मुठभेड़ जो लगभग 10/15 मिनट तक चली करीब 6.30 बजे अपराह्न समाप्त हुई। लगभग 2/3 कॉडर पहाड़ी भू-भाग, झांड़ियों और शाम के समय का फायदा उठाकर बचकर भागने में कामयाब हो गए। जब गोलीबारी बंद हो गई तो बंधक व्यक्ति को आवाज लगाई गई/बाहर निकाला गया और उसे सुरक्षित अभिरक्षा में ले लिया गया। इसके

पश्चात, उस क्षेत्र की पूर्णरूपेण तलाशी की गई और वहां से दो शव मिले। एक ए.के. 56 राइफल शव के दक्षिण की ओर पड़ी दिखाई दी और एक पिस्टल दूसरे शव के निकट थोड़ी उत्तर की ओर पड़ी हुई दिखाई दी। मुठभेड़ स्थल के आस-पास अलग-अलग कैलीबर के कुछ खाली खोखे फैले हुए भी देखे गए थे।

दक्षिणी ओर ए.के.-56 राइफल के साथ पड़े शव की पहचान बाद में विधिविरुद्ध के सी पी (एम सी) संगठन के एस/एस सार्जेन्ट थाउडैम तोइबी सिंह (24 वर्ष) पुत्र थ. कुमार निवासी मयांग इम्फाल अनिलोंगबी, इम्फाल पश्चिम जिला के रूप में हुई। उत्तर की ओर पिस्टल के साथ पड़े दूसरे शव की पहचान नहीं हो सकी और कानून के अनुसार इम्फाल नगरपालिका द्वारा दावा न किए गए शव के रूप में उसका अंतिम संस्कार किया गया।

तीन दिन तक लगातार चला यह शारीरिक और मानसिक थकान से पूर्ण तलाशी अभियान सफलतापूर्वक पूरा हुआ और इसमें डॉ. ए.के. झालाजीत, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), उप निरीक्षक के. बोबी और कांस्टेबल नोंगथोमबम टामेबॉय सिंह, ये सभी इम्फाल पश्चिम कमाण्डो यूनिट के थे, ने बंधक व्यक्ति के जीवन की अनिश्चितता के बीच इस सफलतापूर्ण तलाशी एवं बचाव अभियान में मानसिक दृढ़ता, इच्छाशक्ति तथा दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया। उनके उच्च कोटि के साहस, नि:स्वार्थ दृष्टिकोण और कर्तव्य-निष्ठा की वजह से न केवल बंधक को बचाया गया बल्कि दो अपहरणकर्ताओं को मार गिराया गया।

उनका कृत्य उनकी पेशेवरता और उनकी बहादुरी तथा दृढ़ निश्चय के वीरतापूर्ण प्रदर्शन की मात्रा को उजागर करता है। यदि उन्होंने यह जोखिम न लिया होता, जो मौके पर लिया गया एक बहुत ही कठिन निर्णय था, तो उस बंधक को नहीं छुड़ाया जा सकता था और उसे अपहरणकर्ताओं द्वारा मार दिया गया होता।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री के. बोबी सिंह, उप निरीक्षक और एन. टोमबॉय, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का दूसरा बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 28.12.2009 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 159-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. बिक्रमजीत सिंह
   उप निरीक्षक
2. बलविन्दर सिंह
   हेड कांस्टेबल
3. शेर सिंह
   हेड कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

सहायक उप निरीक्षक (उप-निरीक्षक स्थानीय रैंक) बिक्रमजीत सिंह, हेड कांस्टेबल बलविन्दर सिंह और हेड कांस्टेबल शेर सिंह ने पुलिस स्टेशन समराला में भा.द.संहिता की धारा 307/353/332/186/148/149/411/412, आयुध अधिनियम की धारा 25/54/59 के तहत दर्ज मामला - एफ आई आर सं. 180 दिनांक 29.06.2010 में असाधारण साहस और वीरता का प्रदर्शन किया है। इस मामले में दिनांक 29.06.2010 को पुलिस पार्टियां अनाज मण्डी, चावा रोड़, समराला में मौजूद थी। करीब 12.30 बजे अपराह्न ए एस आई बिक्रमजीत सिंह को यह गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि 5 अभियुक्त वाहन संख्या पी बी-05पी-3258 काले रंग की जाइलो, जिसे उन्होंने दो दिन पूर्व ही अमृतसर से चुराया है और वाहन संख्या पीबी-07 बीएल-0085 सफेद रंग की स्विफ्ट डी जायर, जो चोरी की है, में हैं और सभी व्यक्ति वहां जाइलो वाहन को बेचने के लिए आए हैं। वे नया बस स्टैंण्ड, समराला में ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं और उनके पास अवैध हथियार भी हैं। इस सूचना पर, ए एस आई बिक्रमजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ नया बस स्टैण्ड पर छापा मारा। जब यह पार्टी बस स्टैण्ड में घुसी तो वहां काले रंग के एक वाहन संख्या पी बी-05-पी-3528 को बस स्टैण्ड के उत्तर की तरफ खड़ा देखा गया जिसमें पांच व्यक्ति बैठे हुए थे। उस वाहन को पुलिस पार्टियों द्वारा अपने-अपने वाहनों से घेर लिया गया। स्वयं को पुलिस पार्टियों द्वारा पूर्णत: घिरा हुआ देखकर, वाहन की स्टिअरिंग सीट पर बैठे व्यक्ति और उसके साथ कण्डक्टर की सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपनी-अपनी पिस्टलों से पुलिस पार्टियों पर फायरिंग करनी शुरु कर दी और इस प्रकार पुलिस पार्टियों और बदमाशों के बीच मुठभेड़ शुरु हो गई। ए एस आई बिक्रमजीत सिंह ज़मीन पर लेटकर घुटनों के बल अपराधियों की ओर बढ़ने लगे, जो उनकी ओर फायरिंग कर रहे थे और गोलियों की परवाह किए बगैर बहादुरी के साथ आगे बढ़े और एक अपराधी के हाथ को मरोड़ते हुए उसे पिस्टल के साथ पकड़ लिया। हेड कांस्टेबल बलविन्दर सिंह उस अभियुक्त की ओर बढ़े जो ड्राइवर की ओर से फायरिंग कर रहा

था और शीशे को तोड़ते हुए बड़ी फुर्ती के साथ उसे .32 बोर की पिस्टल के साथ पकड़ लिया। इस मुठभेड़ में उपयुक्त जाइलो वाहन का ड्राइवर मंजीत सिंह, हेड कांस्टेबल शेर सिंह सं. 526/पी टी एल और हेड कांस्टेबल बलविन्दर सिंह सं. 1434, पटियाला घायल हो गए। इस मामले में ए एस आई (एस आई स्थानीय रैंक) बिक्रमजीत सिंह ने पुलिस पार्टियों को ब्रीफ किया, उन्हें प्रोत्साहित किया और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बगैर असाधारण साहस, दृढ़ता और बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए गोलीबारी के बीच अभियुक्त को पकड़ लिया। कर्तव्य के निर्वहन में यह उत्कृष्ट निष्ठा एवं समर्पण तथा उनके द्वारा प्रदर्शित साहस और वीरता का एक उदाहरण है। अपराधियों से एक जाइलो वाहन सं. पी बी-05-पी-3258 तथा .32 बोर के दो रिवाल्वर बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री बिक्रमजीत सिंह, उप निरीक्षक, बलविन्दर सिंह, हेड कांस्टेबल और शेर सिंह, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 29.06.2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं. 160-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री राजिन्दर सिंह
उप पुलिस अधीक्षक

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री एच0 एस0 सिद्धू, आई0 पी0 एस0, एस एस पी, जालंधर अन्य अधिकारियों के साथ पुलिस स्टेशन प्रभाग संख्या 2 में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 392/365/342/454/511/506 और आयुध अधिनियम की धारा 25/54/59 के तहत दर्ज एफ आई आर संख्या 123 से संबंधित मामले की कार्यवाही के सिलसिले में मकान संख्या 105, आदर्श नगर, जालंधर में मौजूद थे। इस मामले में एक सात साल की आशना नामक बच्ची को भारी मात्रा में शस्त्रों से लैस एक खतरनाक अपराधी द्वारा बंधक बना लिया गया था। सभी संबंधित लोगों ने बच्ची की सलामती

के साथ रिहाई के लिए 11 घण्टे से अधिक तक बातचीत की किन्तु यह बातचीत विफल रही। श्री हरप्रीत सिंह सिद्धू, आई पी एस ने स्थिति का आकलन किया और बच्ची को बचाने के लिए व्यक्तिगत रूप से एक अभियान की रूपरेखा तैयार की जिसके लिए उन्होंने पुलिस कार्मिकों को दो ग्रुपों में बांटा और इनका नेतृत्व श्री सज्जन सिंह चीमा, पीपीएस और राजिन्दर सिंह, पीपीएस ने किया, जिन दोनों को इस कार्य का उत्तरदायित्व दिया गया था। हरप्रीत ने व्यक्तिगत रूप से उनको ब्रीफ किया और दोनों पार्टियों को तैनात किया। उन्होंने स्वयं ए0के0 -56 राइफल ली और एक हवादान (वेन्टीलेटर) पर अपनी पोजीशन ली जहां से अभियान के क्षेत्र में कुछ दिखाई दे रहा था। उनका संवदेनशील कार्य-अपराधी को उलझाए रखना और बच्ची को बचाने से पहले अपराधी द्वारा उसको कोई नुकसान पहुंचाने से रोकना था। इस कार्य को बिल्कुल अंधेरे में किसी भी नाइट विजन डिवाइस की मदद लिए बगैर पूरा करना था। इस समय अपराधी ने एक चेतावनी दे रखी थी कि यदि उसकी मांगे नहीं पूरी की गईं तो वह दो मिनट के अन्दर बच्ची को मार-डालेगा। इस पर हरप्रीत ने उस पर हमला करने का अन्तिम निर्णय लिया। अपनी पोजीशन से, हरप्रीत ने अपराधी को ललकारा जिस पर अपराधी ने उन्हें मारने के इरादे से हरप्रीत पर दो फायर किए। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बगैर उन्होंने धैर्य बनाए रखा और अपराधी पर कारगर जवाबी गोली चलायी और उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया। श्री सज्जन सिंह चीमा और श्री राजिन्दर सिंह हेड-कांस्टेबल पुष्प बाली, हेड कांस्टेबल जसविन्दर सिंह और अन्य जाबाजों के साथ सेकण्ड भर में ही सशस्त्र अपराधी के कमरे में जबरदस्ती घुस गए। उन पर उस अपराधी द्वारा फायर किए गए किन्तु अत्यन्त जोखिम और सशस्त्र अपराधी के बिल्कुल नजदीक होते हुए भी उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए उच्च कोटि के अदम्य साहस का प्रदर्शन किया और अपराधी को मार गिराते हुए बच्ची की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लक्ष्य को महत्व दिया। दृढ़तापूर्ण एवं बहादुरी की कार्रवाई में श्री राजिन्दर सिंह ने स्वयं पर अत्यन्त निकट से फायर किए जाते समय भी अपनी 9 एम एम पिस्टल से जवाबी फायरिंग की। इस समय हरप्रीत ने पुलिस पार्टी पर खतरे को समाप्त करने के लिए दुबारा फायर किया। हेड कांस्टेबल पुष्प बाली और हेड कांस्टेबल जसविन्दर सिंह ने निर्भीकता के साथ सशस्त्र अपराधी को दबोच लिया और उससे हथियार छीन लिए तथा उसे मार गिराया। इसके पश्चात, फुर्ती के साथ कार्रवाई करते हुए हरप्रीत, राजिन्दर सिंह पुष्प बाली, जसविन्दर सिंह ने बच्ची को सही-सलामत बचा लिया तथा उसे सुरक्षित जगह पहुंचा दिया। मारे गए सशस्त्र अपराधी से एक .38 कैलिबर का रिवाल्वर और 2 जिन्दा राउंड, 3 फायर किए गए कारतूस, एक .315 कैलिबर की पिस्टल, एक जिन्दा राउण्ड और एक फायर की गई कारतूस बरामद की गई।

इस मुठभेड़ में श्री राजिन्दर सिंह, उप पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 16.10.2003 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 161-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, राजस्थान पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी के नाम और रैंक

श्री चन्द्र भान, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल।

सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 9 जून, 2010 को चार लुटेरे पुलिस स्टेशन सूरजगढ़, जिला झुंझनू के अन्तर्गत आने वाले बलोडा गांव स्थित बैंक आफ बड़ौदा की शाखा में घुस गए। उन्होंने हथियार दिखाकर बैंक के अधिकारियों को धमकाया और वहां से 4,15,458 रूपए लूट लिये वे लुटेरे बैंक कर्मचारियों को धमकाते हुए लूटी हुई नकदी के साथ अपनी स्विफ्ट कार से फरार हो गए। कांस्टेबल चन्द्रभान, जो वहां उस क्षेत्र में पहले से मौजूद थे, को एस एच ओ, सूरजगढ़ द्वारा उस बैंक लूटपाट, कार के ब्यौरे और लुटेरों की पहचान के बारे में सूचित किया गया। चन्द्रभान ने अतुल्य पहल का प्रदर्शन किया और स्थानीय ग्रामवासियों की मदद से उस सड़क पर प्रभावकारी अवरोध खड़ा कर दिया जहां से लुटेरों के आने की सम्भावना थी। उसने अपराधियों के किसी भी तरफ बचकर निकल भागने की संभावना को रोकने के लिए सड़क के बीचोंबीच अपनी मोटर साइकिल पार्क करके अत्यन्त सूझबूझ और कल्पना शक्ति का प्रदर्शन भी किया। कुछ देर बाद, जब वह स्विफ्ट कार उस सड़क पर आयी तो कांस्टेबल चन्द्रभान ने लुटेरों को रुकने के लिए कहा। जैसे ही कार ड्राइवरों ने गेट खोला, कांस्टेबल ने कार ड्राइवर की गर्दन पकड़ ली। ड्राइवर ने कार चलाने की कोशिश की किन्तु उसने उसे कार को आगे नहीं ले जाने दिया। जो लुटेरा ड्राइवर के बगल वाली सीट पर बैठा था, उसने हाथ में अपनी पिस्टल निकालकर कांस्टेबल चन्द्रभान को ललकारा। अपनी जान की परवाह न करते हुए, कांस्टेबल ने ड्राइवर पर अपनी पकड़ बनाए रखी किन्तु इसी बीच अन्य लुटेरों ने बहादुर कांस्टेबल पर फायर कर दिया। गम्भीर रूप से घायल होते हुए भी कांस्टेबल चन्द्रभान ने उसको अपनी मजबूत पकड़ से बचकर नहीं जाने दिया। फायर करने के पश्चात, 3 लुटेरे भाग गए जबकि चौथे लुटेरे को घायल कांस्टेबल ने बचकर भागने नहीं दिया। इसके बाद चन्द्रभान ने एसएचओ को उस मार्ग के बारे में भी सूचित किया जहां से वे लुटेरे खेतों की ओर भाग गए थे। इसके पश्चात, गांव वालों की मदद से

एस एच ओ ने चारों लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया और उनसे बैंक से लूटी गई भारी मात्रा में नकदी बरामद की। गम्भीर रूप से घायल कांस्टेबल को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस प्रकार, कांस्टेबल चन्द्रभान ने अपनी जान की बाजी लगाकर अकेले उन सशस्त्र लुटेरों से लड़ते हुए वीरता का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कांस्टेबल चन्द्रभान ने अपने विभाग और जन-सेवा के लिए अपने अमूल्य जीवन का बलिदान कर दिया। लुटेरों से निम्नलिखित हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए:-

1. तीन भरी हुई देशी पिस्टल
2. एक पिस्टल
3. दस कारतूस
4. 4,15,458 रूपए

इस मुठभेड़ में श्री चन्द्र भान, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 09.06.2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 162-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारी के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. राम सूरत सोनकर,
   उप निरीक्षक
2. भानु प्रताप सिंह
   उप निरीक्षक

<u>सेवा का विवरण जिसके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 01.08.2008 को श्री राम सूरत सोनकर, उप निरीक्षक, फिरोजाबाद को इण्डियन गैस एजेन्सी, टुण्डला में कुख्यात आपराधिक गैंग दुर्गेश जाटव के मौजूद होने के बारे में विश्वस्त सूचना प्राप्त हुई। श्री सोनकर उपलब्ध फोर्स के साथ तत्काल वहां के लिए रवाना हुए। वहां यह

पता चला कि वह गैंग दो पल्सर बाइकों पर इटमदपुर की ओर चला गया है। पुलिस पार्टी तत्काल इटमदपुर की ओर रवाना हुई। उन्होंने वायरलेस के माध्यम से पुलिस स्टेशन, टुण्डला और इटमदपुर को उस गैंग को घेरने के लिए भी सूचना पहुंचा दी। श्री सोनकर के नेतृत्व में जब पुलिस पार्टी इटमदपुर- बरहान रोड़ पर सवायी गांव पहुंची तो उन्होंने श्री भानुप्रताप सिंह, उपनिरीक्षक, पुलिस स्टेशन, इटमदपुर को एक सशस्त्र कांस्टेबल के साथ सड़क पर सतर्क पाया। जब वे अपराधियों को घेरने की अगली कार्रवाई की रूपरेखा तैयार कर रहे थे तभी उस गैंग के 03 लोग सवायी गांव के ठीक आगे एक संकरे रास्ते से भागने लगे। उनका पीछा श्री बृजेन्द्र शर्मा, उप निरीक्षक के नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी द्वारा किया जा रहा था। दूसरी बाइक पर सवार शेष 03 अपराधियों को श्री भानुप्रताप सिंह, उप निरीक्षक द्वारा एक कांस्टेबल के साथ सामने से घेरा गया और श्री सोनकर, उप निरीक्षक ने 02 कांस्टेबलों के साथ उनको सड़क के पीछे की ओर से घेरा। उनमें से एक अपराधी ने उप-निरीक्षक सोनकर की पार्टी पर फायर किया जबकि अन्य 02 अपराधियों ने उप निरीक्षक भानुप्रताप सिंह और उप निरीक्षक सोनकर पर उन्हें जान से मारने के इरादे से फायर किया। उप निरीक्षक भानुप्रताप सिंह और उप निरीक्षक सोनकर ने अत्यन्त साहस का प्रदर्शन किया और अपराधियों को आत्म समर्पण करने के लिए कहा। अपराधियों ने गालियां देना शुरू कर दिया और 9 एम एम कारबाइन से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया । अपनी जान को भारी खतरा देखकर, श्री सोनकर ने पीछे से और श्री भानुप्रताप सिंह ने सामने से आत्म रक्षा में अपराधियों पर प्रभावकारी फायर किया जिसके परिणामस्वरूप, एक अपराधी जान से मारा गया और दूसरा घायल हो गया। तीसरा अपराधी घायल अपराधी को साथ लेकर भाग गया। मृतक अपराधी की पहचान बाद में खूंखार अपराधी दुर्गेश जाटव के रूप में हुई जिस पर 20,000/- रूपए का नकद इनाम था।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री राम सूरत सोनकर, उप निरीक्षक और भानुप्रताप सिंह, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 01.08.2008 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 163-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अजय प्रकाश त्रिपाठी,
हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 30 मार्च, 2010 को एस टी एफ टीम को कुख्यात डकैत इजाज की गतिविधि के बारे में एक सूचना मिली कि वह पुलिस थाना – गुडंबा, लखनऊ के तहत स्कॉर्पियो क्लब रोड से होकर गढ़ी चौक तिहारा से रसूलपुर सादत जाने वाला है। तत्काल सब-इंस्पेक्टर अनूप कुमार सिंह के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल अजय प्रकाश, हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र कुमार और अन्य लोगों के साथ एस टी एफ की टीम स्कॉर्पियो क्लब तथा रसूलपुर सादत गांव के पास पहुँची। लगभग दोपहर 3.25 बजे एक व्यक्ति को धीरे-धीरे स्कॉर्पियो क्लब की ओर से पैदल आते देखा गया। मुखबिर ने इजाज के रूप में उसकी पुष्टि कर दी। उसे पुलिस द्वारा ललकारा गया और आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया। अपराधी ने तुरन्त अपने कमर में रखी हुई पिस्तौल निकाल ली और पुलिस दल पर गोली चला दी। एस टी एफ टीम बाल-बाल बच गई। इजाज ने गाली-गलौज शुरु कर दी और जंगल की ओर भाग गया। उसने पुलिस दल पर गोलीबारी जारी रखी। एस टी एफ टीम ने उसे जिंदा पकड़ने के लिए उसका पीछा करना शुरु कर दिया। खूँखार अपराधी इजाज पुलिस दल पर उन्हें मारने के इरादे से निरन्तर गोलीबारी करता रहा। टीम के सदस्य जमीन पर लेट गए और निरन्तर गोलीबारी को चकमा देते हुए बाल-बाल बच गए। हेड कांस्टेबल अजय प्रकाश तथा हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र कुमार ने अदम्य साहस एवं बहादुरी का परिचय देते हुए, अपराधी को गिरफ्तार करने के लिए कोई और चारा न देखकर, अपने जान की परवाह किए बगैर उसके नजदीक पहुँच गए और आत्मरक्षा में गोली चलाई। इस भीषण मुठभेड़ के दौरान इजाज को गोली से मार गिराया गया।

मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित हथियार/गोलाबारुद बरामद किए गए हैं:-

(क)	.32 बोर की फैक्टरी निर्मित पिस्तौल	-	1
(ख)	जिंदा कारतूस	-	3 चक्र
(ग)	32 बोर के खाली खोखे	-	2

इस मुठभेड़ में श्री अजय प्रकाश त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 30.03.2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 164-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, उत्तराखण्ड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री जयमाल सिंह नेगी
इंस्पेक्टर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 26 अक्टूबर, 2010 को 12:15 बजे ग्रीन पार्क कॉलोनी, रूड़की की श्रीमती मुशरत नामक एक महिला ने टेलिफोन पर सिविल लाइन कोतवाली पुलिस स्टेशन को जानकारी दी कि ओरियन्टल बैंक के पीछे उसके इलाके में सशस्त्र व्यक्तियों के एक समूह द्वारा एक व्यक्ति को गोली मार दी गई है। इंस्पेक्टर जयमाल सिंह नेगी, थाना प्रभारी, सिविल लाइन पुलिस स्टेशन, रूड़की तत्काल कुछ अन्य पुलिसकर्मियों को लेकर घटनास्थल की ओर चल पड़े और घटनास्थल की ओर जाते वक्त उन्होंने वरिष्ठ अधिकारी को इसकी जानकारी दी।

जब इंस्पेक्टर जयमाल सिंह नेगी और उनकी टीम घटनास्थल पर पहुंची तो उनके सामने जो दृश्य था वह अत्यन्त भयानक और उत्तेजनापूर्ण एवं अस्तव्यस्त था। एक मकान की छत पर उस्मान पुत्र जब्बाद, अकील पुत्र उस्मान और आदिल पुत्र उस्मान के साथ आबिद पुत्र जब्बाद मौजूद था और उसने उन्मत्त होकर भीड़ की ओर एक बंदूक तान रखी थी। यह हथियार 12 बोर की एक दोनाली बंदूक थी जो कारतूसों से भरी हुई थी। आबिद के मकान के पास, झबरेरा पुलिस स्टेशन के नगला खुबदा गांव का मुज्जामिल पुत्र मकसूदल हसन नामक एक व्यक्ति, जो इस समय गंगानहर पुलिस स्टेशन हाऊस (कोतवाली), रूड़की, हरिद्वार के अन्तर्गत रूड़की शहर की पुरानी तहसील इलाके में रह रहा था, गोलियों से छलनी होकर खून से लथपथ पड़ा था।

आबिद ने मुज्जमिल को गोली मारी थी और पीड़ित की सहायता करने के लिए किसी भी व्यक्ति को उसके पास नहीं जाने दे रहा था। वह उन्मत्त होकर चिल्ला रहा था, साथ ही साथ, भीड़ को गंभीर परिणामों की धमकी देकर कह रहा था कि यदि कोई भी व्यक्ति घायल की तरफ आने और उसे अस्पताल ले जाने की कोशिश करेगा तो वह उसे तुरन्त मार देगा। इसलिए कोई भी व्यक्ति घायल मुज्जमिल की ओर बढ़ने का साहस नहीं कर पा रहा था।

ऐसी परिस्थिति में, इंस्पेक्टर नेगी साहसपूर्वक भूतल के एक दरवाजे से अकेले मकान के अंदर घुसे और अपनी टीम के अन्य सदस्यों को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वहीं छोड़ दिया। अत्यन्त निर्भीकता और साहस का प्रदर्शन करते हुए तथा अपनी जान को जोखिम में डालकर, क्योंकि वे केवल "लाठी" और एक सर्विस रिवाल्वर से लैस हथियारबंद थे, इंस्पेक्टर नेगी ने स्थिति का सामना करने में अपने आग्नेयास्त्र की बजाय "लाठी" के प्रयोग को प्राथमिकता दी ताकि अनावश्यक रूप से कोई भी व्यक्ति हताहत न हो। इंस्पेक्टर नेगी चोरी-छुपे छत पर पहुँच गए और बिजली जैसी गति से आगे बढ़कर अपनी "लाठी" से आबिद को कब्जे में ले लिया और इस प्रक्रिया में उससे उसकी बंदूक भी छीन ली। इससे पहले कि आबिद के सहापराधी वहाँ से भाग जाते, उन्होंने अपने सर्विस रिवाल्वर से उनको निशाने पर लेकर आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर कर दिया।

मीडिया और जन समुदाय ने इंस्पेक्टर जयमाल सिंह नेगी की साहसिक एवं बहादुरीपूर्ण कार्रवाई की अत्यन्त सराहना की, जिन्होंने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर बहादुरी का परिचय दिया और साथ-ही-साथ समानान्तर क्षति को रोकने के लिए अत्यन्त सावधानी बरती, अकेले ही आबिद को निहत्था बना दिया और किसी तरह का खून-खराबा किए बगैर आबिद के अन्य सहापराधियों को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर कर दिया।

इस मुठभेड़ में श्री जयमाल सिंह नेगी, इंस्पेक्टर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 26.10.2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 165-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, पश्चिम बंगाल पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. अर्जुन सिंह ठाकुरी (वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक) (मरणोपरांत)
   राइफलमैन
2. गोपाल कृष्ण क्षेत्री (वीरता के लिए पुलिस पदक) (मरणोपरान्त)
   राइफलमैन

3. लाल बहादुर प्रधान (वीरता के लिए पुलिस पदक)
लांस नायक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 15 फरवरी, 2010 को लगभग शाम 5 बजे, भारी मात्रा में हथियारों से लैस अस्सी (80) आतंकवादियों वाले सी पी आई (माओवादी) के एक दल ने सिल्दा ईस्टर्न फ्रंटियर राइफल्स के पुलिस कैम्प पर हमला कर दिया। यह कैम्प पश्चिम बंगाल के पश्चिम मिदनापुर जिले में बिनपुर पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत सिल्दा में स्थित है। हमले के समय उस कैम्प में 38 ई एफ आर जवान मौजूद थे।

माओवादियों ने चारों ओर से कैम्प पर हमला बोल दिया। वे साथ-ही-साथ लगातार कैम्प पर हथगोले बरसाते रहे और उन्होंने संतरियों तथा ई एफ आर कर्मियों को निशाना बनाकर गोलियां चलानी शुरु कर दी जो दिनभर की ड्यूटी के बाद आराम कर रहे थे। यह हमला इतना अचानक और बेरहम था कि जवान पूर्णत: सकते में आ गए। उन्हें जवाबी हमला तथा कार्रवाई करने का बहुत कम समय मिला।

राइफलमैन अर्जुन ठाकुरी, ईस्टर्न फ्रंटियर राइफल्स, द्वितीय बटालियन अग्रिम चौकी पर संतरी की ड्यूटी कर रहा था। जब हमला हुआ तब अर्जुन ठाकुरी की ओर दो दिशाओं से गोलियां बरसीं। आतंकवादियों की ओर से भारी गोलीबारी के बावजूद, राइफलमैन अर्जुन ठाकुरी ने संयम बनाए रखा और आतंकवादियों की ओर गोलियां दागीं। आतंकवादियों द्वारा संतरी अर्जुन ठाकुरी को निशाना बनाकर एक हथगोला फेंका गया था, जिसके परिणामस्वरूप उसे गंभीर चोटें आईं। परन्तु वह घबराया नहीं और कुछ मिनटों तक आतंकवादियों पर गोलियां दागता रहा। आतंकवादियों की गोलियों से गिरने तक उसने तीन माओवादी आतंकियों को मार गिराया। राइफलमैन अर्जुन ठाकुरी ने अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया। हथगोले से हमले में घायल होने के बावजूद, वह आतंकवादियों से लड़ता रहा और उनके सशस्त्र दल के तीन प्रमुख सदस्यों को मार गिराया। लगभग दस मिनटों तक चली भीषण लड़ाई के बाद, अर्जुन ठाकुरी आतंकवादियों के हाथों मारा गया। राइफलमैन अर्जुन ठाकुरी ने पुलिस कैम्प की सुरक्षा करने तथा अपने साथी पुलिसकर्मियों की जान बचाने के लिए अपने जीवन का बलिदान कर दिया।

राइफलमैन गोपाल कृष्ण क्षेत्री, ईस्टर्न फ्रंटियर राइफल्स, तीसरी बटालियन माओवादी हमले के समय पीछे की चौकी पर संतरी की ड्यूटी कर रहा था। माओवादी आतंकवादियों ने कैम्प की ओर हथगोला फेंका और साथ-ही-साथ संतरी पर गोली चलाई। वह हथगोला के हमले से बाल-बाल बच गया और उसने आतंकवादियों के हमले को निष्प्रभावी करने के लिए तुरन्त उनकी ओर गोलियां चलानी शुरु कर दी। राइफलमैन गोपाल कृष्ण क्षेत्री उस समय तक आतंकवादियों से

लड़ता रहा जब तक कि उसे गोली नहीं लग गई। राइफलमैन गोपाल कृष्ण क्षेत्री द्वारा की गई गोलीबारी में एक माओवादी आतंकवादी घटनास्थल पर ही मारा गया था। वह अपनी अंतिम सांस तक अदम्य साहस एवं वीरता से आतंकवादियों के साथ लड़ता रहा। अंतत: उसने कर्त्तव्य निर्वहन तथा दूसरों की जान बचाने में अपने जीवन का बलिदान दे दिया।

लांस नायक लाल बहादुर प्रधान, ईस्टर्न फ्रंटियर राइफल्स, दूसरी बटालियन माओवादी हमले के समय अपने तंबू में आराम कर रहा था। अचानक उसने अपने तंबू के एक कोने से तेज धमाके की आवाज सुनी। कुछ ही क्षणों के अंदर दो तंबूओं में आग लग गई। लांस नायक लाल बहादुर प्रधान के कंधे में छर्रे से जख्म हो गया। अपने जख्म के बावजूद, उसने अपनी सर्विस राइफल उठाई और तंबू से बाहर आ गया। उसने तंबू से थोड़ा अलग हटकर अपना मोर्चा संभाला और आतंकवादियों की ओर गोली चलाना शुरु कर दिया। वह कुछ क्षणों तक गोलीबारी करता रहा जब तक कि दुश्मन की गोली उसे नहीं लग गई। घायल होने के बावजूद, उसने अपनी राइफल से एक आतंकवादी को मार गिराया। वह आतंकवादियों से तब तक लड़ता रहा, जब तक कि उसका गोला-बारुद पूर्णरूपेण समाप्त नहीं हो गया। बुरी तरह से घायल हो जाने और गोला बारुद के बिना असहाय होने पर लांस नायक लाल बहादुर प्रधान अपने साथी पुलिस कर्मियों के शरीरों के बीच अचेत होकर लेट गया। माओवादी उन्हें मृत समझकर जिंदा छोड़कर चले गए। बाद में उसे बचाया और अस्पताल में भर्ती कराया गया। लांस नायक लाल बहादुर प्रधान ने बहादुरी का उत्कृष्ट कार्य किया और कर्त्तव्य के प्रति समर्पण दिखाया।

इस मुठभेड़ में स्वर्गीय श्री अर्जुन सिंह ठाकुरी, राइफलमैन, स्वर्गीय श्री गोपाल कृष्ण क्षेत्री, राइफलमैन और श्री लाल बहादुर प्रधान, लांस नायक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 15.02.2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 166-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, पश्चिम बंगाल पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री चन्द्र शेखर बर्धन,
पुलिस उपाधीक्षक

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 25.07.2010 को लगभग 1700 बजे, श्री चन्द्र शेखर बर्धन, पुलिस उपाधीक्षक (अपराध), पश्चिम मेदिनीपुर को गोलतूड़ पुलिस थाने के अन्तर्गत कायमा मेटाला के घने जंगल में भूटा बास्के उर्फ सिधू सोरेन, बुरू तथा अन्य के नेतृत्व के तहत सी पी आई (माओवादी) के 25-30 हथियारबंद गुरिल्ला काडरों की उपस्थिति और पुलिस बल को मारने के बाद उनके अस्त्र-शस्त्र को लूटने के लिए पुलिस स्टेशनों तथा अन्य संस्थाओं पर हमला करने की गुप्त बैठक करने की योजना बनाने के बारे में विश्वसनीय एवं सटीक जानकारी मिली।

इस जानकारी के आधार पर श्री चन्द्र शेखर बर्धन, जो राज्य कमाण्डो बलों, अधिकारियों तथा गोलतूड़, पुलिस थाने के बलों की एक टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे, द्वारा विधिवत योजना तैयार करने के बाद एक विशेष तलाशी एवं अवरोध अभियान शुरु किया गया। इस अभियान में उनके साथ डी सी श्री उदय दिरयाउशी की कमान में 202 बटालियन, सी आर पी एफ की चार टीमें थी।

बल की सम्पूर्ण टुकड़ी ने दिनांक 25.07.2010 को 22.30 बजे मेदिनीपुर पुलिस लाइन छोड़ दिया और उन्हें पूर्व-निर्धारित स्थान पर पहुँचा दिया गया जो गोलतूड़ सारंगा में खरबंगा जंगल के पास मेदिनीपुर से लगभग 75 कि.मी. दूर था। पहुँचाए गए स्थान से श्री चन्द्र शेखर बर्धन, डिप्टी एस पी (अपराध) के नेतृत्व में टुकड़ियों ने भारी वर्षा के बीच घने जंगल के अंदर लगभग 7-8 कि.मी. की दूरी पर अपने लक्ष्य की ओर कुशलतापूर्वक पैदल चलना शुरु कर दिया। डिपटी एस पी (अपराध) के नेतृत्व में टुकड़ियाँ लगभग 03.30 बजे लक्षित स्थान के नजदीक पहुँच गईं और पाया कि झाड़ियों के अंदर पोलिथीन शीट के दो कामचलाऊ कैम्प बने हुए हैं। यह भी देखा जा सकता था कि कैम्पों की सुरक्षा हथियारबंद संतरियों द्वारा की जा रही थी। हथियारबंद गुरिल्ला माओवादी की गतिविधि को देखा जा सकता था। तत्कालीन डिप्टी एस पी (अपराध) ने तत्काल हथियारबंद दस्ते के सदस्यों को पकड़ने के लिए अगली कार्रवाई की योजना तैयार की। तब उन्होंने कुशलतापूर्वक कैम्प की ओर आगे बढ़ते हुए टीम का नेतृत्व किया और कैम्पों के चारों ओर घेरा डाल दिया। कैम्पों की ओर पुलिस बल को आगे बढ़ता देखकर, पुलिस बलों को मारने के इरादे से माओवादियों ने अत्याधुनिक हथियारों से लगतार गोलीबारी शुरु कर दी, क्योंकि माओवादियों ने पेड़ों एवं प्राकृतिक ढांचे के पीछे पनाह ले रखी थी। बलों पर विभिन्न दिशाओं से गोलीबारी की जा रही थी और उसी समय माओवादियों ने कई आई ई डी धमाके कर दिए। ऐसा लग रहा था कि श्री चन्द्र शेखर बर्धन और उनकी टीम को आगे बढ़ता देखकर माओवादियों ने तत्काल कई दलों में अपनी घात लगा ली थी। शिविरों के अंदर और चारों तरफ उपस्थित व्यक्तियों ने "माओवाद जिन्दाबाद" "जौथावाहिनी के खोतोम करो" के नारे लगाने शुरु कर दिए। तब डिप्टी एस पी (अपराध) ने शेष बलों को अपनी रणनीतिक स्थिति में बने रहने का आदेश दिया और वे कांस्टेबल शंभू साहा और कांस्टेबल सुकुमार मेता, 202 एस ए एफ के 5-6

व्यक्तियों वाली एक छोटी टीम के साथ शिविरों की ओर आगे बढ़ने लगे। डिप्टी एस पी (अपराध) के नेतृत्व में बलों का दृढ़-निश्चय के साथ आगे बढ़ना हथियारबंद माओवादी काडरों की भारी मात्रा में गोलीबारी और श्रृँखलाबद्ध आई ई डी बम धमाकों से नहीं रूक पाया। इसमें डिप्टी एस पी (अपराध) ने अद्वितीय साहस और पेशेवर कुशलता का प्रदर्शन किया, जिसमें उन्हें कांस्टेबल शंभू साहा और कांस्टेबल सुकुमार मेता तथा अन्य बलों का भी समर्थन हासिल था।

डिप्टी एस पी (अपराध) पर गोली चलाए जाने पर, उन्होंने अपने लोगों को माओवादी हमले का जवाब देने हेतु गोली चलाने का आदेश दिया और उन्होंने स्वयं अपनी सर्विस ए के-47 राइफल से 25 चक्र गोलियां चलाईं। सी आर पी एफ दल ने भी घात का जवाब देने के लिए गोलियां चलानी शुरु कर दी। श्री चन्द्र शेखर बर्धन ने भारी गोलीबारी के बीच होते हुए भी, अत्यधिक निजी जोखिम के बावजूद और अपनी जान की परवाह किए बगैर अपनी सम्पूर्ण टीम का नेतृत्व करते हुए माओवादियों की पोजीशन की ओर आगे बढ़े।

अचानक प्राकृतिक आड़ में छिपे एक नक्सली ने सी टी/जी डी आशीष कुमार तिवारी पर गोली चला दी और वे जमीन पर गिर गये। अपनी टुकड़ी के सदस्य को गोली लगता देखकर, डिप्टी एस पी (अपराध) उसकी सहायता के लिए आगे बढ़े और उसे सुरक्षित स्थान की तरफ खींच लिया। उन्होंने चिकित्सा उपचार हेतु जख्मी कांस्टेबल को बाहर निकालने के लिए समस्त आवश्यक कार्रवाई की। जब 6 माओवादियों के मारे जाने के बाद गोलीबारी की रफ्तार में कमी आई, तब डिप्टी एस पी (अपराध) ने क्षेत्र में और उसके आसपास विधिवत एवं गहन खोज तथा तलाशी शुरु करने का निर्णय लिया। तलाशी के दौरान 5 पुरूषों एवं 1 महिला का शव और भारी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारुद और विस्फोटक बरामद हुआ था।

मारे गए 6 माओवादियों में से एक व्यक्ति की बाद में भूटा बास्के उर्फ सिधू सोरेन के रूप में पहचान की गई थी। इसके अलावा यह भी पाया गया था कि पी ओ से बरामद किए गए हथियारों में से, एक एस एल आर (आर्सनल नं. 18056008) राइफल जमबोनी पुलिस थाना के अन्तर्गत गिधनी में पुलिस पार्टी के एल आर पी पर हमला कर दिनांक 8.11.09 को माओवादी द्वारा लूटी गयी थी, एक इन्सास (आर्सनल नं. 16514978) राइफल दिनांक 15.2.2010 को सी पी आई (माओवादी) द्वारा लूटी गयी थी जब उन्होंने बिनपुर पुलिस थाना के अन्तर्गत सिल्दा पुलिस शिविर पर हमला किया था और एक पिस्तौल (16707415) संकरैल पुलिस थाना से लूटी गयी थी जब सी पी आई (माओवादी) ने दिनांक 20.10.09 को संकरैल पुलिस थाना पर हमला किया था और 01 एस आई तथा 01 ए एस आई को मार दिया था।

सम्पूर्ण कार्रवाई में श्री चन्द्र शेखर बर्धन, पुलिस उपाधीक्षक (अपराध), पश्चिम मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल ने अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाई क्योंकि उन्होंने विश्वसनीय एवं सटीक जानकारी हासिल की, सम्पूर्ण कार्रवाई की कुशलतापूर्वक योजना बनाई, आपातकाल में दृढ़ एवं सही निर्णय लेकर अच्छे चरित्र, अत्यन्त साहस, अनुकरणीय नेतृत्व क्षमताओं और उत्कृष्ट

वीरतापूर्ण कार्य का परिचय दिया तथा अपने विधि-सम्मत वास्तविक एवं उत्कृष्ट दायित्व का निर्वहन किया।

इस मुठभेड़ में श्री चन्द्र शेखर बर्धन, पुलिस उपाधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 26.07.2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 167-प्रेज/2011-राष्ट्रपति असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. जुक्ति प्रसाद गौतम
   नायब सूबेदार
2. थोकचोम देवेन सिंह
   राइफलमैन

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

नायब सूबेदार जुक्ति प्रसाद गौतम, सेना मेडल और राइफलमैन थोकचोम देवेन सिंह एक त्वरित कार्रवाई दल का हिस्सा थे।

दिनांक 20 फरवरी, 2010 को, उनापाल गांव (आर एम 4949) में आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में विशिष्ट जानकारी के आधार पर एक लघु टीम अभियान शुरु किया गया था। 23.20 बजे, जूनियर कमीशन्ड आफिसर ने दूर से आतंकवादियों की गतिविधि को भांपा। अपनी स्थिति की अक्षमता को समझते हुए, चोरी-छुपे एक तीव्र युक्ति से नायब सूबेदार जुक्ति प्रसाद गौतम अपने साथी राइफलमैन थोकचोम देवेन सिंह के साथ उनके नजदीक गए और अदम्य साहस से संदिग्ध व्यक्तियों को ललकारा। आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी के साथ प्रत्युत्तर दिया। दोनों साथियों ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर, अद्वितीय युद्धकौशल का प्रयोग किया और अतिसंयम का परिचय देते हुए रेंगकर आतंकवादियों के बाजू तक पहुँच गए

तथा आड़रहित पोजीशन से स्वचालित हथियारों के साथ उन्हें व्यस्त रखा। इसके परिणामस्वरूप, निम्नलिखित हथियारों/गोला-बारुदों/अन्य सामग्रियों की बरामदगी के साथ-साथ के वाई के एल के दो खूंखार आतंकवादियों का सफाया हो गया:-

क)	बोनट सहित ए के-56 राइफल	-	1
ख)	पिस्तौल	-	2
ग)	ए के – 56 मैगजीन	-	2
घ)	ए के – 56 राउण्ड	-	27
ड.)	ए के-56 खाली खोखे	-	24
च)	पिस्तौल मैगजीन	-	2
छ)	9 एम एम राउण्ड	-	3
ज)	9 एम एम के खाली खोखे	-	14
झ)	चीनी हथगोला	-	2
)	नोकिया मोबाइल	-	1
ट)	पाकेट डायरी	-	1
ठ)	101/-रूपए सहित बटुआ	-	1

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री जुक्ति प्रसाद गौतम, नायब सूबेदार और थोमचोम देवेन सिंह, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 20.02.2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 168-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारी नाम और रैंक</u>

श्री रोशन गुरूंग
राइफलमैन

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 18 दिसम्बर 2009 को, एयरटेल के प्राधिकारियों से धन उगाही करने के लिए के सी पी (एम सी) के उग्रवादी समूह द्वारा एयरटेल के 2 अधिकारियों का अपहरण कर लिया गया

था। दिनांक 26 दिसम्बर 2009 को, कुशल आयोजना के बाद, 39 असम राइफल्स की डेल्टा एवं ब्रावो कम्पनी की दो टुकड़ियों ने मपाओ खुलेन गांव में कुछ संदिग्ध झोपड़ियों की घेराबंदी कर ली। कैप्टन संदीप श्रीधरन के तहत डेल्टा कम्पनी एवं इम्फाल वेस्ट कमाण्डो का एक लघु दल झोपड़ी की ओर आगे बढ़ा। प्रथम बंधक को छुड़ा लिए जाने के बाद, टुकड़ियाँ जोखिमपूर्ण पहाड़ी तराई में 76 घंटे से अधिक समय तक पैदल आतंकवादियों को ढूढ़ती और उनका पीछा करती रहीं। राइफलमैन रोशन गुरूंग सशस्त्र बलों की उच्च प्रथाओं का प्रदर्शन करते हुए सम्पूर्ण कार्रवाई के दौरान अपने कम्पनी कमाण्डर के साथ काम करते रहे। दिनांक 28 दिसम्बर 2009 को दूसरे बंधक को छुड़ा लिए जाने के बाद, संयुक्त सैन्य-टुकड़ियां गोलीबारी की लड़ाई में संलग्न हो गईं। उनमें से एक आतंकवादी को मार दिए जाने के बाद, बाकी आतंकवादियों ने बच निकलने के उद्देश्य से अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। कैप्टन संदीप श्रीधरन ने उनका पीछा करना शुरु कर दिया, साथ ही राइफलमैन रोशन गुरूंग ने अपने साथी कैप्टन संदीप श्रीधरन को सटीक गोलीबारी का कवच प्रदान किया और भाग रहे आतंकवादी को मार गिराने में उनकी सहायता की। इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप दो बंधकों को छुडा लिया गया, दो खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया गया और हथियार एवं गोला-बारुद की बरामदगी हुई। मुठभेड़स्थल से निम्नलिखित मदों की बरामदगी हुई थी:-

मारे गए –दो आतंकवादी ।

बरामद किए गए – ए के 56 राइफल-01, मैगजीन ए के 56 – 01, जिंदा कारतूस ए के 56 – 15, एफ सी सी ए के 56 -20, एम 20 पिस्तौल-01, मैगजीन पिस्तौल-01, जिंदा कारतूस 9 मि.मी. पिस्तौल-05 तथा एफ सी सी 9 मि.मी. पिस्तौल-10

इस मुठभेड़ में श्री रोशन गुरूंग, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 28.12.2009 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 169-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1.	बजरंगी कांस्टेबल	(मरणोपरान्त)
2.	अरूप दास कांस्टेबल	(मरणोपरान्त)
3.	विष्णु पुरी कांस्टेबल	

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 6 अगस्त, 2010 को रतियापाड़ा फॉरवार्ड स्टैण्डिंग पैट्रोल लोकेशन के सब इंस्पेक्टर रतनेश्वर डेका के नेतृत्व में 12-सदस्यीय गश्ती दल एन बी सी सी के श्रमिकों को संरक्षण प्रदान करने के लिए लगभग 0900 बजे शिविर से चला।

कांस्टेबल अरूप दास और कांस्टेबल बजरंगी क्रमश: स्काउट नं. एक एवं दो के रूप में गश्ती दल की अगुवाई कर रहे थे और युक्तिपूर्वक एक-दूसरे को कवर करते हुए आगे बढ़ रहे थे जबकि कांस्टेबल विष्णु पुरी उनके पीछे चल रहे थे। चूंकि भू-भाग पहाड़ी था और घने जंगल से घिरा हुआ था, इसलिए गश्ती दल के सभी सदस्य संरचना के अनुसार उचित दूरी बनाकर चल रहे थे। लगभग 0920 बजे, जब गश्ती दल तकरीबन 800 मीटर तय करने के बाद एक दोहरी टेकरी के नजदीक पहुँचा, तब घात लगाए हथियारबंद आतंकवादियों ने अचानक स्वचालित हथियारों से उन पर भारी गोलीबारी शुरु कर दी और साथ ही एक आइ ई डी का धमाका किया, जिसके परिणामस्वरूप कांस्टेबल अरुप दास और कांस्टेबल बजरंगी गोली/छर्रे से बुरी तरह घायल हो गए।

आइ ई डी धमाके और भारी गोलीबारी से प्रारंभ में गश्ती दल सकते में आ गया। परन्तु अपना संयम खोए बिना, गश्ती दल के सदस्यों ने तत्काल मोर्चा संभाला और आतंकवादियों की लक्षित गोलीबारी का जवाब देना शुरु कर दिया। कांस्टेबल अरूप दास ने बुरी तरह से घायल होने के बावजूद, जुझारूपन और अदम्य साहस एवं दृढ़-निश्चय का परिचय दिया और आतंकवादियों की गोलीबारी की दिशा का अनुमान लगाते हुए जवाबी गोलीबारी की। अपनी ताकत को क्षीण होते देखकर, कांस्टेबल अरूप दास ने लगभग 50 मीटर तक पीछे की तरफ घिसटते हुए भारी गोलबारी के बीच अपने साथी तक पहुँचने की दिलेरी दिखाई और आतंकवादियों की गोलीबारी का जवाब देना जारी रखा।

स्थिति एवं उबड़-खाबड़ भू-भाग का लाभ उठाते हुए, कांस्टेबल अरूप दास का हथियार छीनने के लिए आतंकवादियों ने उनके नजदीक आने का प्रयास किया, परन्तु सफल नहीं हो सके क्योंकि कांस्टेबल बजरंगी ने, गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, अदम्य साहस एवं दृढ़-निश्चय का परिचय दिया और अपनी एल एम जी की गोलीबारी से आतंकवादियों को उलझाकर कांस्टेबल अरूप दास का बचाव किया तथा उलटते-पलटते एवं रेंगते हुए अपनी स्थिति को बदल-बदल कर आतंकवादियों पर जवाबी गोलीबारीजारी रखी। इस मुठभेड़ में कांस्टेबल बजरंगी एवं कांस्टेबल अरूप दास ने अपनी जान बचाने हेतु सुरक्षित स्थान की ओर पीछे हटने की बजाय, अपनी जान की परवाह किए बगैर अदम्य साहस, दृढ़-निश्चय एवं जुझारूपन का परिचय देते हुए बहादुरी से लड़ने का निश्चय किया। कांस्टेबल बजरंगी शहीद होने तक आतंकवादियों से लड़ते रहे।

कांस्टेबल विष्णु पुरी ने आतंकवादियों की गोलीबारी का जवाब देते वक्त कांस्टेबल बजरंगी के जुझारूपन को देखा और यह भी महसूस किया कि उसकी एल एम जी अब शांत हो गई है, अत: उसने क्षणभर में ही निर्णय लिया और अपनी जान के खतरे को नजरअंदाज करते हुए भारी गोलीबारी के बीच दौड़ पड़े तथा आतंकवादियों द्वारा एल एम जी पर अपना हाथ साफ करने से पहले एल एम जी तक पहुँच गए। इस करो-या-मरो की स्थिति में, कांस्टेबल विष्णु पुरी ने उच्च कोटि के साहस और पेशेवर क्षमताओं का परिचय दिया, एल एम जी को अपने कब्जे में लिया और आतंकवादियों की ओर भारी मात्रा में गोलीबारी शुरु कर दी जिससे वे भागने के लिए मजबूर हो गए। कांस्टेबल अरूप दास, जो गोली/छर्रे से बुरी तरह से घायल हो गए थे, जी बी हॉस्पिटल, अगरतला (त्रिपुरा) ले जाते समय शहीद हो गए।

अभियान के पूरा हो जाने के बाद, सम्पूर्ण घातस्थल की तलाशी ली गयी थी और आतंकवादियों की निम्नलिखित वस्तुएं घटनास्थल से बरामद की गयी थीं:-

(क)	ई एफ सी ए के -47	-	35
(ख)	ई एफ सी 7.62 मि. मी	-	26
(ग)	जिंदा राउण्ड 7.62	-	2
(घ)	ग्रेनेड सेफ्टी पिन	-	1
(ड.)	इलेक्ट्रिक वायर	-	116 फीट
(च)	छोटी बैटरी	-	1

इस मुठभेड़ में स्वर्गीय बजरंगी, कांस्टेबल, स्वर्गीय अरूप दास, कांस्टेबल और विष्णु पुरी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, राष्ट्रपति पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 6.8.2010 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 170-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का दसूरा बार/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1.	प्रकाश रंजन मिश्रा सहायक कमांडेंट	(वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार)
2.	कुलदीप राज कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुंलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 16.9.2008 को हजारीबाग जिला में कटकमसांडी पुलिस स्टेशन तथा चतरा जिला में सिमरिया पुलिस स्टेशन के सीमावर्ती इलाके में कृष्ण यादव दल के सी पी आई (एम) उग्रवादियों की गतिविधि के संबंध में विशेष जानकारी प्राप्त हुई। एस पी हजारीबाग, कमांडेंट-22 बटालियन श्री पी.आर. मिश्रा और सहायक कमांडेंट ओ.सी. डी/22 ने "तलाशी एवं छापा" के विशेष अभियान की योजना बनाई। डी/22 के दो प्लाटून तैयार किए गये और इसे तीन दलों में बांट दिया गया। इसमें 6 कार्मिकों के साथ श्री पी.आर. मिश्रा, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में छापा दल, 30 कार्मिकों सहित एस.आई. रामफल के नेतृत्व में घेराव दल और 12 कार्मिकों सहित हेड कांस्टेबल गोविन्द राज के नेतृत्व में रिजर्व दल शामिल था। विस्तृत खुलासे के बाद टुकड़ियां 2100 बजे विशेष अभियान के लिए चल पड़ीं और कटकमसांडी पुलिस स्टेशन पहुँच गईं। इसके बाद सी आर पी एफ की टुकड़ियां ओ.सी. पुलिस स्टेशन कटकमसांडी के साथ उनके संरक्षक दल सहित पैदल लक्ष्य की ओर चल पड़ी। लगभग 15 कि.मी. चलने के बाद, टुकड़ियां घामा गांव के पास पहुँच गईं और एक पर्वत की चोटी पर भोर होने का इंतजार करने लगीं। 0500 बजे जब टुकिड़यां इलाके की तलाशी ले रही थीं, श्री पी.आर. मिश्रा, जो सामने की ओर थे, ने पहाड़ियों पर कुछ संदिग्ध गतिविधि को भांप लिया। उन्होंने एस.आई. रामफल को दाहिनी तरफ से पहाड़ी को घेरने का आदेश दिया। कुछ नक्सली, जो टीलों के पीछे मोर्चा संभाले थे, ने छापा दल पर गोलीबारी शुरु कर दी। श्री पी.आर. मिश्रा, जो सामने की तरफ थे, ने मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने छापा दल को अपने साथ आगे बढ़ने का आदेश दिया। जहां कुछ नक्सलियों ने छापा दल पर एक नाले से गोलियां चलाईं, वहीं दूसरे नक्सलवादियों ने चट्टानी

पहाड़ियों की ओर से गोलियां बरसाईं। भारी गोलीबारी के बावजूद नक्सलियों की ओर रेंगकर कुशलतापूर्वक आगे बढ़ते हुए, श्री पी.आर. मिश्रा, ए/सी छापा दल के साथ नक्सलियों के काफी करीब पहुँच गए और गोलियां चलाने लगे। एक भयंकर मुठभेड़ हुई। अपनी जान की परवाह किए बगैर, श्री पी.आर. मिश्रा, ए/सी और कांस्टेबल कुलदीप राज नक्सलियों के काफी करीब पहुँच गए और उन पर गोलियां चलाईं। इसके परिणामस्वरूप एक नक्सली मारा गया, जिसकी पहचान बाद में जितेन्द्र यादव के रूप में हुई थी और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारी एवं कांस्टेबल कुलदीप राज की कुशल नीति और अदम्य साहस ने नक्सलियों को भागने के लिए मजबूर कर दिया। मुठभेड़ के दौरान एक खूँखार नक्सली मारा गया था, जिसकी पहचान बाद में जितेन्द्र यादव-22 वर्ष (सेक्शन कमाण्डर) के रूप में की गई थी। घटनास्थल से निम्नलिखित बरामदगियां भी की गई थीं:-

क्रम सं.	बरामद किए गए हथियारों/गोला-बारुदों एवं सामनों के नाम	बरामद की गई मदों की संख्या
1.	7.62 एम एम एसएलआर	1
2.	.303 बोल्ट एक्शन राइफल	1
3.	7.62 एम एम गोला-बारुद	167 राउण्ड
4.	303 गोला-बारुद	148 राउण्ड
5.	30.06 चक्र	126 राउण्ड
6.	6.7 गोला-बारुद	14 राउण्ड
7.	एसएलआर मैगजीन	2
8.	303 मैगजीन	1
9.	चार्जर किल्प 7.62	4
10.	चार्जर क्लिप 30.06	7
11.	चार्जर .303 गोला-बारुद	25
12.	इलेक्ट्रानिक डेटोनेटर	1
13.	नक्सली साहित्य	1
14.	लेवी रसीद	2
15.	पिट्ठू	10
16.	भारतीय मुद्रा	19,000/-रूपए

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री प्रकाश रंजन मिश्रा, सहायक कमांडेंट और कुलदीप राज, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का द्वितीय बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 17.09.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 171-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी नाम और रैंक

श्री मौला हुसैन
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस थाना – मुफ्फसिल के अन्तर्गत ग्राम – मथिया में माओवादी के जमावड़े की जानकारी मिलने पर, उपयुक्त आयोजना एवं संक्षिप्त जानकारी के बाद दिनांक 17.11.08 को 1700 बजे छापा एवं तलाशी की कार्रवाई के लिए डिप्टी कमांडेंट श्री राजेश कुमार की कमान के तहत सी आर पी एफ (2 प्लाटून) और सिविल पुलिस की एक संयुक्त पार्टी रवाना हुई। गांव के पास पहुँचने पर, जो कि मुख्य मार्ग से लगभग 1-2 कि.मी. की दूरी पर था, सैन्य टुकड़ियों को गांव को घेरने के लिए विभाजित कर दिया गया था। जब सैन्य-टुकड़ियां गांव को घेर रही थीं, तब सैन्य-टुकड़ियों पर अंधाधुंध गोली बरसाई जाने लगी और सैन्य-टुकडियों ने भी आत्मरक्षा में गोलियां चलाईं। कुछ सैन्यकर्मी छोटे से पक्क मकान के पास थे जहाँ से गोलियां चलाई जा रही थी परन्तु हमारी सैन्य-टुकड़ियों ने कुशलतापूर्वक अपना मोर्चा संभाल रखा था। सब इंस्पेक्टर/जी डी नौशाद अली और कांस्टेबल/जी डी मौला हुसैन, कांस्टेबल/जी डी मंजुनाथ, हेड कांस्टेबल/जी डी ईश्वरधन चरण तथा हेड कांस्टेबल/जी डी सर्वण सिंह ऊपरवर्णित पक्के मकान के काफी अधिक करीब थे जिसे उन्होंने तीन तरफ से घेर रखा था। इस अवधि के दौरान कांस्टेबल/जी डी मौला हुसैन ने अपनी आँख पर जख्म होने के बावजूद, तत्काल एक तंग गलियारे में अपना मोर्चा संभाला और चालू लड़ाई में उस नक्सली पर गोली चला दी जो टुकड़ियों पर अंधाधुंध गोलीबारी कर रहा था और उसे मार गिराया। दूसरा नक्सली सब इंस्पेक्टर नौशाद अली, भेरा राम और कांस्टेबल मौला हुसैन की गोलीबारी में मारा गया। हेड कांस्टेबल/जी डी ईश्वरधन चरण ने उन नक्सलियों की गोलीबारी पद्धति पर नजर रखी हुई थी जिन्होंने पुख्ता सुरक्षा में एक मकान में अपना मोर्चा संभाल रखा था और क्षणभर में ही काफी करीब से उन्होंने गोलीबारी के बीच अपनी जान जोखिम में डालकर नक्सलियों के बीच एक हथगोला फेंक दिया जिससे उनमें से कई हताहत हो गए। उस समय तक और अधिक नक्सली दूसरे क्षेत्रों से आकर एकत्रित हो गए थे और सैन्य-टुकड़ियों पर गोलियाँ बरसा रहे थे। हालांकि गोलीबारी काफी लम्बे अंतराल तक चली। हेड कांस्टेबल/जी डी सर्वण सिंह, जो क्यू ए टी कमाण्डर थे, बार-बार अपनी स्थिति को बदलते रहे और सामने से क्यू ए टी का नेतृत्व किया। श्री राजेश कुमार, डिप्टी कमांडेंट ने उन सैन्य-टुकड़ियों को बाहर निकालने के लिए बुलेट प्रूफ वाहन में अनी जान की परवाह किए बगैर गोलीबारी के क्षेत्र में वाहन में प्रवेश करने का निर्णय लिया, जिन्हें भारी संख्या में हथियारबंद नक्सलियों द्वारा पकड़ा और मारा जा सकता था। इस प्रक्रिया में उन्होंने उन सभी को सुरक्षित

स्थान तक पहुँचा दिया जबकि दोनों ओर से गोलीबारी हो रही थी। कुछ घंटों की गोलीबारी के बाद, अंधेरेपन का फायदा उठाकर नक्सली बच निकले। फिर घर-घर की तलाशी ली गई। तलाशी के बाद दो शव बरामद किये गये और एक 303 बोल्ट एक्शन राइफल, 303 राइफलों के जिंदा कारतूस-56,7.62 मि.मी. के खाली खोखे-30,7.62x39 मि.मी. ए के 47-12,303 राइफल के कारतूस-101, इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर-3, सिग्नल सेट (केनवुड)-1, मोटरोला सेट-1(वी एच पी), कपड़े/सोने के गहने तथा नक्सली साहित्य इत्यादि के साथ तीन संदिग्ध महिला नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया था। घटनास्थल पर खून के धब्बे बताते थे कि नक्सलियों की तरफ से और अधिक लोग हताहत हुए थे। इस कार्रवाई ने नक्सलियों को न केवल निष्प्रभावी बना दिया बल्कि इलाके में नक्सलियों के मनोबल को भी बुरी तरह से झकझोड़ दिया।

इस मुठभेड़ में श्री मौला हुसैन, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 17.11.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

सं. 172-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. उदय दिव्यांशु,
   डिप्टी कमांडेंट
2. पंचम लाल,
   असिस्टेंट कमांडेंट
3. आनन्द प्रसाद गोटवाल,
   असिस्टेंट कमांडेंट
4. मंगला प्रसाद,
   सब इंस्पेक्टर
5. श्री किशन,
   हेड कांस्टेबल
6. एस.वाई.रेड्डी,
   कांस्टेबल

7. लाल बहादुर,
कांस्टेबल

8. अरुण कुमार पाण्डेय,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

डेट 202 कोबरा को पश्चिम मिदनापुर के एस पी से विशिष्ट पुख्ता खुफिया जानकारी मिली कि गोलतोड़ एरिया कमाण्डर सिद्धू सोरेन के तहत 20 से 25 माओवादी हथियारबंद काडर गोलतोड़ पुलिस थाना के अन्तर्गत कायमा-मेटाला के घने जंगलों में एकत्रित हो रहे हैं। इस संबंध में अभियान शुरु करने के लिए डेट 202 कोबरा की चार (04) टीमें संबंधित टीम कमाण्डरों के तहत (क), (ख) एवं (ग) नामक तीन समूहों में बांटकर गठित की गयी थीं जिनके साथ सिविल पुलिस के प्रतिनिधि श्री चन्द्र शेखर बर्धन, डी एस पी (क्राइम), पश्चिम बंगाल पुलिस भी थे। इस अभियान का नेतृत्व श्री उदय दिव्यांशु, डिप्टी कमांडेंट 202 कोबरा कर रहे थे जिन्होंने दिनांक 25.07.10 को 2230 बजे से खोज/विध्वंस अभियान शुरु किया था।

दिनांक 26.7.10 को लगभग 0400 बजे घने जंगलों में दुर्गम क्षेत्र की तलाशी (कांम्बिंग) करते समय, श्री पंचम लाल, असि. कमांडेंट के तहत समूह ग ने माओवादी के छिपने के स्थान को ढूढ़ निकाला और वे छुपने के स्थान की ओर आगे बढ़े। वे माओवादी काडरों द्वारा पूर्णरूपेण सुरक्षित स्थानों से की गई अंधाधुंध गोलीबारी आई ई डी धमाकों की चपेट में आ गए। श्री पंचम लाल, असि. कमांडेंट ने समय गंवाए बिना तीन विभिन्न हमला दलों के अन्तर्गत तीन तरफ से जवाबी हमला करने का निर्णय लिया। बीच के छोर से स्वयं श्री पंचम लाल असि. कमांडेंट, कांस्टेबल/जी डी आशीष कुमार तिवारी, कांस्टेबल/जी डी एस.वाई. रेड्डी, कांस्टेबल/जी डी लाल बहादुर ने, दाहिनी छोर से सब इंस्पेक्टर/जी डी मंगला प्रसाद, हेड कांस्टेबल/जी डी श्री किशन ने और बांयी छोर से कांस्टेबल/जी डी अरुण कुमार पाण्डेय, श्री चन्द्र शेखर डी एस पी (क्राइम) पश्चिम बंगाल पुलिस ने छुपने के स्थान/लक्ष्य पर धावा बोल दिया।

माओवादियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी को नजरअंदाज करते हुए, वे काले घने अंधेरे के बीच एस ए एल के घने जंगलों में आगे बढ़े, कुशलतापूर्वक आई ई डी से बचाव किया और बिल्कुल नजदीक से कार्रवाई शुरु कर दी, जिसके परिणामस्वरूप 05 हथियारबंद माओवादी

काडर तत्काल मार गिराए गए। भारी गोलीबारी के बीच श्री पंचम लाल तथा कांस्टेबल/जी डी आशीष कुमार तिवारी का हमले के दौरान अतिवांछित माओवादी स्कवायड कमाण्डर सिद्धू सोरेन से आमना-सामना हो गया, जिसके परिणामस्वरूप माओवादी कमाण्डर को मार गिराया गया। कांस्टेबल/जी डी आशीष कुमार तिवारी भी उनके गले के चारों ओर गोली लगने से बुरी तरह से जख्मी हो गये। बचे हुए दूसरे हथियारबंद माओवादी उस स्थान से भाग खड़े हुए।

छिपने के स्थान से माओवादियों के भागने के बारे में सावधान होकर, श्री उदय दिव्यांशु, डी सी, श्री आनन्द मोटवाल, ए सी ने घने जंगलों में और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी भाग रहे माओवादी काडरों का निर्भीकता के साथ पीछा किया और एक हथियारबंद माओवादी काडर को मार गिराया तथा भाग रहे माओवादियों द्वारा छोड़े गए भारी मात्रा में हथियारों/गोला-बारुद/आइ ई डी/विस्फोटकों/आपत्तिजनक सामग्रियों को जब्त किया।

इस अभियान को पूरा करने में, कमाण्डो ने असाधारण बहादुरी, अदम्य वीरता, समस्त परेशानियों/दुर्गम भू-भाग/विपरीत परिस्थितियों के बावजूद कुशलतापूर्ण चतुराई, कठोर परिस्थितियों में कुशाग्र बुद्धि का परिचय दिया। उनके अतुलनीय साहस के कारण एक अतिविशिष्ट कार्यात्मक सफलता हासिल हो पाई, जिसमें 06 खूंखार हथियारबंद माओवादी मारे जा सके।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री उदय दिव्यांशु, डिप्टी कमांडेंट, पंचम लाल, असिस्टेंट कमांडेंट, आनन्द प्रसाद गोटवाल, असिस्टेंट कमांडेंट, मंगला प्रसाद, सब इंस्पेक्टर, श्री किशन, हेड कांस्टेबल, एस.वाई.रेड्डी, कांस्टेबल, लाल बहादुर, कांस्टेबल और अरुण कुमार पाण्डेय, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 26.07.2010 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 173-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का दूसरा बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. कन्हैया सिंह, असिस्टेंड कमांडेंट — (वीरता के लिए पुलिस पदक का दूसरा बार)
2. धन्ना लाल, हेड कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

3.	पप्पू कुमार, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
4.	दिवाकर कुमार पाण्डेय, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
5.	जरनैल सिंह, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

पलामू एवं गढ़वा जिले के सीमावर्त्ती इलाके में सी पी आई (माओवादी) काडरों की उपस्थिति के संबंध में विशिष्ट जानकारी मिलने पर, दिनांक 11.01.2008 को गढ़वा जिले के भण्डरिया पुलिस थाना के अन्तर्गत हर्ता गांव में श्री बी.के. शर्मा, कमाण्डेंट, एस पी पलामू तथा एस पी गढ़वा द्वारा एक संयुक्त अभियान की योजना बनाई गई थी। चूंकि वह स्थान गढ़वा एवं पलामू सीमा के अत्यंत दुर्गम क्षेत्र में स्थित था, इसलिए क्रमश: गढ़वा एवं पलामू जिले से 1300 बजे सी/13 और ए/13 प्रत्येक से दो पलटनों को अभियान के लिए रवाना कर दिया गया था। जब सिविल पुलिस घटकों के साथ सी/13 की दो पलटनें हर्ता गांव की ओर बढ़ रही थीं, तब उस दल पर लगभग साठ की संख्या में नक्सलियों द्वारा भारी गोलीबारी की जाने लगी। सी आर पी एफ दल ने बहादुरी से उनका मुकाबला किया और नक्सलियों को भागने पर मजबूर कर दिया। इस जानकारी के मिलने पर श्री सारंग, डी सी के पर्यवेक्षण में श्री कन्हैया सिंह, ए सी के नेतृत्व में ए/13 की दो पलटनें नक्सलियों के भागने की संभावित दिशा की ओर आगे बढ़ीं। जिस समय यह पार्टी बनालत गांव की सीमा पर बुद्धिमतापूर्वक घने जंगल से गुजर रही थी, तभी उनका सामना भारी मात्रा में हथियारों से लैस नक्सलियों के दल से हुआ। उग्रवादियों ने काफी निकट से सी आर पी एफ की टुकड़ियों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। सी आर पी एफ दल ने तत्काल मोर्चा संभाल लिया। समस्त परेशानियों जैसे कि घने जंगल, बढ़ते अंधेरे के साथ-साथ भारी गोलीबारी के बावजूद, श्री कन्हैया सिंह, ए/सी ने पहल की और अपनी जान को जोखिम में डालकर हेड कांस्टेबल/जी डी धन्ना लाल के साथ बहादुरी से मुकाबला किया और नक्सलियों के स्काउट को मार गिराया। इस भारी गोलीबारी के बीच, इन दोनों रणबांकुरों ने दूसरे किनारों से दुश्मन की गतिविधि को भांप लिया। उसी समय कांस्टेबल/जी डी पप्पू कुमार, कांस्टेबल/जी डी दिवाकर कुमार और कांस्टेबल/जी डी जरनैल सिंह को समय मिल गया और उन्होंने भी बहादुरीपूर्वक जवाबी कार्रवाई की तथा दूसरे नक्सलियों को मार गिराया। गोलीबारी लगभग ढ़ाई घंटे चली। अंधेरेपन, घने जंगल और नक्सलियों द्वारा रूक-रूक कर की जा रही गोलीबारी के कारण, तलाशी की कार्रवाई सुबह के समय की गई, जिसके परिणामस्वरूप नक्सलियों के तीन शव, भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारुद और अन्य सामान बरामद किए गए।

मुठभेड़ स्थल से निम्नलिखित हथियार/गोला-बारुद/सामग्रियां बरामद की गई थीं:-

(क)	मैगजीन सहित 315 राइफल	-	1
(ख)	मैगजीन सहित .303 राइफल	-	1

(ग)	.303 के जिंदा राउण्ड	-	2
(घ)	315 बोर के जिंदा राउण्ड	-	2
(ङ.)	315 बोर के अनदगे कारतूस	-	1
(च)	पिट्ठु	-	5
(छ)	नकद	-	5,800/-रूपए
(ज)	स्मार्ट सिम कार्ड के साथ मोबाइल		
(झ)	कलाई घड़ी	-	2
( )	धन उगाही की रसीद	-	1
(ट)	नक्सल साहित्य		
(ठ)	दैनिक उपयोग की वस्तुएं		

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री कन्हैया सिंह, असिस्टेंड कमांडेंट, धन्ना लाल, हेड कांस्टेबल, पप्पू कुमार, कांस्टेबल, दिवाकर कुमार पाण्डेय, कांस्टेबल और जरनैल सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का दूसरा बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 12.01.2008 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 174-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. परशुराम सिंह
   सब इंस्पेक्टर
2. राजेन्द्र राय (मरणोपरान्त)
   हेड कांस्टेबल
3. वासवा विजय कुमार (मरणोपरान्त)
   कांस्टेबल
4. राजेश कुमार जाट (मरणोपरान्त)
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 02.09.2008 की शाम में, थाना प्रभारी, कुसमी पुलिस थाना, जिला बलरामपुर ने दिनांक 03.09.2008 की सुबह से उत्तरी समरी के आम इलाके में दो दिनों हेतु नक्सल-विरोधी तलाशी कार्रवाई करने के लिए कुसमी में तैनात डी/81 बटालियन सी आर पी एफ की दो पलटनों की मांग की। तदनुसार, सब इंस्पेक्टर/जी डी परशुराम सिंह की कमान के तहत 48 व्यक्तियों सहित डी/81 बटालियन की दो पलटनें दिनांक 03.09.2008 को युक्तिपूर्वक सड़क के रास्ते 0600 बजे समरी-सबाग की ओर चलीं और 1000 बजे सबाग पहुँच गई जहाँ सब इंस्पेक्टर ब्रजेश तिवारी की कमान के तहत 20 पुलिसकर्मियों की सिविल पुलिस पार्टी उनके साथ शामिल हो गई। दोनों पार्टी कमाण्डरों ने विस्तार से कार्रवाई की योजना पर चर्चा की और सबाग में संयुक्त आधार शिविर स्थापित किया। संयुक्त पार्टी इसके आगे बंदरचुआँ की ओर बढ़ी और सबाग से लगभग 7-8 कि.मी. की यात्रा करने के बाद, पार्टी को दो डेटोनेटरों, एक नौ वोल्ट की बैटरी तथा 73 मीटर इलेक्ट्रिक तार के साथ लगभग 10-12 कि.ग्रा. विस्फोटक के भार वाले एक आई ई डी का पता चला जिसे बाद में निष्क्रिय कर दिया गया था।

दिनांक 04.09.2008 को डी/81 पलटन कमाण्डर सब इंस्पेक्टर/जी डी परशुराम सिंह और सिविल पुलिस के सब इंस्पेक्टर ब्रजेश तिवारी ने पार्टी के साथ नक्सलियों के इलाके में स्थिति, आसूचना जानकारियों, गतिविधियों की पद्धति और आश्रयस्थलों का विश्लेषण किया तथा भू-भाग के अनुसार उपयुक्त संरचना बनाते हुए चुनचुना की ओर बढ़े। जब वे एक पोखरी नाला से गुजर रहे थे तब अन्तिम सेक्शन नक्सलियों द्वारा किए गए आई ई डी धमाके की चपेट में आ गया। इसके बाद नक्सलियों द्वारा भारी गोलीबारी की जाने लगी। पार्टी ने तत्काल उपयुक्त मोर्चा संभाला और गोलीबारी शुरु कर दी। गोलीबारी की लड़ाई में हेड कांस्टेबल/जी डी राजेन्द्र राय और कांस्टेबल/जी डी वी. विजय कुमार शुरुआती गोलीबारी में ही गोलियों से घायल हो गए और वे घटनास्थल पर ही मारे गए। घायल होने की वजह से उनकी मृत्यु होने से पहले, उन्होंने ऐसी विपरीत परिस्थिति में भी अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

तथापि, कांस्टेबल/ जी डी राजेश कुमार जाट, जिन्होंने एल एम जी के साथ मोर्चा संभाल रखा था, ने जवाबी कार्रवाई की और अपने दाहिने हाथ पर गंभीर जख्म होने के बावजूद, भारी गोलीबारी करके नक्सलियों को व्यस्त रखा। यह क्रम लगभग एक घंटे तक चलता रहा। जख्म के बावजूद, कांस्टेबल राजेश कुमार जाट ने रेंगते हुए अपना मोर्चा बदल लिया और उन नक्सलियों पर बहादुरीपूर्वक गोलीबारी जारी रखी जो एल एम जी/ए के-47 से गोलियां बरसा रहे थे और एल एम जी की गोलीबारी को प्रभावी ढंग से निष्क्रिय करने में सफल हुए। लगभग डेढ़ घंटे की मुठभेड़ के समाप्त होने के बाद उनकी मृत्यु हो गई।

नक्सलवादी लगभग बीस सुरक्षित मोर्चों से गोलीबारी कर रहे थे। सब इंस्पेकटर/जी डी परशुराम सिंह (पार्टी कमाण्डर) ने उपयुक्त कवर एवं केन्द्रित गोलीबारी हेतु अपने साथियों का मार्गदर्शन करते हुए असाधारण वीरता एवं नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया तथा एक पार्टी कमाण्डर होने के नाते उनके द्वारा एच ई बमों का प्रयोग करना काफी अच्छा निर्णय था, जिसके परिणामस्वरूप एच ई द्वारा नक्सलियों के कुछ मोर्चे ध्वस्त हो गए और उनमें से कुछ जख्मी हो गए।

हमारी पार्टी की समग्र वीरतापूर्ण कार्रवाई से उनकी उच्च कोटि की पेशेवर क्षमता, आपसी सहयोग/समन्वय की बेहतर भावना और बहादुरीपूर्ण जवाबी कार्रवाई प्रदर्शित हुई जिससे नक्सली अपनी जान बचाने हेतु भागने पर मजबूर हो गए। इस मुठभेड़ में 10 राइफल ग्रेनेडों, हैण्ड ग्रेनेडों तथा एच ई बमों के अतिरिक्त डी/81 के सैन्यकर्मियों द्वारा 543 चक्र गोलियां चलाई गई थीं।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री परशुराम सिंह, सब इंस्पेक्टर, स्वर्गीय राजेन्द्र राय, हेड कांस्टेबल, स्वर्गीय वासवा विजय कुमार, कांस्टेबल और स्वर्गीय राजेश कुमार जाट, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 04.09.2008 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 175-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. गोनिली बाल कृष्ण,
   कांस्टेबल
2. समी उल्ला पंडित,
   कांस्टेबल
3. अमरदीप,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

तुजान गांव के इलाके में आतंकवादियों के मौजूद होने के संबंध में दिनांक 29.09.2007 को चरार-ए-शरीफ के एस डी पी ओ से जानकारी प्राप्त होने पर, कमांडेंट-181 बटालियन ने असिस्टेंड कमांडेंट श्री संजीव कुमार सिंह को अपनी सैन्य-टुकड़ियों के साथ इलाके की तलाशी/घेराबंदी करने का निदेश दिया। श्री अहमदउल्ला, डी/सी-181 बटालियन भी अपनी क्यू आर टी के साथ घटनास्थल पर पहुँच गए। 53 आर आर और आतंकवादियों के बीच 2300 बजे तक चली गोलीबारी के दौरान आतंकवादी मस्जिद में प्रवेश कर गए। लगभग 2315 बजे, 53 आर आर ने एक अथवा दूसरे कारणों से मस्जिद के घेरे से अपनी तैनाती हटा ली। ऐसी मजबूरी में एस डी पी ओ, चरार-ए-शरीफ ने श्री अहमदउल्ला, डी/सी से मस्जिद का घेराव करने का अनुरोध किया जिससे कि आतंकवादी बचकर भाग न सकें। क्यू आर टी 181 बटालियन और सिविल पुलिस के साथ जी/181 की पलटन ने सतर्क योजना के साथ मस्जिद को घेर लिया तथा कमांडेंट सी/181 से एस डी पी ओ द्वारा एक और कम्पनी की मांग की गई तथा श्री एन.एस. चौधरी, ए/सी की कमान के तहत तत्काल तैनाती भी कर दी गई।

श्री एस.के. शर्मा, कमांडेंट 181 बटालियन, सी आर पी एफ पार्टी (क्यू आर टी) के साथ घटनास्थल पर पहुँच गए और स्थिति की कमान संभाल ली। मस्जिद में दो दरवाजे थे। सुरक्षा एवं संरक्षा को ध्यान में रखते हुए, एक दरवाजे की सुरक्षा कांस्टेबल/जी डी जी. बालकृष्ण द्वारा और दूसरे की सुरक्षा कांस्टेबल/जी डी समीउल्ला पंडित, कांस्टेबल/जी डी अमरदीप और श्री संजीव कुमार सिंह, ए/सी द्वारा की जाने लगी।

अचानक एक आतंकवादी दरवाजे की ओर से मस्जिद से भागने लगा और सैन्यकर्मियों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। कांस्टेबल/जी डी जी. बालकृष्ण ने जवाबी गोलीबारी की और हिजबुल मुजाहिदीन के नजीर अहमद डार नामक एक आतंकवादी को मार गिराया। दूसरे आतंकवादी ने दूसरी तरफ के दरवाजे से श्री संजीव कुमार सिंह, असि. कमांडेंट पर भारी गोलीबारी शुरु कर दी। उक्त अधिकारी ने अपने हथियार से प्रतिशोधी गोलीबारी करते हुए कांस्टेबल/जी डी समीउल्ला पंडित और कांस्टेबल/जी डी अमरदीप को आतंकवादी पर गोली चलाने का आदेश दिया। आतंकवादी की ओर से भारी मात्रा में गोलीबारी के मद्देनजर, उपर्युक्त कांस्टेबलों ने उस पर सीधी सटीक गोली चलाकर आतंकवादी को व्यस्त रखा और हिजबुल मुजाहिदीन के खुर्शीद अहमद राथड़ नामक दूसरे आतंकवादी को मार गिराया।

अभियान की पूर्ण सफलता सुनिश्चित करने के लिए, श्री एन. भारद्वाज, डी आई जी पी सी आर पी एफ श्रीनगर, श्री एस.के. शर्मा, कमांडेंट-181 बटालियन, श्री पूरन सिंह, 2-आई/सी ने कमरा तलाशी दल का नेतृत्व किया और मैगजीन सहित एक ए के-47 राइफल, मैगजीन सहित एक 9 मि.मी. कार्बाइन, मैगजीन सहित एक चीनी पिस्तौल और एक टूटे हुए वायरलेस सेट के साथ मारे गए दो आतंकवादियों के शव बरामद किए।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री गोनिली बाल कृष्ण, कांस्टेबल, समीउल्ला पंडित, कांस्टेबल और अमरदीप, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 30.09.2007 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 176-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री राज कुमार,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 24.5.2009 को एस.पी. हजारीबाग के माध्यम से एक विश्वस्त सूचना प्राप्त हुई कि सशस्त्र नक्सलवादियों का एक दल हजारीबाग जिला में चौपारन पुलिस थाना के अन्तर्गत ददियाटोला गांव, जमुनियाताड़ी में धन उगाही कर रहा है। उपर्युक्त जानकारी के आधार पर, एस.पी. हजारीबाग के साथ श्री अजीत सांगवान, सेकण्ड इन कमांड-22 बटालियन द्वारा एक विशेष छापा/तलाशी अभियान की योजना बनाई गई थी। सैन्य दलों को अभियान के बारे में अवगत करा दिया गया था और वे 1530 बजे चौपारन पुलिस थाना पहुँच गए। एस.पी. हजारीबाग द्वारा रणनीति एवं योजना के बारे में संक्षिप्त ब्यौरा दिए जाने के बाद सी आर पी एफ सैन्यदल वाहनों से "इतखोरी" गांव की ओर चल पड़ा। वाहनों को "इतखोरी" गांव में छोड़ दिया गया था और सैन्य दल घने जंगल से होते हुए युक्तिपूर्वक पैदल 'ददियाटोला' गांव (जमुनियाताड़ी) की ओर चल पड़ा। लगभग 1730 बजे जब सी आर पी एफ सैन्यदल जमुनियाताड़ी गांव से तकरीबन 500 गज की दूरी पर पहुंचा, तो कांस्टेबल/जी डी हेमराज, जो अग्रणी संरचना में थे, ने अपनी दूरबीन से गांव की बांयी तरफ महिलाओं एवं बच्चों के एक जमावड़े को देखा। उसने अपनी आशंका के बारे में पलटन कमाण्डर को सतर्क किया कि शायद यह जमावड़ा नक्सलियों का धन उगाही केन्द्र हो सकता है। जानकारी की पुष्टि करने के बाद कम्पनी कमाण्डर ने अपने सम्पूर्ण सैन्यदल को सतर्क कर दिया और सब इंस्पेक्टर/जी डी बिशन दास को कहा कि वह अपनी अग्रणी पंक्ति को लेकर आगे बढ़ें और नजदीक से जमावड़े को घेरें ताकि गोलीबारी की स्थिति में महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। सतर्क

किए जाने पर सैन्य दल बुद्धिमतापूर्वक आगे बढ़ा और 3 से 4 फीट गहरे नाले में छिपते हुए जमावड़े की ओर आगे बढ़ा। जब सी आर पी एफ सैन्यदल जमावड़ा स्थल से लगभग 150 गज की दूरी पर था, तो एक महिला ने युक्तिपूर्वक आगे बढ़ रहे सैन्यदल को देख लिया ओर शोर मचा दिया "भागो-भागो पुलिस आ गयी"। तत्काल अग्रणी पंक्ति जमावड़े की ओर बढ़ी, उपयुक्त मोर्चा संभाला और उन्हें ललकारा। उसी समय एक नक्सल कमाण्डर, जिसने सुरक्षित मोर्चा संभाल रखा था, ने सी आर पी एफ दल पर गोलीबारी शुरु कर दी। सतर्क सैन्यदल विचलित नहीं हुआ और जमावड़ा स्थल की ओर सावधानीपूर्वक आगे बढ़ता रहा। आगे बढ़ने के दौरान उन्होंने पाया कि कुछ नक्सली पहाड़ी भू-भाग और घने जंगल की ओर बढ़ रहे हैं तथा कुछ दायीं, बांयी और सामने की पहाड़ी की ओर से गोलीबारी कर रहे हैं। कांस्टेबल/जी डी राज कुमार, जो अग्रणी पंक्ति में थे, रेंगते हुए सैन्य दल पर गोलीबारी कर रहे उग्रवादी से लगभग 50 गज की दूरी तक एकदम नजदीक पहुंच गए और तत्काल उसे मार गिराया। लगभग 35 वर्ष के इस उग्रवादी ने वर्दी पहन रखी थी। परन्तु दूसरे नक्सलवादी ने, जो मारे गए नक्सलवादी की सहायता कर रहा था, सी आर पी एफ सैन्यदल पर गोलीबारी जारी रखी, जिसके परिणामस्वरूप कांस्टेबल/जी डी राज कुमार अपनी बाँह के सामने की तरफ गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल होने के बावजूद, कांस्टेबल/जी डी राजकुमार ने काफी नजदीक से गोलीबारी जारी रखी, जिसके कारण नकसलियों ने अपने छिपे हुए मोर्चों को छोड़ दिया और पहाड़ी की ओर भागने लगे। इसी बीच, घायल कांस्टेबल/जी डी राज कुमार ने भाग रहे नक्सलियों को देख लिया, उनमें से एक को निशाना बनाया और उस एक नक्सली को मार गिराया। उग्रवादियों को मारने के बाद, उन्होंने यह कहते हुए कि "मुझे चोट लग गयी है" सहायता के लिए आवाज लगाई।

हेड कांस्टेबल/जी डी गणेश दास, जिसने उनकी आवाज सुनी, रेंगते हुए उनके पास पहुंचे और फिर उन्हें लगभग 30 गज पीछे सुरक्षित स्थान पर ले आए जहां कम्पनी कमाण्डर और घायल कांस्टेबल के दो अन्य साथियों ने खून के रिसाव को रोकने के लिए तीन काले पटकों (कपड़ा) से उनके जख्मी बांह को लपेट दिया। कम्पनी कमाण्डर ने तत्काल एस.पी. हजारीबाग को सूचित किया, जो पूरे अभियान की निगरानी कर रहे थे। एस.पी. हजारीबाग ने तुरन्त ओ सी, पुलिस स्टेशन चौपारन की कमान के तहत जे ए पी जवानों के एक दल तथा सात सी आर पी एफ जवानों की एक पार्टी को भेजा, जिन्होंने कांस्टेबल/जी डी राजकुमार को तत्काल प्राथमिक चिकित्सा के लिए चौपारन सरकारी अस्पताल तक पहुंचाया और उसके बाद उसे ऑपरेशन के लिए अपोलो अस्पताल रांची भेज दिया गया। इस बीच उग्रवादियों ने जंगल और पहाड़ी टीलों की आड़ लेकर सी आर पी एफ टुकड़ियों पर भारी गोलीबारी शुरु कर दी। इसके प्रत्युत्तर में कम्पनी कमाण्डर ने उन पर एक-एक करके 02 एच ई बम फेंकने का आदेश दिया। तब नक्सलियों ने घने जंगल, ऊबड़-खाबड़ जमीन, बरसाती नाला, ऊँची पहाड़ियों और अंधेरे का सहारा लेकर वापस भागना शुरु कर दिया। श्री अजीत सांगवान, सेकण्ड-इन-कमांड भी क्यू आर टी के साथ अतिरिक्त पुलिस बल के रूप में घटनास्थल पर पहुंच गए। सी आर पी एफ की टुकड़ियों ने 01 पैरा बम फेंका और सम्पूर्ण इलाके की तलाशी ली। तलाशी के दौरान, सी आर पी एफ टुकड़ियों ने .315

राइफल-01, .315 गोला-बारुद-28,303 गोला-बारुद-51, 9 मि.मी. गोला-बारुद-6, ए के-47 की पिस्तौल ग्रिप-01 और नक्सल साहित्य-01 से लैस अज्ञात नक्सलियों के दो शव बरामद किए।

इस मुठभेड़ में श्री राज कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 24.05.2009 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
संयुक्त सचिव

सं. 177-प्रेज/2011-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करती हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1.	नलिन प्रभात, उप महानिरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
2.	प्रवीण कुमार कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया</u>

दिनांक 30 जनवरी 2008 को पौ फटने से पहले, विशिष्ट खुफिया जानकरी के आधार पर जे के पी, सी आर पी एफ तथा 1 आर आर द्वारा वाटीपुरा के मलिक मोहल्ला को घेर लिया गया था। यह मोहल्ला, जिसमें सात मकान हैं, मुख्य गांव से 500 मीटर दूर है, काफी ऊँचे स्थान पर स्थित है, हिमाच्छादित (उस दिन) खेतों से घिरा हुआ है और पहाड़ी पीपल के पेड़ों के बीच है, जिसके कारण बुलेट प्रूफ वाहन वहाँ तक नहीं पहुंच सकते थे।

भोर होते ही जब सैन्यदलों ने आगे बढ़ते हुए घेरे की परिधि को कम करना शुरु किया तब विभिन्न मकानों में छिपे हुए आतंकवादियों ने सभी दिशाओं में भारी गोलीबारी शुरु कर दी। जब मोहल्ले के निकट पहुँचने को कोई चारा सैन्यदलों को नजर नहीं आया, तब डी आई जी (आपरेशन) श्री नलिन प्रभात ने सी आर पी एफ, जे के पी और आर आर के अधिकारियों के साथ बातचीत की और मोहल्ले में घुसने तथा पहुँचने के लिए निम्नानुसार दो हमला दलों को तैयार करने का निर्णय लिया:

दल-1

क) श्री नलिन प्रभात, डी आई जी आपरेशन

ख) एस आई तरनजीत सिंह, पी आई डी नं. ई एक्स के 046149

ग) कांस्टेबल परवेज अहमद, नं-431/ए पी 14वीं

घ) कांस्टेबल सुरेश कुमार, नं.-479/ए पी 14वीं

ङ) कांस्टेबल मुस्ताक अहमद, नं-369/के जी एम

च) नं.-041745432 कांस्टेबल/जी डी प्रवीण कुमार, 174 सी आर पी एफ

दल-2

क) एस आई मोहम्मद यूसुफ मीर, पी आई डी नं.-ए आर पी 046106

ख) कांस्टेबल आजाद अहमद राथर, नं.-1432/ए

ग) कांस्टेबल मेहराजुदीन, नं.-1063/ए

घ) कांस्टेबल राकेश कुमार, नं.-1047/ए

प्रथम दल ने, उन पर की जा ही गोलीबारी को नजरअंदाज करते हुए, बुलेट प्रूफ ढाल की आड़ लेकर ऊँचे स्थान की तरफ कीचड़दार ढ़लान से होकर मोहल्ले की ओर कूच किया। पहले मकान की एक पिछ्ली खिड़की को तोड़कर, श्री नलिन प्रभात ने अंदर प्रवेश किया जिनके पीछे दल के दूसरे सदस्य घुसे और उन्होंने आतंकवादियों को पास के मकान में घुसने पर मजबूर कर दिया। तब दूसरा दल दूसरे मकान (दक्षिणावर्त दिशा में) की ओर आगे बढ़ा और उसी तरह से उसको खाली कराकर कब्जे में ले लिया। अन्य चार मकान भी दोनों दलों द्वारा उसी तरीके से खाली कराकर कब्जे में ले लिए गए और आतंकवादियों को अंतिम मकान में इकट्ठा होने पर मजबूर कर दिया। पूरे समय तक कांस्टेबल प्रवीण कुमार डी आई जी के पीछे चिपके रहे और दल की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने साथी को पीछे से लगातार कवर प्रदान करते रहे।

श्री नलिन प्रभात ने विभिन्न रणनीतियों का प्रयोग किया और सिपाहियों को लक्षित मकान की छत पर गोलीबारी करने का निर्देश दिया। साथ-ही-साथ दो तरफ से प्रवेश कर अन्तिम प्रहार किया। दोनों हमला दल छिपे हुए आतंकवादियों, जो अपना अन्तिम प्रयास कर रहे थे और अंधाधुंध गोलियां बरसा रहे थे, की तरफ से अपनी जान की जोखिम की परवाह किए बगैर फुर्ती के साथ आगे बढ़े। फुर्ती के साथ तीव्र गति से किए गए हमले के परिणामस्वरूप अंततः सभी चारों आतंकवादियों को सफलतापूर्वक मार गिराया गया, जिनकी पहचान निम्नानुसार की गई:

(क) सज्जाद अहमद बट, जिला कमाण्डर

(ख) फारूक अहमद वार सभी हिजबुल मुजाहिदीन

(ग) जावेद अहमद मट्टू

(घ) फिरदौस अहमद वानी

निम्नलिखित बरामदगियां की गईं:-

(i)	ए के 47 राइफल	-	3
(ii)	चीनी पिस्तौल	-	1 (मैगजीन सहित)
(iii)	ए के मैगजीन	-	3
(iv)	ए के गोला-बारुद	-	74 राउण्ड
(v)	मैगजीन पाउच	-	2

यह बताना प्रासंगिक है कि सज्जाद बट ने जून, 06 में बद्रू नरसंहार को अंजाम दिया था, जिसमें 9 नेपाली मारे गए थे।

यह इस मायने में एक अत्यंत प्रभावशाली अभियान था कि इसमें न तो कोई समानान्तर क्षति हुई न ही अपनी तरफ से कोई हताहत हुआ और और इसे रेकार्ड समय में पूरा किया गया था, जबकि आतंकवादी वर्चस्व वाले इलाके में एक 'निर्मित क्षेत्र' में थे।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री नलिन प्रभात, उप महानिरीक्षक और प्रवीण कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/ पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 30.01.2008 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
संयुक्त सचिव

पंचायती राज मंत्रालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 28 नवम्बर 2011

संकल्प

संख्या-ई.11015/1/2010-हिन्दी : राजभाषा विभाग के कार्यालय ज्ञापन सं. II /20015/45/87- रा.भा.(क-2) दिनांक 15.03.1988, 4.5.1989, कार्यालय ज्ञापन सं. II /20015/64/89-रा.भा. (क-2) दिनांक 11.01.90, कार्यालय ज्ञापन सं./20015/6/92-रा.भा.(क-2) दिनांक 10.06.1992 तथा का.ज्ञा. सं./20015/4/2000-रा.भा. (नीति-2) दिनांक 31.5.2000 के अनुसार भारत सरकार एतद्द्वारा पंचायती राज मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति का गठन निम्नानुसार करती है:-

गठन

पंचायती राज मंत्री	अध्यक्ष

गैर सरकारी सदस्य

लोकसभा से दो संसद सदस्य

1. डॉ. प्रभा किशोर तावियाड	सदस्य
2. श्री प्रहलाद वैंकटेश जोशी	सदस्य

राज्य सभा से दो संसद सदस्य

3. श्री अविनाश पांडे	सदस्य
4. श्री समन पाठक	सदस्य

संसदीय राजभाषा समिति से दो संसद सदस्य

5. श्री सुरेश काशीनाथ टावरे, संसद सदस्य, लोक सभा	सदस्य
6. श्री गजानन डी. बाबर, संसद सदस्य, लोक सभा	सदस्य

केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद, एक्सवाई-68 सरोजनी नगर, नई दिल्ली के प्रतिनिधि

7. श्री मोहन प्रकाश दुबे 25/5, सेक्टर-1, पुष्प विहार, नई दिल्ली-110017	सदस्य

अखिल भारतीय हिन्दी संस्था संघ, सामुदायिक केन्द्र (दिल्ली नगर निगम) द्वितीय तल, 10788-89 झंडेवालान रोड, नबी करीम, नई दिल्ली-110055 के प्रतिनिधि

8. डॉ. एस. तंकमणि अम्मा (अध्यक्ष, केरल हिन्दी प्रचार सभा) मोनि मंदिरम, पो.ऑ. अनायारा, तिरूवनंतपुरम-695029 (केरल)	सदस्य

पंचायती राज मंत्रालय द्वारा नामित गैर सरकारी सदस्य

9. श्री अनुराग चतुर्वेदी, लेखक, कवि, पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता, 9, हिमालय, एन.सी.एच. कॉलोनी, कंजूर मार्ग (पश्चिम), मुम्बई-400078	सदस्य

10. श्री वेदव्यास, साहित्यकार — सदस्य
भूतपूर्व अध्यक्ष हिन्दी अकादमी,
राजस्थान साहित्य अकादमी
एवं राजस्थानी अकादमी
7/122, मालवीय नगर,
जयपुर- 302017

11. श्री गुलाब कोठारी — सदस्य
लेखक एवं प्रधान संपादक
राजस्थान पत्रिका,
केसरगढ़, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,
जयपुर- 302004

12. श्री नरेंद्र शर्मा — सदस्य
तिरंगा,368,
हैरिसगंज, कैंट,
कानपुर- 208004

<u>गृह मंत्रालय (राजभाषा विभाग) द्वारा नामित गैर-सरकारी सदस्य</u>

13. श्री जमालुद्दीन मोहम्मद यासीन संजर, — सदस्य
पुत्र श्री मोहम्मद यासीन संजर,
कमरा संख्या-3, सैक्टर एफ ,
ई-2 लेन, चीता कैम्प ,
ट्राम्बे, मुम्बई-400088, महाराष्ट्र
दूरभाष-09867364990)

14. श्री जोसफ चिरमाटिल, — सदस्य
एसईएस कॉलेज, श्रीकन्नदपुरम,
कन्नुर, केरल-673635
(दूरभाष: 0460-2265685,09495370084)

15. श्री अनुज भारद्वाज,
पुत्र श्री परशराम भारद्वाज,
ए-53/डी, पंचशील विहार,
मालवीय नगर,
नई दिल्ली-110017,
(दूरभाष : 09810465184,09808111157)

सरकारी सदस्य

राजभाषा विभाग (गृह मंत्रालय)

16. सचिव	सदस्य
17. संयुक्त सचिव	सदस्य

पंचायती राज मंत्रालय

18. सचिव	सदस्य
19. अपर सचिव	सदस्य
20. अपर सचिव	सदस्य
21. संयुक्त सचिव	सदस्य
22 संयुक्त सचिव	सदस्य
23. संयुक्त सचिव	सदस्य
24. निदेशक	सदस्य
25. निदेशक	सदस्य
26. उप सचिव	सदस्य
27. उप सचिव	सदस्य
28. संयुक्त निदेशक	सदस्य
29. आर्थिक सलाहकार	सदस्य सचिव

कार्यक्षेत्र

2. समिति का कार्य केन्द्रीय हिन्दी समिति और राजभाषा विभाग द्वारा सरकारी कामकाज के लिए हिन्दी के प्रयोग के संबंध में निर्धारित नीतियों को पंचायती राज मंत्रालय में कार्यान्वित करवाने के बारे में सलाह देना होगा।

कार्यकाल

3. समिति का कार्यकाल समिति के गठन की तारीख से, निम्नलिखित बातों के अधीन सामान्यत: तीन वर्ष का होगा, किंतु:-

(क) जो संसद सदस्य समिति के सदस्य हैं, वे संसद सदस्य न रहने पर इस समिति के सदस्य नहीं होंगे।

(ख) समिति के पदेन सदस्य अपने पद पर बने रहने तक ही समिति के सदस्य रहेंगे।

(ग) किसी सदस्य की मृत्यु हो जाने अथवा समिति की सदस्यता से त्याग पत्र दे देने के कारण खाली हुए स्थान पर मनोनीत सदस्य तीन वर्ष के कार्यकाल की शेष अवधि के लिए ही सदस्य होंगे।

मुख्यालय

4. समिति का मुख्यालय नई दिल्ली में होगा।

यात्रा भत्ता तथा अन्य भत्ते

5. राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन संख्या-II/20034/04/2005 रा.भा. (नीति-2) दिनांक 03 फरवरी,2006 द्वारा यह उल्लेख किया गया है कि चूंकि केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों द्वारा गठित हिंदी

सलाहकार समितियों में नामित 15 गैर-सरकारी सदस्यों में 06 संसद सदस्य होते हैं, अत: यात्रा/दैनिक भत्ता प्रावधान को अधिक स्पष्ट करते हुए निम्न प्रावधान किया जाता है:-

(क) समिति में नामित सांसदों को "संसद सदस्य (वेतन, भत्ता एवं पेंशन) अधिनियम, 1954" के प्रावधानों एवं समय-समय पर जारी किए गए संशोधनों तथा उनके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार यात्रा भत्ता तथा दैनिक भत्ता दिया जाएगा।

(ख) समिति के अन्य गैर-सरकारी सदस्यों को राजभाषा विभाग के दिनांक 22 जनवरी, 1987 के कार्यालय ज्ञापन में संख्या-II/20034/04/86-रा.भा. (नीति-2) निहित दिशा निर्देशों के अनुरूप और भारत सरकार द्वारा समय-समय पर संशोधित निर्धारित दरों एवं नियमों के अनुसार यात्रा भत्ता तथा दैनिक भत्ता देय होगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी सदस्यों ,सभी राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों, राष्ट्रपति सचिवालय, उपराष्ट्रपति सचिवालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, संसदीय कार्य मंत्रालय, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय ,योजना आयोग ,भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक ,महालेखाकार, केन्द्रीय राजस्व, निर्वाचन आयोग ,संघ लोक सेवा आयोग और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों को भेजी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को आम जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

अवतार सिंह सहोता
आर्थिक सलाहकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(उच्चतर शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली-110115, दिनांक 30 नवम्बर 2011

सं. एफ. 3-14/2011-यू. 3--यत: भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद् की गत परिषद् 26 सितम्बर, 2008 को गठित की गई थी, परिषद् की अवधि के 25 सितम्बर, 2011 को समाप्त होने पर, भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, 1972 के नियम 3 के अधीन भारत सरकार ने भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद् का निम्नलिखित सदस्यों के साथ संकल्प की तारीख की अवधि या पुनर्गठित परिषद् की प्रथम बैठक की तारीख से, जो भी पहले हो, पुनर्गठन करने का संकल्प पारित किया है :--

I. प्रो. बासुदेव चटर्जी — प्रो. बासुदेव चटर्जी ने भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद् के अध्यक्ष का कार्यभार 20.05.2011 से तीन वर्षों की अवधि के लिए संभाल लिया है ।

II. अठारह इतिहासकारों को भारत सरकार द्वारा नामित किया गया है :--

(i) प्रो. इक्तीदार आलम खान, तबन कॉलेज, 4/758, फ्रेण्ड्स कॉलोनी, दोधपुर, अलीगढ़-202002

(ii) प्रो. एम. एल. के. मूर्ति, 408, सुनैना आवर, एयर लाइन्स कॉलोनी, बापूजी नगर, न्यू बोवनपाली, सिकन्दराबाद-500011

(iii) प्रो. मरियम डोस्सल अल-डोस्सल, द्वितीय मंजिल, 50, पाली रोड, बान्द्रा (पश्चिमी), मुम्बई-400050

(iv) प्रो. हरिशंकर वासुदेवन, 5, अशरफ मिस्ट्रीलेन (लवलॉक स्ट्रीट, बालीगुंगे मिमिट्री कैंप), कोलकाता-700019

(v) प्रो. डी. नाथ, इतिहास विभाग, डिब्रूगढ विश्वविद्यालय, असम

(vi) प्रो. बी. सुरेन्द्र राव, अमृतावर्षिणी असैगोली, कोनाजे, मंगलागंगोत्री-574199, कर्नाटक

(vii) प्रो. बी. डी. चट्टोपाध्याय, 48, लारेंस स्ट्रीट, उत्तर पाड़ा,, जिला-हुगली-712259

(viii) प्रो. नारायणी गुप्ता, ई-75, मस्जिद मोठ (ग्रेटर कैलाश-3), नई दिल्ली-110048

(ix) प्रो. टी. आर. घोबल, इतिहास विभाग, मुम्बई विश्वविद्यालय, विद्यानगरी, सान्ताक्रुज (पूर्वी), मुम्बई-98

(x) प्रो. सुरंजन दास, कुलपति, कलकत्ता विश्वविद्यालय, कोलकाता-700073 (पश्चिम बंगाल)

(xi) प्रो. एन. राजेन्द्रन, डीन ऑफ आर्ट्स तथा प्रो. और अध्यक्ष, इतिहास विभाग, भारतीदासन विश्वविद्यालय, तिरूचिरापल्ली-24

(xii) प्रो. ए. सत्यनारायन, अध्यक्ष, इतिहास विभाग, ओस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद (आंध्र प्रदेश)

(xiii) प्रो. ओंकार प्रसाद जायसवाल, मैत्री शान्ति भवन, हाऊस नं. 6, बी. एम. दास, खजांची रोड, पटना-800004

(xiv) प्रो. एफ. ए. कादरी, इतिहास विभाग, उमसिंग मकिनोह, नेहू, शिलांग-793022

(xv) प्रो. एस. एन. दूबे, सेवानिवृत्त इतिहास प्रोफेसर, 28, विजय नगर, गौरव टॉवर के सामने, ज्ञान विहार स्कूल के पीछे, मालवीया नगर, जयपुर-302017

(xvi) प्रो. बी. पी. साहू, इतिहास विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, समाज विज्ञान भवन, दिल्ली-11007

(xvii) प्रो. आदित्य मुखर्जी, ऐतिहासिक अध्ययन केन्द्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली-110067

(xviii) प्रो. राजन गुरूकल, कुलपति महात्मा गांधी विश्वविद्यालय, कोटयम,

III. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के प्रतिनिधि

IV. महानिदेशक, भारतीय राष्ट्रीय संग्रहालय, जनपथ, नई दिल्ली-110001

V. महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, जनपथ, नई दिल्ली-110001

VI. चार व्यक्ति भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे :--

(i) सचिव (उच्चतर शिक्षा), उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

(ii) सचिव (संस्कृति), संस्कृति विभाग, संस्कृति मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

(iii) वित्तीय सलाहकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

(iv) निदेशक, भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण, मार्फत भारतीय संग्रहालय, 27, जवाहरलाल नेहरू रोड, कोलकाता-700016

(v) सदस्य सचिव, भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद्, 35, फिरोजशाह रोड, नई दिल्ली-110001

आदेश

एतद्द्वारा यह आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को आम सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

आर. पी. सिसोदिया

संयुक्त सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 30th November 2011

No. 135-Pres/2011—The following amendment is made in this Secretariat Notification No. 92-Pres/2008 dated 15th August, 2008 published in part-I Section-1 of the Gazette of India on 11th October, 2008 relating to the award of Police Medal for Meritorious Service :—

Page No. 54 of the Notification

For :

Shri Satbir Singh
Inspector
DMW/Patna
M/o Railways

Read :

Shri Satbir Singh
Inspector
DMW/Patiala
M/o Railways

BARUN MITRA
Joint Secy.

No. 136-Pres/2011—The President is pleased to award the Police Medal for Gallantry to the undermentioned officers of Andhra Pradesh Police :—

Name & Rank of the Officers

S/Shri

1. G Ramamohan Rao,
   Sub Inspector
2. K. Sudhakara Chary,
   Head Constable

Statement of service for which the decoration has been awarded

Shri G. Ramamohan Rao, O/s SI and Shri K. Sudhakara Chary, HC of Andhra Pradesh Police, SIB got credible information that Solipeta Kondal Reddy @ Tech Ramana, State Committee Member of CPI (Maoist) alongwith Platoon is moving in Bandala forest of Tadvai PS limits and planned an operation, left Tadvai alongwith District Special Party on 11.03.2010 and reached Dabbathoguvagu at 03.00 AM on 12.03.2010. Shri G Ramamohan Rao, SI and Shri K. Sudhakara Chary, HC carefully led the special party to the top of "Durgangutta" hillock and found some suspicious movements on the corner of a hill top. When Shri G Ramamohan Rao noticed a Maoist sentry, the local SI disclosed their identity and warned them to surrender. Not taking the plea, the Maoist sentry and their cadres started firing with an intention to kill police. The Police party took cover behind trees and boulders to escape firing.

At that movement, Shri G Ramamohan Rao, O/s SI and K. Sudhakara Chary, HC noticed a Maoist firing with an AK-47 Rifle and surrounded with an armed cadres. Shri G Ramamohan Rao identified him as Tech Ramana. Both the Police team jumped out from their covers without caring the safety and security of life and started burst firing over the Maoists who were pouring bullets and making a fierce attack on them. The action of the police team was almost a suicidal bid. Shri G Ramamohan Rao narrowly escaped from bullets fired by the Maoists. Couple of bullets just missed the neck of Shri K. Sudharkara Chary, HC. The exchange of fire lasted for minutes.

After the encounter Solipea Kondal Reddy @ Tech Ramana, State Committee Member of CPI (Maoist) was found dead. In this exchange of fire, the Police party seized Rifle AK-47 : 01, Magazine of Rifle AK-47 : 01, Kit Bags etc. : 02 Nos. from the site of encounter. After the exchange of fire on 12.03.2010, the police party searched the kit bags of the deceased and found the address of Door No. 4-1, Padiparru Village, Tanuku Mandal of West Godavari Distt. Bases on this clue, Shri G. Ramamohan Rao, SI and Shri K. Sudhakara Chary, HC alongwith Inspector of Police Bhupalapalli and Staff of Warangal District went to the said Village, caused searches and found the spare parts meant for assembling 1000 grenades and 6 rocket launchers/motors. This is the subject matter of Cr. No. 27/2010 of Tadvai PS.

In this encounter S/Shri G Ramamohan Rao, Sub Inspector and K. Sudhakara Chary, Head Constable displayed conspicuous gallantry, courage and devotion to duty of a high order.

These awards are made for gallantry under Rule 4(i) of the Rules governing the award of Police Medal and consequently carries with it the special allowance admissible under Rule 5, with effect from 12.03.2010.

BARUN MITRA
Jt. Secy.

